# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-03-06-2024

# भाजपा कार्यकर्ता को पीटने वाले सभासद गिरफ्तार

जासं.गोरखपुरः मतदान के दौरान बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता से विवाद करने के बाद घर पहुंचकर पिटाई करने वाले सभासद को पिपराइच थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में भाजपा कार्यकर्ता ने सभासद समेत पांच लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला,बलवा,मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था।

नगर पंचायत पिपराइच के सोनराइच उर्फ बड़े गांव बूथ पर शनिवार की दोपहर मतदान कराने को लेकर सपा समर्थक सभासद दीपक चौहान और भाजपा कार्यकर्ता ज्योति नारायण उर्फ गुड्डू हिंदू में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्ष में मारपीट हो गई हुई। सूचना मिलते ही एडीएम सुनील कुमार गौड़, एसपीओ संदीप सिंह, सीओ चौरी चौरा प्रशाली गंगवार फोर्स के साथ बूथ पर पहुंचे और कड़ी सुरक्षा में मतदान कराया गया। ज्योति नारायण सिंह ने पिपराइच थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घटना के बाद वह अपने घर चले गए और सो रहे थे।इसी बीच अपने स्वजन के साथ पहुंचे सभासद ने मारपीट की। दवा लेने जा रहे भांजे राजन सिंह व बहनाई को भी पीट दिया। इस मामले में पिपराइच थाना पुलिस ने दीपक चौहान उसके भाई विकास,मां मीना व दो अन्य के विरुद्ध मारपीट,बलवा व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी नार्थ जितेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह सभासद को पिपराइच थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के देवर सहित 27 पर केस

जागरण संवाददाता, पीपीगंज : भाजपा सभासद व कार्यकर्ताओं की पिटाई के मामले में पीपीगंज थाना पुलिस ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के देवर समेत 27 लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि केसरिया गमछा लगाने पर इन लोगों ने जानलेवा हमला, मारपीट व लूटपाट की।

**पीपीगंज में मतदान केंद्र के बाहर भाजपा नेताओं से मारपीट करने का है आरोप**

कस्बे के रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता बाबू निषाद उर्फ राजा ने पीपीगंज थाना पुलिस को बताया कि नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 भरवल गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा चुनाव का मतदान केंद्र बनाया गया था। भाजपा सभासद राधेकृष्ण निषाद व राजेश निषाद के साथ वह केसरिया गमछा लगाकर बूथ पर गए थे। इसका सपाइयों ने विरोध किया और मारपीट कर घायल कर दिया। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आयी है। पीपीगंज पुलिस ने घायल बाबू निषाद उर्फ राजा की तहरीर पर सपा नेता कैम्पियरगज विधानसभा प्रभारी साधु यादव के भाई व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चिंता यादव के देवर सुरेन्द्रनाथ यादव, रवि यादव, नागेन्द्र यादव, भोलू यादव उर्फ जयहिंद यादव, अखिलेश यादव, चंदन यादव तथा जिला पंचायत सदस्य सरोज देवी के बेटे राजीव रंजन चौधरी को नामजद व 20 अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला व लूट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।



लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद विश्वविद्यालय में बने स्ट्रांग रूम पर तैनात अर्द्धसैनिक व पुलिस के जवान।

# चार नामजद समेत 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

उनवल : खजनी थाना क्षेत्र के चौतरवां गांव के भजूराम निषाद का आठ वर्षीय पुत्र गोलू पट्टीदार पन्नेलाल निषाद के आम के बाग की ओर चला गया था। वहां उसे मारपीट दिया गया। भजूराम के विरोध पर आरोपितों ने परिवार के सभी सदस्यों की पिटाई की। घर की दीवार तोड़कर महिलाओं को पीटा गया। तहरीर के मुताबिक पुलिस ने पन्नेलाल निषाद, आनंद निषाद, राज, पिंटू और 10 अज्ञात के विरुद्ध बलवा, जानलेवा हमला, घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# छत पर सो रही महिला संग छेड़छाड़, केस

भड़हट (एसएनबी)। पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव में बच्चे साथ अपने छत पर सो रही महिला के पास आधी रात को गांव का युवक पहुंच कर छेड़छाड़ करने लगा।

> ■ शोर मचाने पर गांव के युवक ने धक्का देते हुए महिला को दी जानमाल की धमकी

महिला की नींद खुलने पर वह शोर मचाने लगी तो युवक धक्का देकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। इधर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है। सम्दार बुजुर्ग की एक पीड़िता के मुताबिक उसका पति बाहर रहता है तथा वह घर पर अकेली रहती है। शनिवार की रात्रि भोजन करने के बाद रोज की तरह वह अपने बच्चे के साथ छत पर सो रही है। रात करीब 12 बजे उसके छत पर गांव का ही श्रीनिवासन विश्वकर्मा पुत्र रामहरख विश्वकर्मा आ पहुंचा। सो रही महिला को इधर-उधर बैड टच करने लगा, तो उसकी आंख खुली और शोर मचाने पर आरोपी भागने लगा। पुलिस ने श्रीनिवासन के खिलाफ धारा 354, 504, 506 के तहत केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वाहन में शराब की पेटी लादते वीडियो प्रसारित

जासं, हरपुर बुदहट : शराब बंदी के दौरान एक वाहन पर शराब की पेटी लादते हुए का वीडियो इंटनेट मीडिया पर शनिवार को प्रसारित हुआ। जांच में हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कविसा चौराहे पर स्थित दुकान का मामला सामने आया। आबकारी विभाग की टीम ने दुकान पर छापेमारी करते हुए वहां से स्टाक रजिस्टर और सीडीआर को जब्त कर जांच के लिए ले गई।

लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार और शुक्रवार को शराब की दुकानों को बंद करने का निर्देश था। इसी बीच शनिवार की सुबह इंटरनेट मीडिया पर शराब की पेटी ले जाते हुए का एक वीडियो प्रसारित होने लगा। आबकारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि जांच कराई जा रही है। स्टाक रजिस्टर और सीडीआर कब्जे में ले लिया गया है। गड़बड़ी मिलने पर दुकान मालिक व अन्य के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# करमैनी में दो समुदाय आमने-सामने, पुलिस तैनात

जासं, भटहट : गुलरिहा थाना क्षेत्र के करम्हा बुजुर्ग के टोला करमैनी में रविवार की शाम दो समुदाय आमने-सामने हो गये। आरोप है कि एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की महिला को घर में खींचने की कोशिश की गई। सूचना के बाद भी गुलरिहा थानेदार व पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसी बीच किसी ने एसएसपी को घटना की सूचना दे दी। एसएसपी के निर्देश पर थानेदार और पुलिसकर्मी गांव पहुंचे। कुछ देर बाद एएसपी आलोक भाटी ने भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

दो दिन पहले खेत में पराली जलाने के विवाद में दो समुदायों में कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। दोनों पक्ष ने भटहट चौकी में तहरीर दी। पुलिस ने समझौता करा दिया। लेकिन विवाद थमा नहीं।

# मतगणना के दिन बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार (चार जून) को विश्वविद्यालय परिसर में होगी। मतगणना के दौरान परिसर के अंदर और बाहर भीड़ न हो इसको देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। मतगणना के दिन प्रत्याशी, मतगणना एजेंट और कर्मचारियों के लिए पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। एसपी यातायात संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा। रविवार को मातहतों के साथ इसको लेकर बैठक करने के साथ ही भ्रमण कर डायवर्जन प्लान तैयार किया गया।

**यहां खड़े होंगे वाहन :**

- मतगणना में लगे सभी कर्मचारीगण, सुरक्षाकर्मी और अन्य के वाहन विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो (प्राचीन इतिहास गेट) से परिसर में प्रवेश करेंगे।
- सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी/पत्रकारों के वाहन गेट नंबर-2 (प्राचीन इतिहास गेट) से परिसर में आएंगे।
- मतगणना कर्मचारी/पुलिसकर्मी/मीडियाकर्मी के अलावा सभी वाहन फुटबाल स्टेडियम ग्राउंड में खड़े होंगे।
- पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन विश्वविद्यालय मुख्य गेट से प्रवेश करके हैलीपैड ग्राउंड में पार्क होंगे।
- दैनिक जागरण तिराहा से छात्रसंघ भवन चौराहा तक नो-व्हीकल जोन रहेगा।
- मतगणना एजेंटों के वाहन नेपाल क्लब में/पुराना आरटीओ के पास पार्क होंगे।
- प्रत्याशी के एक वाहन को विश्वविद्यालय के सामने पंत पार्क के पास खड़ा कराया जाएगा।
- विश्वविद्यालय मुख्य गेट के सामने से आयकर भवन तिराहा तक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- छात्रसंघ भवन चौराहा होकर रोडवेज तक जाने वाली बसें मोहद्दीपुर चौराहा होकर रोडवेज बस डिपो जाएंगी।
- रोडवेज से छात्रसंघ भवन की ओर जाने वाले वाहन मोहद्दीपुर होते हुए गंतव्य तक जाएंगे।
- मोहद्दीपुर चौराहा से विश्वविद्यालय चौराहा तक आने वाले छोटे वाहन पांडेय पेट्रोल पंप से मुड़कर रेलवे स्टेशन होते हुए जाएंगे।



- **गोवि रोड पर पंत पार्क के पास खड़े होंगे प्रत्याशियों के वाहन**
- **बिना आदेश परिसर में किसी भी वाहन को नहीं मिलेगा प्रवेश**

# स्ट्रांग रूम के बाहर मुस्तैद हुई फोर्स, गठबंधन का भी डेरा

- **बनाया गया है त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा, अधिकारी कर रहे निगरानी**
- **अर्द्धसैनिक बल की पांच कंपनी मतगणना के दिन रहेगी तैनात**

जासं., गोरखपुर : विश्वविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में विधानसभावार रखे गए ईवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही पुलिसकर्मियों की 24 घंटे अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा कंट्रोल रूम बनाकर सीसी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। प्रेक्षक के साथ ही जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की भी व्यवस्था पर नजर है। इसके अलावा इंडी गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता भी रखवाली कर रहे हैं।

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था अर्द्धसैनिक बलों के हवाले है, लेकिन इंडी गठबंधन को अपने कार्यकर्ताओं पर अधिक भरोसा है। कहीं कोई चूक न हो, इसे लेकर कार्यकर्ताओं ने स्ट्रांग रूम के बाहर डेरा जमा लिया है। हाल यह है कि चार कार्यकर्ता पूरी रात जागकर स्ट्रांग रूम पर नजर रख रहे हैं। भीषण गर्मी में कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में बने स्ट्रांग रूम के बाहर कुर्सी लगा लिया है। गठबंधन के नेताओं का कहना है कि यह पहरा हाईकमान के निर्देश पर दिया जा रहा है। चार जून को होने वाली मतगणना के दिन कोई अव्यवस्था न हो इससे बचने के लिए पुलिस के अलावा पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बलों को रोका गया है। चुनाव कराने के लिए 28 कंपनी अर्द्धसैनिक बलों के जवान आए थे। ड्यूटी में लगे लोगों को छोड़ अन्य को रवाना कर दिया गया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं।



विवि में बने स्ट्रांग रूम के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था • जागरण

**सुरक्षा में तैनात है इतनी फोर्स**

एएसपी - 1
सीओ - 1
निरीक्षक - 3
उपनिरीक्षक - 16
मुख्य आरक्षी - 20
आरक्षी - 44
अर्द्धसैनिक बल - 1 प्लाटून

# कार्यकर्ता को पीटने वाले सभासद को गिरफ्तार

शनिवार की दोपहर में पिपराइच के सोनराइच में हुई थी घटना

gorakhpur@inext.co.in



GORAKHPUR (2 June): मतदान के दौरान बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता से विवाद करने के बाद घर पहुंचकर पिटाई करने वाले सभासद को पिपराइच थाना पुलिस ने रविवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया. दोपहर बाद सभासद का शांति भंग में चालान कर दिया.इस मामले में भाजपा कार्यकर्ता ने सभासद समेत पांच लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला,बलवा,मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था.

नगर पंचायत पिपराइच के सोनराइच उर्फ बड़े गांव बूथ पर शनिवार को दोपहर मतदान कराने को लेकर सपा समर्थक सभासद दीपक चौहान और भाजपा कार्यकर्ता ज्योति नारायण उर्फ गुड्डू सिंह में विवाद हो गया. कहासुनी के बाद दोनों पक्ष में मारपीट हो गई हुई. सूचना मिलते ही एडीएम सुनील कुमार गौड़, एसपीओ संदीप सिंह, सीओ चौरी चौरा प्रशाली गंगवार फोर्स के साथ बूथ पर पहुंचे और कड़ी सुरक्षा में मतदान कराया गया. ज्योति नारायण सिंह ने पिपराइच थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घटना के बाद वह अपने घर चले गए और सो रहे थे.इसी बीच अपने स्वजन के साथ पहुंचे सभासद ने मारपीट की. दवा लेने जा रहे भांजे राजन सिंह व बहनाई को भी पीट दिया. इस मामले में पिपराइच थाना पुलिस ने दीपक चौहान उसके भाई विकास,मां मीना व दो अन्य के विरुद्ध मारपीट,बलवा व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था. एसपी नार्थ जितेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह सभासद को पिपराइच थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया.

# दुकानदारों ने महिला चोर को पकड़ा

**NAI BAZAR.** झंगहा थाना क्षेत्र के नई बाजार में दुकानदारों ने चोरी कर भाग रही एक महिला चोर को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. नई बाजार में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगती है. इसमें कई महीनों से महिला व पुरुषों का एक रैकेट आता है जो कुछ दुकान्दारों के यहां सामान लेने के बहाने चोरी करता है. साप्ताहिक बाजार में मोबाइल फोन व पर्स आदि इनके निशाने पर रहता है. प्रत्येक बाजार में दर्जनों मोबाइल फोन व पर्स गायब हो जाते हैं. नई बाजार चौराहे के दुकान से चोरी कर भागते समय कुछ दुकानदार एक महिला चोर को पकड़ लिए.

# शराब बंदी में दुकान से पेटी ले जाते दिखे प्रधान, अबकारी विभाग ने मारा छापा

**HARPUR BUDHAT.** क्षेत्र के कविसा चौराहे पर ग्राम प्रधान चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन करते नजर आए. आरोप है कि शराब बंदी के दौरान प्रधान दुकान खोलकर शराब की पेटियों को अपनी गाड़ी में रखकर ले जा रहे है, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है. वीडियो सामने आने के बाद आबकारी विभाग हरकत में आया और शनिवार देर शाम दुकान में छापेमारी कर वहां से स्टॉक रजिस्टर तथा सीडीआर जब्त की. ग्रामीणों के अनुसार, शराब बंदी के बाद जब ग्रामीणों को देशी शराब की पेटियों को प्रधान द्वारा ले जाने की जानकारी मिली तो उन्होंने इसका विरोध भी किया था. इसी दौरान किसी ने इसका वीडियो बनाया और इसकी जानकारी आबकारी विभाग सहित उच्चाधिकारियों को दी.

इस संदर्भ में आबकारी इस्पेक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि वीडियो की जांच कराई जा रही है. स्टॉक रजिस्टर और सीडीआर कब्जे में लिया गया है.

# सपा नेता समेत कई के खिलाफ केस

**पीपीगंज (एसएनबी)।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भरवल गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ पर सपाइयों व भाजपा सभासद राधेकृष्णा और कार्यकर्ताओं को जानलेवा हमला करने के मामले में पीपीगंज पुलिस ने सात नामजद समेत 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

वार्ड नं 15 भरवल गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा चुनाव के दिन भरवल मतदान स्थल पर भाजपा सभासद राधेकृष्ण निषाद ,राजेश निषाद तथा बाबू निषाद केसरिया गमछा लगा कर चले गए। वहां मौजूद रहे सपाइयों ने इन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया था। बाबू निषाद उर्फ राजा को गंभीर चोट लगी थी और पीपीगंज पुलिस ने घायल बाबू निषाद की तहरीर पर सपा नेता सुरेन्द्र नाथ यादव,रवि यादव, नागेन्द्र यादव,भोलू यादव उर्फ जयहिंद यादव, अखिलेश यादव,चंदन यादव, राजीव रंजन चौधरी समेत 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 147, 148, 307, 323, 352,392 एवं 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही है। आरोपी जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि राजीव रंजन चौधरी का कहना है कि मुझे फर्जी तरीके से इस घटना में फंसाया गया है। इस संबंध में पीपीगंज थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि पीड़ित से तहरीर मिली थी मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

■ भरवल प्राथमिक विद्यालय पर हुई थी भाजपा नेता-कार्यकर्ताओं संग मारपीट

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के देवर सहित 27 पर केस दर्ज

**पीपीगंज में मतदान केंद्र के बाहर मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

PIPEEGANG. नगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 भरवल के प्राथमिक विद्यालय के बाहर शनिवार को हुए विवाद के मामले में पुलिस ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चिंता यादव के देवर सुरेन्द्र यादव सहित 27 लोगों पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है. आरोप है कि सपाइयों ने भाजपा सभासद और कार्यकर्ताओं को केसरिया गमछा लगाने के विवाद में जानलेवा हमला, मारपीट, लूटपाट किया था.

पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 भरवल गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा चुनाव का मतदान केंद्र बनाया गया था. भाजपा सभासद राधेकृष्ण निषाद व राजेश निषाद तथा बाबू निषाद केसरिया गमछा लगाकर बूथ पर गए थे इसका सपाइयों ने विरोध किया और बाद में इसको लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई. आरोप है कि सपाइयों ने मारपीट कर भाजपा सभासद व अन्य को घायल कर दिया था. इस घटना में भाजपा कार्यकर्ता बाबू निषाद उर्फ राजा को गंभीर चोट लगी थी. पीपीगंज पुलिस ने घायल बाबू निषाद उर्फ राजा की तहरीर पर सपा नेता कैंपियरगंज विधानसभा प्रभारी साधु यादव के भाई व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चिंता यादव के देवर सुरेन्द्रनाथ यादव के साथ ही रवि यादव, नागेन्द्र यादव, भोलू यादव उर्फ जयहिंद यादव, अखिलेश यादव, चंदन यादव तथा जिला पंचायत सदस्य का बेटा राजीव रंजन चौधरी को नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ धारा 147,148,307,323,352, 392, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है. पीपीगंज थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है.



# तीन सगे भाईयों के मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत पांच लाख की चोरी



## एम्स थाना क्षेत्र के नंदानगर में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**GORAKHPUR.** क्षेत्र के नंदानगर में शनिवार की रात इंजीनियर और उनके तीन सगे भाइयों के मकान का ताला व कुंडी काटकर चोर तीस हजार नकदी सहित लगभग 5 लाख से अधिक का आभूषण चुरा ले गए. सुबह नौकरानी के साफ-सफाई के लिए घर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई. सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के मुताबिक, रेलवे से रिटायर्ड जनार्दन प्रसाद का गुमटीटोला दुर्गामंदिर अंडरपास के पास मकान है. उनके चार लड़कों में बड़े लड़के कृष्णमोहन यूपीपीसीएल से रिटायर्ड होकर लखनऊ में रहते हैं. मझले लड़के ब्रजमोहन बीएसएनएल आजमगढ़ में डीजीएम हैं. तीसरे लड़के कृष्णानंद यूपीपीसीएल महाराजगंज में एसडीओ हैं, जबकि, एक बेवा बहू कानपुर में रहती है. नौकरी के चलते अक्सर मकान में ताला बंद रहता है. इसी का फायदा उठाकर चोर बीती रात घर में घुस गए और तबीयत से ताला व कुंडी काटकर कमरे की आलमारी, बक्सा, पलंग, तिजोरी व सूटकेस जो मिला जमकर खंगाला. सुबह नौकरानी के साफ-सफाई के लिए घर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई. एक भाई कृष्णानंद ने 30 हजार नकदी सहित झुमका, अंगूठी, माला, चांदी का पाजेब, चांदी का पांच जोड़ा पायल व 30 से अधिक चांदी का सिक्का चोरी चले जाने की सूचना दी है. चोरी की घटना की सबसे बड़ी बात यह रही कि चोर मकान में लगे सीसी कैमरे का तार काटकर डीवीआर अपने साथ उठा ले गए. पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है.

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के देवर सहित 27 पर केस दर्ज

**पीपीगंज में मतदान केंद्र के बाहर मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 June):** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 भरवल के प्राथमिक विद्यालय के बाहर शनिवार को हुए विवाद के मामले में पुलिस ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चिंता यादव के देवर सुरेन्द्र यादव सहित 27 लोगों पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है. आरोप है कि सपाइयों ने भाजपा सभासद और कार्यकर्ताओं को केसरिया गमछा लगाने के विवाद में जानलेवा हमला, मारपीट, लूटपाट किया था.

पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 भरवल गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा चुनाव का मतदान केंद्र बनाया गया था. भाजपा सभासद राधेकृष्ण निषाद व राजेश निषाद तथा बाबू निषाद केसरिया गमछा लगाकर बूथ पर गए थे इसका सपाइयों ने विरोध किया और बाद में इसको लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई. आरोप है कि सपाइयों ने मारपीट कर भाजपा सभासद व अन्य को घायल कर दिया था. इस घटना में भाजपा कार्यकर्ता बाबू निषाद उर्फ राजा को गंभीर चोट लगी थी. पीपीगंज पुलिस ने घायल बाबू निषाद उर्फ राजा की तहरीर पर सपा नेता कैंपियरगज विधानसभा प्रभारी साधु यादव के भाई व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चिंता यादव के देवर सुरेन्द्रनाथ यादव के साथ ही रवि यादव, नागेन्द्र यादव, भोलू यादव उर्फ जयहिंद यादव, अखिलेश यादव, चंदन यादव तथा जिला पंचायत सदस्य का बेटा राजीव रंजन चौधरी को नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है. पीपीगंज थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है.

# मतगणना के दिन बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, प्रवेश वर्जित

## बिना आदेश परिसर में वाहन को नहीं मिलेगा प्रवेश

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 June):** लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार (चार जून) को विश्वविद्यालय परिसर में होगी. मतगणना के दौरान परिसर के अंदर और बाहर भीड़ न हो इसको देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है. मतगणना के दिन प्रत्याशी, मतगणना एजेंट और कर्मचारियों के लिए पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई है. एसपी यातायात संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा. रविवार को मातहतों के साथ इसको लेकर बैठक करने के साथ ही भ्रमण कर डायवर्जन प्लान तैयार किया गया.

### यहां खड़े होंगे वाहन

- मतगणना में लगे सभी कर्मचारीगण, सुरक्षाकर्मी और अन्य के वाहन विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो (प्राचीन इतिहास गेट) से परिसर में प्रवेश करेंगे.
- सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी/पत्रकारों के वाहन गेट नंबर-2 (प्राचीन इतिहास गेट) से परिसर में आएंगे.
- मतगणना कर्मचारी/पुलिसकर्मी/मीडियाकर्मी के अलावा सभी वाहन फुटबाल स्टेडियम ग्राउंड में खड़े होंगे.
- पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन विश्वविद्यालय मुख्य गेट से प्रवेश करके हेलीपैड ग्राउंड में पार्क होंगे.
- दैनिक जागरण तिराहा से छात्रसंघ भवन चौराहा तक नो-व्हीकल जोन रहेगा.
- मतगणना एजेंटों के वाहन नेपाल क्लब में/पुराना आरटीओ के पास पार्क होंगे.
- प्रत्याशी के एक वाहन को विश्वविद्यालय के सामने पंत पार्क के पास खड़ा कराया जाएगा.
- मुख्य गेट के सामने से आयकर भवन तिराहा तक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा.
- छात्रसंघ भवन चौराहा होकर रोडवेज तक जाने वाली बसें मोहद्दीपुर चौराहा होकर रोडवेज बस डिपो जाएंगी.
- रोडवेज से छात्रसंघ भवन की ओर जाने वाले वाहन मोहद्दीपुर होते हुए गंतव्य तक जाएंगे.
- मोहद्दीपुर चौराहा से विश्वविद्यालय चौराहा तक आने वाले छोटे वाहन पांडेय पेट्रोल पंप से मुड़कर रेलवे स्टेशन होते हुए जाएंगे.

# स्ट्रांग रूम के बाहर मुस्तैद हुई फोर्स, गठबंधन का भी डेरा

### सुरक्षा के लिए बनाया गया है त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 June):** विश्वविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में विधानसभावार रखे गए ईवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था का इंतजाम किया गया है. अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही पुलिसकर्मियों की 24 घंटे अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है. इसके अलावा कंट्रोल रूम बनाकर सीसी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है. प्रेक्षक के साथ ही जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की भी व्यवस्था पर नजर है. इसके अलावा इंडी गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता भी रखवाली कर रहे हैं.

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था अर्द्धसैनिक बलों के हवाले है, लेकिन इंडी गठबंधन को अपने कार्यकर्ताओं पर अधिक भरोसा है. कहीं कोई चूक न हो, इसे लेकर कार्यकर्ताओं ने स्ट्रांग रूम के बाहर डेरा जमा लिया है. हाल यह है कि चार कार्यकर्ता पूरी रात जागकर स्ट्रांग रूम पर नजर रख रहे हैं. भीषण गर्मी में कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में बने स्ट्रांग रूम के बाहर कुर्सी लगा लिया है. गठबंधन के नेताओं का कहना है कि यह पहरा हाईकमान के निर्देश पर दिया जा रहा है. चार जून को होने वाली मतगणना के दिन कोई अव्यवस्था न हो इससे बचने के लिए पुलिस के अलावा पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बलों को रोका गया है. चुनाव कराने के लिए 28 कंपनी अर्द्धसैनिक बलों के जवान आए थे. ड्यूटी में लगे लोगों को छोड़ अन्य को रवाना कर दिया गया है. एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं.



**सुरक्षा में तैनात है इतनी फोर्स**

| | |
|---|---|
| एएसपी | 1 |
| सीओ | 1 |
| निरीक्षक | 3 |
| उप निरीक्षक | 16 |
| मुख्य आरक्षी | 20 |
| आरक्षी | 44 |
| अर्द्धसैनिक बल | 1 प्लाटून |

# दुकान में बंधे दो बकरे चोरी, पुलिस कर रही तलाश

HARPUR BUDHAT. क्षेत्र के कटसहरा चौराहे पर अंडे की दुकान में बंधे दो बकरे को चोर चुरा ले गए. पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने मे शिकायत दर्ज कराया है. शिकायत के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है. क्षेत्र के कटसहरा बाजार निवासी अब्दुल कादिर पुत्र अब्दुल हक जिनका चौराहे पर अंडे की दुकान है. शुक्रवार को वह दुकान बंद कर सोने चले गए. सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ है और दोनों बकरे गायब थे. एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा की शिकायत मिली है. चोरों के बारे में जानकारी लेकर खुलासा किया जायेगा.

# झंगहा में दुकानदारों ने महिला चोर को पकड़ा

ब्रह्मपुर/चौरीचौरा। झंगहा थाना क्षेत्र के नई बाजार में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इस बाजार में कई महीनों से महिला व पुरुष का एक रैकेट आता है। जिसमें कुछ बाजार में व कुछ दुकानदारों के यहां सामान लेने के बहाने चोरी करती हैं। साप्ताहिक बाजार में महंगे मोबाइल व पर्स आदि इनके निशाने पर रहता है। कुछ महिलाएं चोरी कर रही थी कि उसी समय महिला कुछ दुकानदारों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पूछताछ कर रही है।

# घर से निकली किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

चिलुआताल। चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी घर से लापता हो गई है। देर शाम तक नहीं लौटने पर परिजनों ने केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किशोरी की मां ने चिलुआताल पुलिस को बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 31 मई को भोर में करीब साढ़े तीन बजे घर से निकल गई। घंटों बाद तक वापस न आने पर परिवार के लोग परेशान होकर काफी ढूढ़ने का प्रयास किए, मगर कहीं कोई सुराग नहीं मिला।

# हत्यारोपितों की तलाश में संतकबीरनगर में दबिश

**फॉलोअप**

- बकरी चोरी कर भाग रहे बदमाशों ने पीछा कर रहे युवक की जान ली
- हत्या का केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुटी है पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बकरी चोरी कर भाग रहे बदमाशों द्वारा युवक की हत्या के मामले में पुलिस के पास अभी कोई सुराग नहीं है। पुलिस टीम ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आशांका है कि बदमाश संतकबीरनगर इलाके के रहने वाले हैं लिहाजा एक टीम उस इलाके में दबिश डाल रही है।

शनिवार की भोर में बोलेरो से बकरी चुराकर भाग रहे बदमाशों ने पीछा कर रहे पचौरी गांव के चाचा-भतीजे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इसमें गंभीर रूप से घायल भतीजे की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। पुलिस इस मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात पर केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी संतकबीनगर इलाके के हैं। जल्द ही आरोपी दबोच लिए जाएंगे।

# सो रही महिला से छेड़खानी, केस

भटहट। पिपराइच क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात छत पर सो रही महिला के साथ गांव के ही एक युवक ने छेड़खानी कर दी। पीड़िता ने बताया कि शोर मचाने वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने आरोपित श्रीनिवास के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पीपीगंज में मतदान केन्द्र के बाहर मारपीट में दर्ज हुआ मुकदमा

# सपा नेता के भाई समेत 27 पर हत्या के प्रयास का केस

**कार्रवाई**

**पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड सख्या 15 भरवल के प्राथमिक विद्यालय के बाहर शनिवार को हुए विवाद के मामले में पुलिस ने सपा नेता कैम्पियरगज विधानसभा प्रभारी साधु यादव के भाई व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चिंता यादव के देवर सुरेन्द्र यादव सहित 27 लोगों पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोप है कि सपाइयों ने भाजपा सभासद और कार्यकर्ताओं को केसरिया गमछा लगाने के विवाद में जानलेवा हमला, मारपीट, लूटपाट की थी।

जानकारी के अनुसार, भाजपा सभासद राधेकृष्ण निषाद व राजेश निषाद तथा बाबू निषाद केसरिया गमछा लगाकर बूथ पर गए थे। इसका सपाइयों ने विरोध किया और बाद में इसको लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि सपाइयों ने मारपीट कर भाजपा सभासद व अन्य को घायल कर दिया था। इस घटना में भाजपा कार्यकर्ता बाबू निषाद उर्फ राजा को गंभीर चोट लगी थी।

पीपीगंज पुलिस ने घायल बाबू निषाद की तहरीर पर सुरेन्द्रनाथ यादव के साथ ही रवि यादव, नागेन्द्र यादव, भोलू यादव उर्फ जयहिंद यादव, अखिलेश यादव, चंदन यादव तथा जिला पंचायत सदस्य का बेटा राजीव रंजन चौधरी को नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 148, 307, 323, 352, 392, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीपीगंज थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## वोट डालने के विवाद में हुई मारपीट में सभासद गिरफ्तार

**गोरखपुर।** नगर पंचायत पिपराइच के बूथ संख्या 266, 267 पर शनिवार को मतदान कराने को लेकर सपा समर्थक सभासद दीपक चौहान और भाजपा कार्यकर्ता ज्योतिन्द्र नारायण उर्फ गुड्डू हिंदू के बीच मारपीट में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दीपक चौहान को गिरफ्तार कर लिया। नगर पंचायत के सोनराइच उर्फ बड़ागांव वार्ड नम्बर दो में मतदान के दौरान शनिवार को भाजपा व सपा कार्यकर्ता के बीच मारपीट हो गई थी। पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता ज्योतिन्द्र नारायण की तहरीर पर दीपक चौहान, भाई विकास चौहान, मां मीना देवी व दो अन्य अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया। आरोप है कि दीपक सपा के पक्ष में वोट का दबाव बना रहा था। उधर, सभासद की मां मीना देवी ने भाजपा कार्यकर्ता के विरुद्ध तहरीर दी है।

**रूट डायवर्जन**

# यूनिवर्सिटी की तरफ कल नहीं जाएंगे वाहन, रहेगा डायवर्जन

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को गोरखपुर यूनिवर्सिटी में होनी है। इसके लिए सुबह छह बजे से लेकर मतगणना समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। छात्रसंघ चौक, ट्रांसफार्मर चौक, आरटीओ और आयकर भवन की ओर से यूनिवर्सिटी की ओर वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा।

## मतगणना के दौरान इन रास्तों से भेजे जाएंगे वाहन

■ पैडलेगंज से छात्रसंघ भवन चौराहा होकर रोडवेज तक जाने वाली बसें मतगणना होने तक मोहद्दीपुर चौराहा होकर रोडवेज बस डिपो जाएंगी। इसी प्रकार रोडवेज से छात्रसंघ भवन की ओर जाने वाली रोडवेज बसे विश्वविद्यालय चौराहा से मोहद्दीपुर चौराहा होकर जाएंगी। ■ मोहद्दीपुर चौराहा से विश्वविद्यालय चौराहा तक आने वाले छोटे वाहन पांडेय पेट्रोल पंप से दाहिनें मुड़कर जगदम्बा शक्तिपीठ तिराहा से रेलवे स्टेशन रोड होते हुए जाएंगे। ■ विवि से छात्रसंघ की तरफ जाने वाले दो पहिया/तीन पहिया/ चार पहिया एवं अन्य सभी प्रकार के वाहन डायवर्ट किए जाएंगे। यह सभी वाहन विश्वविद्यालय चौराहा से मोहद्दीपुर चौराहा/पार्क रोड/सिटी माल होकर जाएंगे। ■ मतगणना एजेन्ट केवल मुख्य द्वार से ही मतगणना स्थल जाने के लिए प्रवेश करेंगे।

## ड्यूटी वालों के वाहनों की यहां होगी पार्किंग

■ मतगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों के वाहन विश्वविद्यालय के गेट नंबर-2 से प्रवेश करेंगे। ■ मीडिया के वाहन भी विश्वविद्यालय के गेट नंबर-2 (प्राचीन इतिहास गेट) से प्रवेश करेंगे। ■ मतगणना कर्मचारी/ पुलिस कर्मी/ मीडिया व अन्य सभी कर्मचारियों के दो पहिया वाहन प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान एवं ललित कला भवन विश्वविद्यालय में पार्क होंगे। ■ सभी प्रशासनिक/ पुलिस अधिकारियों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गाड़ियां विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रवेश करके विश्वविद्यालय हैलीपैड ग्राउंड पर पार्क होंगी। ■ पुलिसकर्मियों, मतगणनाकर्मियों एवं मीडियाकर्मियों के चार पहिया वाहन गेट नंबर 2 (प्राचीन इतिहास गेट) से प्रवेश कर विश्वविद्यालय हेलीपैड ग्राउण्ड में पार्क होंगे।
■ प्रत्याशी का केवल एक चार पहिया वाहन विवि मुख्य द्वार के सामने पंत पार्क के पास पार्क होगा।



# तीन स्तरीय सुरक्षा में रखी ईवीएम की कड़ी निगरानी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार की देर रात तक स्ट्रांग रूम में ईवीएम को ताले में बंद कर कड़ी निगरानी शुरू कर दी गई। गोरखपुर विश्वविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम को सुरक्षित रखा गया है। ये मशीनें चार जून को सुबह स्ट्रांग रूम से बाहर निकाली जाएगी। तब तक स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हथियारबंद जवान करेंगे।

- सीसीटीवी कैमरे की मदद से कंट्रोल रूम से 24 घंटे रखी जा रही नजर
- अर्द्ध सैनिक बल और सशस्त्र पुलिस की भी की गई है तैनाती

स्ट्रांग में रखे ईवीएम की सीसीटीवी कैमरे की मदद से कंट्रोल रूप से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके बाद अर्द्ध सैनिक बल व सशस्त्र पुलिस के जवान को तैनात किया गया है। एक एसीपी, एक सीओ, तीन इंस्पेक्टर, 16 दरोगा, 20 हेड कांस्टेबल, 44 कांस्टेबल, एक प्लाटून सीएपीएस की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम के बाहर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है।

**पांच कंपनी अर्द्ध सैनिक बल रहेगी मुस्तैद** : लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 28 कंपनी अर्द्ध सैनिक सैनिक बल को बुलाया गया था। चुनाव के बाद इसमें से पांच कंपनी अर्द्ध सैनिक बल को चार जून को मतगणना कराने के लिए रोका गया है।



गोरखपुर विश्वविद्यालय में ईवीएम की सुरक्षा में तैनात पुलिस के जवान। ● हिन्दुस्तान

# मारपीट में एक पक्षीय कार्रवाई से व्यापारियों में नाराजगी

गोला (गोरखपुर)। कस्बे के चंद चौराहे पर स्थित जावेद इलेक्ट्रानिक दुकान पर पहुंचे ग्राहक व दुकानदार के बीच लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचकर तहरीर दिए, लेकिन पुलिस ने ग्राहक की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया और और व्यापारी पक्ष का नहीं दर्ज किया। जिस पर व्यापारी रविवार को थाने पहुंच गए और थानाध्यक्ष से मिलकर एक पक्षीय कार्रवाई करने पर आक्रोश जताया। पुलिस ने जांच कर केस दर्ज करने का आश्वासन दिया तब व्यापारी वापस लौटे।

बीते शुक्रवार की रात कस्बे के वार्ड संख्या 14 भीटी गांव निवासी चंद्रभान गौड़ के परिवार के लोग दुकान पर पहुंचे और कुछ सामान लिए। वे लोग कुछ रुपया उधार लगाना चाहते थे। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया।

रविवार को सुबह चंद्रभान अपने परिवार के लोगों के साथ दुकान पर पहुंचे और शुक्रवार की रात हुई घटना के बारे में दुकानदार से पूछने लगे। इसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और मारपीट हो गई। एक पक्ष से चंद्रभान के सिर में चोट लग गई व उनके पुत्र शिवप्रसाद के चेहरे पर खरोंच आ गई। दूसरे पक्ष से शहबान अली को चोट लगी है। ब्यूरो

# भगवा गमछे के विवाद में पूर्व जिपं अध्यक्ष के देवर समेत 27 पर केस दर्ज

पीपीगंज (गोरखपुर)। नगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 भरवल के प्राथमिक विद्यालय के बाहर शनिवार को भगवा गमछे को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में रविवार को पुलिस ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चिंता यादव के देवर सुरेंद्र यादव और एक हिस्ट्रीशीटर समेत 27 लोगों पर हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोप है कि सपाइयों ने भगवा गमछा लगाने पर भाजपा सभासद और कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला कर लूटपाट की थी।

## पीपीगंज में मतदान केंद्र के बाहर भगवा गमछे को लेकर हुई थी मारपीट

भरवल गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाया गया था। भाजपा सभासद राधेकृष्ण निषाद, राजेश निषाद और बाबू निषाद भगवा गमछा लगाकर बूथ पर गए थे। सपाइयों ने इसका विरोध किया। इसे लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि सपाइयों ने मारपीट कर भाजपा सभासद व अन्य को घायल कर दिया था। भाजपा कार्यकर्ता बाबू निषाद को गंभीर चोट लगी थी।

पुलिस ने घायल बाबू निषाद की तहरीर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चिंता यादव के देवर सुरेंद्र नाथ यादव के साथ ही रवि यादव, नागेंद्र यादव, भोलू यादव उर्फ जयहिंद यादव, अखिलेश यादव, चंदन यादव और जिला पंचायत सदस्य के बेटे राजीव रंजन चौधरी के अलावा 20 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ब्यूरो

# चुनावी भिड़ंत : सपा सभासद गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

### पिपराइच में शनिवार को पोलिंग बूथ पर मतदान को लेकर भिड़े थे सपा-भाजपा कार्यकर्ता

पिपराइच (गोरखपुर)। नगर पंचायत पिपराइच में मारपीट के केस में पुलिस ने रविवार को सपा समर्थक सभासद दीपक चौहान को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। यहां शनिवार को बूथ संख्या 266, 267 पर करीब ढाई बजे मतदान कराने को लेकर सपा समर्थक सभासद दीपक चौहान और भाजपा कार्यकर्ता ज्योति नारायण उर्फ गुड्डू हिंदू भिड़ गए थे।

पहले गाली-गलौज फिर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों ही पक्षों से कई लोग घायल हो गए थे। भाजपा नेता की तहरीर पर देर रात पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया था।

भाजपा नेता ज्योति नारायण ने आरोप लगाया था कि सभासद दीपक चौहान खुलेआम समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट डलवाने का दबाव बना रहा था। मना करने पर गाली देते हुए देख लेने की धमकी देने लगा।

वोट डालकर जब हम वापस आ रहे थे, तब दीपक ने समर्थकों के साथ मिलकर हमला बोल दिया। हमले में भाजपा नेता और उनके भांजे राजन सिंह को गंभीर चोट आई। इनके जीजा मुन्ना चौधरी को भी चोट आई है।

वहीं, दूसरे पक्ष से दीपक चौहान और उनकी मां मीना देवी ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अभी तक केस दर्ज नहीं किया है।

# मतगणना : घर से निकलें तो पहले जान लें रूट

## विश्वविद्यालय रोड पर पुलिस ने कल के लिए जारी किया डायवर्जन

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को विश्वविद्यालय परिसर में होनी है। इसको लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है।



जैसा कि मतगणना के दौरान परिसर के अंदर और बाहर नेताओं की भीड़ जुटी रहेगी। इसको देखते हुए विश्वविद्यालय परिसर के अंदर और बाहर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। प्रत्याशियों, मतगणना एजेंट और कर्मचारियों के लिए पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई है।

### यहां खड़े होंगे वाहन

- मतगणना में लगे सभी कर्मचारीगण, सुरक्षाकर्मी और अन्य के वाहन विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो से परिसर में प्रवेश करेंगे।
- सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी/पत्रकारों के वाहन गेट नंबर-2 से परिसर में आएंगे।
- मतगणना कर्मचारी/पुलिसकर्मी/मीडियाकर्मी के अलावा सभी वाहन फुटबाल स्टेडियम ग्राउंड में खड़े होंगे।
- पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन विश्वविद्यालय मुख्य गेट से प्रवेश करके हैलीपैड ग्राउंड में पार्क होंगे।
- पुराना आरटीओ तिराहा से छात्रसंघ भवन चौराहा तक नो-व्हीकल जोन।
- मतगणना एजेंटों के वाहन नेपाल क्लब/पुराना आरटीओ के पास पार्क होंगे।
- प्रत्याशियों के एक वाहन को पंत पार्क के पास खड़ा कराया जाएगा।
- विश्वविद्यालय मुख्य गेट के सामने से आयकर भवन तिराहा तक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- छात्रसंघ भवन चौराहा होकर रोडवेज तक जाने वाली बसें मोहद्दीपुर चौराहा होकर रोडवेज बस डिपो जाएंगी।
- रोडवेज से छात्रसंघ भवन की ओर जाने वाले वाहन मोहद्दीपुर होते हुए गंतव्य तक जाएंगे।
- मोहद्दीपुर चौराहा से विश्वविद्यालय चौराहा तक आने वाले छोटे वाहन पांडेय पेट्रोल पंप से मुड़कर रेलवे स्टेशन होते हुए जाएंगे।

# बुजुर्ग की हत्या बनी पहेली, नहीं दर्ज कराया केस

## बांसगांव इलाके में बृहस्पतिवार देर रात धारदार हथियार से हुई थी हत्या

अमर उजाला ब्यूरो

बांसगांव (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के मोहन बैदोली गांव में बुजुर्ग रामकिशुन (70) की बृहस्पतिवार को हुई हत्या के मामले में अब तक परिवार वालों ने केस नहीं दर्ज कराया है। परिवार वालों ने भूत, प्रेत और जानवर की कहानी सुनाकर पुलिस का उलझा दिया है, जिससे बुजुर्ग की हत्या पहेली बनी हुई है। पुलिस भी इस मामले को लेकर काफी परेशान है। पुलिस का कहना है कि अगर आगे कोई नहीं आया, तब क्षेत्र के चौकीदार से तहरीर

### परिवार ने भूत-प्रेत, जानवर की कहानी सुनाकर पुलिस को किया गुमराह

लेकर केस दर्ज किया जाएगा।

मृतक की पत्नी कर्मदानी के मुताबिक बृहस्पतिवार की रात पति खाना खाकर मेरे पास में ही चारपाई पर सो रहे थे। बड़ा लड़का जयराम पत्नी और बच्चों के साथ छत पर सो रहा था। छोटा बेटा धर्मेंद्र कुछ दूरी पर सो रहा था। सड़क उस पार खेत में बीच वाला बेटा सोने गया था। रात में पानी पीने उठी तो देखा पति रामकिशुन के मुंह और गर्दन के पास से खून निकल रहा था। चिल्लाने पर हमलावर ने पीछे से मेरी गर्दन पर वार कर दिया। इसके बाद उसके पीछे गई तो वह अचानक गायब हो गया।

**पुलिस को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार की थी तैयारी:** रामकिशुन की हत्या के बाद बेटों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर दी थी। तभी बांसगांव थाने पर ग्रामीणों ने सूचना दी और पुलिस पहुंच गई। परिवार में तीन बेटा, तीन बहू और पत्नी के होने के बाद भी अब तक किसी ने तहरीर नहीं दी।

# सुरक्षा ऐसी कि ईवीएम पर परिंदा भी पर न मार पाए

## कंट्रोल रूम बनाकर सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे की जा रही निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार की देर रात तक स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें ताले में बंद कर दी गईं। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम को सुरक्षित रखा गया है।

समस्त ईवीएम के एकत्रीकरण के बाद उन्हें निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में सील करने की कार्रवाई की गई। स्ट्रांग रूम का ताला अब मतगणना के दिन खुलेगा। यह मशीनें चार जून को सुबह स्ट्रांग रूम से बाहर निकाली जाएंगीं। तब तक स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हथियारबंद जवान करेंगे।

स्ट्रांग रूम में रखे ईवीएम की सीसीटीवी कैमरे की मदद से कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके बाद अर्द्ध सैनिक बल व सशस्त्र पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। एक एसीपी, एक सीओ, तीन इंस्पेक्टर, 16 दरोगा, 20 हेड कांस्टेबल, 44 कांस्टेबल, एक प्लाटून सीएपीएस की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम के बाहर भी जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। स्ट्रांग रूम के आसपास चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा।



ईवीएम की सुरक्षा में तैनात अर्द्ध सैनिक बल के जवान। संवाद

परिसर के अंदर होने वाली प्रत्येक गतिविधि को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड किया जाएगा। प्रशासन और पुलिस की ओर से परिसर में कई जगह गुप्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो। लोकसभा प्रत्याशी और उनके प्रतिनिधियों के लिए भी स्ट्रांग रूम के बाहर व्यवस्था की गई है। ताकि निष्पक्ष प्रक्रिया और ईवीएम की सुरक्षा को वे देख सकें।

### *विधानसभावार जमा की गईं मशीनें*

***लोकसभा** चुनाव में मतदान में उपयोग की गई ईवीएम का एकत्रीकरण विधानसभा वार अलग-अलग किया गया है। मतदान के दौरान तकनीकी समस्या वाली ईवीएम मशीनों को भी ताला लगा दिया गया है। चुनाव में उपयोग की गई अन्य अभिलेख एवं सामग्री को भी विधानसभा वार अलग-अलग सुरक्षित रखा गया है।*

### *पांच कंपनी अर्द्ध सैनिक बल रहेगी मुस्तैद*

***लोकसभा** चुनाव के लिए जिले में 28 कंपनी अर्द्ध सैनिक सैनिक बल को बुलाया गया था। चुनाव के बाद अर्द्ध सैनिक बल रवाना हो गई। इसमें से पांच कंपनी अर्द्ध सैनिक बल को चार जून को मतगणना कराने के लिए रोका गया है।*

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

S

# दारोगा की पिटाई से मृत दद्दन यादव की विधवा को दी 1.20 लाख रुपए की मदद

**देवरिया/बरहज(एसएनबी)।** बरहज थानांतर्गत सतराव पुलिस चौकी के इंचार्ज रहे वीरेंद्र कुशवाहा ने 20 मई को सतराव निवासी दद्दन यादव नामक युवक को अपनी दबंगई कायम रखने के लिए सरेआम डंडों से पिटाई किया। जिससे घायल दद्दन यादव की इलाजरत रहने के दौरान 21 मई 2024 को देवरिया मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गई।

दद्दन यादव की मृत्यु के बाद पुलिस ने 21 मई 2024 को ही दारोगा वीरेंद्र कुशवाहा के विरुद्ध दफा 302 एवं 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक दारोगा की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

मृतक दद्दन यादव के परिवार में अब शेष बची उनकी पत्नी सुमन और तीन दस वर्ष से कम उम्र की पुत्रियां हैं। जिनके मदद हेतु सोशल मीडिया पर सपा के पूर्व जिला प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव द्वारा अभियान छेड़ने के बाद कौड़ीराम दीसा निवासी दुर्गेश मदन यादव ने थाइलैंड में कार्यरत अपने साथियों से मदद की अपील की जिसके उपरांत प्राप्त एक लाख बीस हजार रुपए का चेक दुर्गेश मदन यादव ने सतराव पहुंच दद्दन यादव की विधवा पत्नी सुमन देवी को सौंपते हुए कहा कि आगे भी जरूरत पड़ने पर वे मदद को तत्पर रहेंगे।



पुलिस की पिटाई से मृत दद्दन यादव की पत्नी को आर्थिक सहायता देते सपा नेता एवं अन्य।

यहां उल्लेखनीय है कि दुर्गेश मदन यादव इससे पूर्व भी रुद्रपुर के फतेपुर में प्रेम यादव की हत्या के बाद उनके घर पहुंच अपने साथियों के सहयोगोपरांत सात लाख बीस हजार रुपए की मदद दे चुके हैं। पुलिस पिटाई से मृत दद्दन यादव की विधवा सुमन को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष उदयप्रकाश यादव ने भी दो हजार एक सौ रुपए की मदद किया।

इसके पहले पूर्व सांसद बालेश्वर यादव द्वारा ग्यारह हजार रुपए, डॉ. दिलीप यादव पूर्व जिला सपाध्यक्ष द्वारा पांच हजार रुपए, भी महेंद्र द्वारा पांच हजार रुपए, चंद्रभूषण सिंह यादव द्वारा दो हजार पांच सौ रुपए, विजयसेन यादव एडवोकेट द्वारा एक हजार रुपए, रामकैलाश यादव द्वारा एक हजार रुपए, संजय सिंह द्वारा एक हजार रुपए का सहयोग पीड़ित परिवार से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर अथवा आनलाइन दिया जा चुका है।

दद्दन यादव की विधवा पत्नी सुमन को उक्त लोगों के अतिरिक्त भी आनलाइन बहुत सारे लोगों द्वारा मदद प्रदान किया जा रहा है।

सतराव पहुंच दुर्गेश मदन यादव द्वारा एक लाख बीस हजार रुपए का चेक सौंपते समय पूर्व जिला सपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप यादव, पूर्व जिला सपा अध्यक्ष गेनालाल यादव, सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन रामप्यारे यादव, पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव, डीसीएफ के पूर्व चेयरमैन अशोक यादव, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष उदयप्रकाश यादव, जयसिंह यादव, जितेंद्र यादव बुलबुल, सुरेश नारायण सिंह, प्रेम यादव, अर्जुन यादव, अभिनव यादव, सुभाष चंद आदि मौजूद रहे।

# राजकीय बाल गृह से फरार तीन किशोर बरामद

**देवरिया(एसएनबी)।** शनिवार की सुबह राजकीय बाल गृह से फरार तीनों किशोर को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देवरही मंदिर परिसर से बरामद कर लिया। पुलिस ने इसकी सूचना देकर राजकीय बाल गृह के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और उन्हें तीनों किशोर को सौंप दिया। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

मालूम हो कि शहर के कोतवाली रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रह रहे तीन किशोर शनिवार की सुबह उत्तरी बाउंड्री को फांद कर एक साथ फरार हो गए थे। इसकी जानकारी बाल गृह के कर्मचारियों को होते ही हड़कंप मच गया।

राजकीय बाल गृह के अधीक्षक ने इसकी जानकारी बाल संरक्षण अधिकारी को दी। इसके बाद पुलिस ने फरार तीनों किशोर की तलाश शुरू कर दी। शनिवार की रात 8 बजे के करीब पुलिस ने शहर के कसया बाईपास रोड स्थित देवरही मंदिर से उन्हें बरामद कर लिया।

इस सम्बंध में पूछे जाने पर सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि फरार तीनों किशोर को देवरही मंदिर से बरामद कर लिया गया। इसके बाद उन्हें पुनः राजकीय बाल गृह में दाखिल कर दिया गया।

डीपीओ अनिल कुमार सोनकर ने बताया कि फरार किशोर देर शाम बरामद हो गए हैं। राजकीय बाल गृह की उत्तरी दीवार को और ऊंचा कराने की दिशा में पहल की जा रही है। शीघ्र उसे ऊंचा करवा दिया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना फिर न हो सके।

# गौ तस्कर को ग्रामीणों ने पकड़ा, मौका पाकर फरार

देवरिया(एसएनबी)। सदर कोतवाली अंतर्गत ग्राम गोबराई खास वार्ड नंबर 3 में गौ तस्करी का मामला सामने आया है। तस्करी कर रहे एक गौ तस्कर को ग्रामीणों ने शनिवार को पकड़ लिया, लेकिन मौका पाकर ग्रामीणों की चंगुल से तस्कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर तस्करी कराने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव निवासी एक व्यक्ति कई महीने से एक तस्कर के साथ मिलकर गौ तस्करी कर रहा है। वह प्रतिदिन रात में गौ तस्करी का काम करता है। ग्रामीण काफी दिनों से उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह उनके हत्थे नहीं चढ़ रहा था। शनिवार की रात को वह एक तस्कर के साथ तीन गायों का तस्करी कर रहा था कि इसकी सूचना मिलने के बाद अचानक वहां ग्रामीण पहुंच गए और तस्कर को पकड़ लिया, जबकि गांव का व्यक्ति फरार हो गया। वहीं कुछ देर में तस्कर भी मौका पाकर फरार हो गया।

ग्रामीणों ने तस्कर के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बाल सदन से फरार तीनों किशोर मिले

हि फॉलोअप

- तीनों किशोरों को ढूंढने में लगे थे पुलिस, चाइल्ड लाइन और बाल सदन के कर्मी
- किशोरों के मिलने के बाद अधिकारी और पुलिस ने ली राहत की सांस

> राजकीय बाल सदन से तीन किशोरों के शनिवार की सुबह दीवार फांदकर फरार हो गये थे। शाम को अधीक्षक व बाल सदन के कर्मी उन्हे देवरही मंदिर परिसर से ढूढ निकाला। इसकी सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद तीनों किशोरों को बाल सदन को सौंप दिया।
>
> -**अनिल कुमार सोनकर**, जिला प्रोबेशन अधिकारी

**देवरिया, निज संवाददाता।** राजकीय बाल सदन की दीवार फांदकर फरार हुए तीनों किशोर शनिवार की शाम को मिल गये। फरार हो गये। तीनों शहर के देवरही मंदिर परिसर में बैठे हुए थे। उन्हे सदर कोतवाली पुलिस और अधीक्षक बाल सदन लेकर आये। तीनों किशोरों को ढूंढने को पुलिस, चाइल्ड लाइन और बाल सदन के कर्मी लगे हुए थे। किशोरों के मिलने से अधिकारी और पुलिस ने ली राहत की सांस ली।

सदर कोतवाली क्षेत्र में राजकीय बाल सदन में कुल 27 बच्चे रह रहे थे। वर्ष 2022 में तीन अनाथ किशोरों को भी राजकीय बाल सदन में लाया गया। शनिवार की सुबह करीब आठ बजे बाल सदन के बच्चे कक्षों से निकले। इस दौरान तीन किशोर बाल सदन के उत्तर तरफ की चाहरदीवारी फांदकर फरार हो गये। करीब 9 बजे बाल सदन के बच्चों की गिनती के दौरान 27 में 24 के होने की जानकारी मिली। रजिस्टर से मिलान करने पर तीन किशोर गायब मिले। दीवार फांदकर तीन किशोरों के गायब होने की सूचना से बाल सदन में हड़कंप मच गया। अधीक्षक रामकृपाल मौर्य ने इसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा देवरिया, गोरखपुर की चाइल्ड लाइन, रेलवे पुलिस एवं आला अधिकारियों को दी। डीपीओ ने डीएम, एसपी को बाल सदन से तीन किशोरों के फरार होने की जानकारी दी। देवरिया-गोरखपुर की चाइल्ड लाइन की 14-14 सदस्य फरार बच्चों की खोजबीन करने लगे। किशोरों के फरार की अधीक्षक रामकृपाल मौर्य ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। अधीक्षक व बाल सदन के कर्मी शनिवार की शाम को ढूढ़ते हुए सिंधी मिल कालोनी के देवरही मंदिर पहुंचे। वहां पर तीनों बच्चे पोखरे के किनारे चबूतरे पर बैठे थे। उनकी सूचना कोतवाली पुलिस पहुंची।

# महिला का गला दबाने पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

- शहर के पिपरपाती की रहने वाली महिला के साथ हुई घटना
- मुकदमा दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी को पुलिस की दबिश

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के पिपरपाती की रहने वाली महिला की गला दबाकर एक युवक ने हत्या करने का शनिवार को प्रयास किया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर कोतवाली पुलिस गिरफ्तारी में जुट गई है। हालांकि देर शाम तक आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

पिपरपाती मस्जिद के समीप की रहने वाली अंजू श्रीवास्तव पत्नी मनीष श्रीवास्तव का आरोप है कि शाम को उनके घर राम गुलाम टोला का रहने वाला कौशल राजभर आया और उनका गला दबाने लगा। जब वह विरोध की तो आरोपित ने उनकी पिटाई की। बीच बचाव करने के लिए बेटी रिदमिया श्रीवास्तव आई तो उसकी भी आरोपित ने पिटाई की। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि आरोपित कौशल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## गर्म पानी फेंकने के मामले में मुकदमा

देवरिया: महुआडीह के बरनई गांव में सोते समय अधेड़ गर्म पानी फेंकने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही जांच शुरू कर दी है। गांव की दुर्गावती देवी ने पुलिस को तहरीर दी है, आरोप लगाया है कि ससुर सुखारी प्रसाद 26 मई की रात को सोए थे। बगल की गीता देवी ने गर्म पानी फेंक दिया, जिससे वह झुलस गए। पुलिस ने गीता देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दारोगा की गिरफ्तारी को सपा की चेतावनी

- पीड़ित परिवार से मिला सपा का प्रतिनिधि मंडल, न्याय दिलाने का आश्वासन
- 20 मई की रात दारोगा ने की थी युवक की पिटाई, बाद में हो गई थी उसकी मृत्यु

जागरण संवाददाता, सतरांव: दारोगा की पिटाई से हुई युवक की मृत्यु के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। सोमवार को पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव व गेंदालाल यादव के नेतृत्व में मृतक ददन यादव के घर सपा का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा और परिवार के लोगों से मिलकर सांत्वना दी। साथ ही न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। एक सप्ताह में आरोपित की गिरफ्तारी न होने पर उग्र आंदोलन करने की प्रशासन को चेतावनी भी दी।

सतरांव के रहने वाले ददन यादव की 20 मई की रात तत्कालीन चौकी प्रभारी वीरेन्द्र कुशवाहा की पिटाई से मृत्यु हो गई थी। इस मामले में दारोगा व तीन अज्ञात सिपाहियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज है। रविवार को सपा का प्रतिनिधि मंडल घर पहुंचा और परिवार को 1.20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव ने पत्नी से कहा कि हम सभी आपके साथ हैं। यदि एक सप्ताह के अंदर दारोगा की गिरफ्तारी नहीं होती है तो सपा कार्यकर्ता सतरांव में पुलिस चौकी के सामने धना देंगे। पत्नी सुमन ने कहा कि मुझे और मेरे बच्चों को न्याय मिले और निर्दोष पति की बेरहमी से मारने वाले दारोगा की गिरफ्तार कर सजा दिलाई जाए। दुर्गेश यादव, रामप्यारे यादव, चंद्रभूषण यादव, अशोक यादव, हंसनाथ यादव, समसुल अंसारी, प्रेमप्रकाश यादव, उदय प्रकाश यादव, अभिनव यादव, धनु यादव मौजूद रहे।



सतरांव मे मृतक ददन के स्वजन से मिलता सपा का प्रतिनिधि मंडल • जागरण

# छेड़खानी में आठ के खिलाफ केस दर्ज

सुरौली। थाना क्षेत्र सुरौली के एक गांव की महिला ने तहरीर देकर आठ लोगों के खिलाफ मारपीट करने, कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। महिला ने तहरीर देकर कहा है कि गांव के कुछ लोग गोलबंद होकर मेरे दरवाजे पर आए और मेरे घर में घुस कर मुझे मारपीट कर घायल कर दिया तथा कपड़ा फाड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही बबलू राजभर, रामअधार, हरदेव, श्रीराम, मालती, प्रियंका, सुधा व अंजनी के खिलाफ मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी से छेड़खानी जानमाल की धमकी

महुआडीह। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मामा के घर रहकर पढ़ाई करती है। आरोप है कि जब किशोरी के लिए निकलती है तो क्षेत्र का एक युवक उसके साथ अश्लील हरकत, छेड़खानी करता है। युवक ने 30 मई को किशोरी और उसके परिजनों जान से मारने धमकी का मैसेज भेजा। किशोरी के परिजन शिकायत करने पहुंचे तो उसके परिवार वाले लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया।

# शहर के दो स्थानों पर होगी मतगणना



महाराजा अग्रसेन इंका में मतगणना के लिए की गई बैरिकेडिंग और स्ट्रांग रूम के पास मुस्तैद सीआरपीएफ का जवान।

- **प्रत्येक विधानसभा के लिए लगी हैं चौदह टेबल, प्रत्येक टेबल पर चार-चार कर्मी**
- **मतगणना के लिए कर्मचारियों को पहले ही दिया जा चुका है प्रशिक्षण**

**देवरिया, निज संवाददाता।** जिले में सातवें व अंतिम चरण में 1 जून को संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के बाद जिला प्रशासन 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी में जुट गया है। जिले में दो स्थान देवरिया सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और महाराजा अग्रसेन इंका में मतगणना होगी। इसके लिए बैरिकेडिंग आदि का काम पूरा कर लिया गया है।

देवरिया सदर, बांसगांव व सलेमपुर संसदीय क्षेत्र से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के बाद पोल्ड ईवीएम को शहर में देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल व महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में रखा गया है। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में रुद्रपुर, भटपाररानी, सलेमपुर व बरहज विधनसभा क्षेत्र की पोल्ड ईवीएम रखा गया है। इसी प्रकार देवरिया, पथरदेवा व रामपुर कारखाना विधनसभा क्षेत्र का पोल्ड ईवीएम देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। वहीं सातों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए कुल 14-14 टेबल बनाए गए हैं। इस प्रकार कुल 98 टेबल लगाए गए हैं। इसके लिए कुल 392 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें एक मतगणना सुपरवाइजर, एक माइक्रो आब्जर्वर दो मतगणना सहायक की ड्यूटी लगाई गई है।

सभी को मतगणना संबधी प्रशिक्षण दे दिया गया है। इसके अलावा सातों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी के टेबल पांच-पांच कार्मिकों की तैनाती रहेगी।

**विधानसभा वार इतने राउंड में होगी मतगणना:** देवरिया, रुद्रपुर व सलेमपुर विधानसभा की 25 राउंड, पथरदेवा व बरहज में 26 राउंड में मतगणना होगी जबकि रामपुर कारखाना और भाटपाररानी की मतगणना 27-27 राउंड चलेगी।

इसी प्रकार देवरिया संसदीय क्षेत्र के फाजिलनगर व तमकुहीराज विधान सभा क्षेत्र में बूथों की संख्या अधिक होने से दोनों जगह 29-29 राउंड में मतगणना होगी। इन दोनों विधानसभाओं की मतगणना कुशीनगर जिले में होती है।

## मतगणना पर एक नजर

| | |
|---|---|
| मतगणना सुपरवाइजर | 133 |
| मतगणना सहायक | 133 |
| मतगणना चतुर्थ सहायक | 133 |
| मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर | 133 |

## पोस्टल बैलेट की गणना में

| | |
|---|---|
| मतगणना सुपरवाइजर | 13 |
| मतगणना सहायक प्रथम | 13 |
| मतगणना सहायक द्वितीय | 13 |
| मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर | 13 |

## सुबह 6.30 बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम का ताला

देवरिया। जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 4 जून को प्रातः 6:30 बजे मतगणना हेतु स्ट्रांग रूम का ताला खोला जायेगा। इस दौरान निर्वाचन में प्रतिभाग कर रहे समस्त प्रत्याशियों अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य है।

# मतगणना के चलते शहर में रहेगा रूट डॉयवर्जन

**देवरिया, निज संवाददाता।** मतगणना के दौरान शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। मतगणना केंद्र बनाए गए महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और डीएसएस के पास से कोई वाहन नहीं जा सकेगा।

शहर में सुबह छह से शाम छह बजे तक रुट डायवर्जन किया गया है। डीएम आवास के सामने से कोतवाली रोड, जलकल रोड तक वन वे रहेगा। कोतवाली चौराहे से सब्जीमंडी तक जाने वाला रास्ता बंद रहेगा। जलकल चौराहे से न्यू कालोनी जाने वाला रास्ता बंद रहेगा। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के समीप बैरिकेटिंग कर रास्ता रोक दिया जाएगा। शिवमंदिर से पुराना पोस्टमार्टम हाउस से महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज तक जाने वाला रास्ता भी बंद होगा। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज से होकर ट्यूबेल कालोनी का रास्ता बंद रहेगा। कसया रोड स्थित बालाजीं मंदिर से आने वाला रास्ता वनवे होगा। गोरखपुर से सलेमपुर, बरहज जाने वाले वाहनों को बैतालपुर पुलिस चौकी से डायवर्ट होकर पाण्डेयचक चौराहा, डुमरी, भीमपुर नहर होकर जाएगी। सलेमपुर और बरहज से गोरखपुर जाने वाले वाहन सोनूघाट, महुआनी, भीखमपुर रोड होते हुए डुमरी के रास्ते बैतालपुर पुलिस चौकी की तरफ से जाएंगे। कसया रोड पर कोई भी भारी वाहन नहीं जाएगा। गोरखपुर जाने वाले वाले वाहन डुमरी से होकर गुजरेंगे।

**यहां किया गया है पार्किंग का इंतजाम:** जिले के रुद्रपुर, बरहज, सलेमपुर और भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट एवं प्रत्याशी के वाहनों की पार्किंग जीआईसी मैदान पर होगी। मतगणना कर्मियों के वाहन चण्डिका छात्रवास परिसर में पार्क करेंगे। सदर के मतगणना एजेंट एवं उम्मीदवारों, मतगणना अभिकर्ताओं के वाहन पुराने पोस्टमार्टम के बांए तरफ पटरी पर होंगे। देवरिया सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल स्थित मतगणना स्थल पर आने वाले सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के चार पहिया वाहन स्कूल के पास मैदान मे खड़े होंगे। दो पहिया वाहन स्कूल के बाउंड्री के रोड पर खड़े होंगे। गौरीबाजार से आने वाले उम्मीदवार और मतगणना अभिकर्ता पुरावा चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप के बगल में खाली भूमि पर पार्क होंगे। बालाजी मंदिर के तरफ से आने वाले कुर्ना नाला पुलिया के पास बगीचे में खड़ा करेंगे।

**यह है प्रवेश द्वार:** महाराज अग्रसेन इंटर कालेज में मतगणना के दिन सुबह छह बजे से ही मतगणना कर्मचारियों को प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना कर्मी महराजा अग्रसेन इण्टर कॉलेज के मैदान में दक्षिण तरफ बने गेट से प्रवेश करेंगे। भाटपाररानी और सलेमपुर विधान सभा के मतगणना एजेंट अग्रसेन इण्टर कालेज के उत्तर ट्यूबेल कॉलोनी की तरफ बने गेट से प्रवेश करेंगे। विधान सभा क्षेत्र रूद्रपुर, बरहज के मतगणना एजेंट महराजा अग्रसेन इण्टर कॉलेज देवरिया के दक्षिणी गेट की तरफ बने गेट से प्रवेश करेंगे। वहीं डीएसएस स्कूल के मेन गेट से मतगणना एजेंट को अंदर भेजा जाएगा।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखी गईं हैं ईवीएम

देवरिया, निज संवाददाता। शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज और डीएसएस में बने स्ट्रांगरूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम रखी गई है। दो शिफ्ट में सुरक्षाकर्मी इसकी रखवाली कर रहे हैं।

शनिवार की देर रात तक बूथों के पीठासीन अधिकारी और कर्मचारियों ने ईवीएम को महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज और डीएसएस स्थित स्ट्रांग रुम में जमा किया। ईवीएम को अलग अलग कमरों में विधानसभा क्षेत्र के बूथों के अनुसार रखा गया। स्ट्रांग रुम को अधिकारियों के देखरेख में देर रात को सील किया गया। उसके बाद अर्द्ध सैनिक बलों ने स्ट्रांग रुम को कब्जे में ले लिया। सुरक्षाकर्मी स्ट्रांग रुम के मेन दरवाजे से लेकर छत तक सुरक्षा घेरा बनाए हुए है। इसके लिए एक विद्यालय में एक प्लाटून पैरा मिलिट्री फोर्स को लगाया गया है। जो शिफ्ट के अनुसार ड्यूटी कर रहे हैं। स्ट्रांग रुम के बाहर की सुरक्षा के लिए एक गार्द लगाया गया है। इसके बाहर एक शिफ्ट में दो दरोगा और 25 पुलिस कर्मी ड्यूटी कर रहे हैं। ये मुख्य सड़क से विद्यालय के गेट तक की सुरक्षा संभाले हुए हैं।

## स्ट्रांग रुम पर आने जाने वालों का रख रहे हैं रिकार्ड

महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज और डीएसएस के मुख्य गेट पर आने वाले हर किसी की जानकारी ली जा रही है। जिससे आने जाने वाले अधिकारी और मजदूरों पर भी नजर रखा जा सके। सीसीटीवी से परिसर समेत स्ट्रांग रुम की निगरानी की जा रही है।

**भोर 4 बजे तक स्ट्रांग रूम के पास जमे रहे आला अधिकारी:** ईवीएम, वीवीपैड मशीन और रिकार्ड को महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज और डीएसएस में जमा करने के दौरान जिले के आलाधिकारी शाम छह बजे से परिसर में मौजूद रहे। शाम को ईवीएम जमा कराने का सिलसिला शुरू हुआ तो देर रात चलता रहा। अधिकारी स्ट्रांग रुम पर सुबह चार बजे तक जमे रहे।

# चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स

देवरिया। मतगणना के दौरान भारी संख्या में पुलिस, पीएसी और अर्द्धसैनिक बल तैनात रहेंगे। इसके लिए दो प्लाटून अर्धसैनिक बल, एक कंपनी पीएसी के साथ ही दो एएसपी, पांच सीओ, 25 थानेदार, 200 दरोगा और 1200 हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। एक एएसपी को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और दूसरे एएसपी को डीएसएस की जिम्मेदारी दी गई है। मतगणना स्थल तक पहुंचने के लिए चारों तरफ बैरिकेटिंग लगाकर वाहनों को रोकने की व्यवस्था किया गया है।

# डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, देवरियाः शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में बने मतगणना स्थल का डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार की देर शाम निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश कर्मचारियों को दिया।

शाम को सात बजे अचानक डीएम व एसपी महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज पहुंचे। उन्होंने वहां की व्यवस्थाएं देखी। लाइट व बैरिकेडिंग के बारे में जानकारी ली। साथ ही सीसी कैमरा भी लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिंग मजबूत होनी चाहिए और हर बैरिकेडिंग के पास जाली लगी होनी चाहिए। हर टेबल पर गर्मी को देखते हुए पंखा व कूलर का भी इंतजाम होना चाहिए। एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी आदि मौजूद रहे।

**सुबह साढ़े छह बजे खुलेगा स्ट्रांग रूमः** डीएम अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मतगणना के दिन सुबह साढ़े छह बजे मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। इस दौरान प्रत्याशी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

# पशु तस्कर को पकड़ने गए ग्रामीणों पर फायरिंग

- सदर कोतवाली के गोबराइ के समीप देर रात हुई घटना
- फायरिंग की सूचना पर पुलिस ने एक को लिया हिरासत में

जागरण संवाददाता, देवरियाः सदर कोतवाली के गोबराइ गांव के समीप शनिवार की रात पशु तस्करों को पकड़ने गए ग्रामीणों पर तस्करों ने फायरिंग की। तस्करों के फायरिंग की सूचना पर रात को मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। ग्रामीणों ने एक तस्कर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। साथ ही तीन गोवंश भी बरामद किए गए हैं।

गांव के विलास यादव, पंकज विश्वकर्मा, त्रिलोकी जायसवाल, प्रदीप यादव, कुलदीप समेत अन्य लोगों ने देखा कि कुछ तस्कर गोवंश को लेकर जा रहे हैं। आरोप है कि जब ग्रामीण तस्करों का पीछा करना शुरू किए तो उसमें से एक ने ग्रामीणों पर ही फायर कर दिया, जिसके चलते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तस्कर तीन पशुओं को छोड़ कर फरार हो गए। लोगों की सूचना के बाद पुलिस पहुंची और जांच की। कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि तीन गोवंश बरामद किए गए हैं। उन्हें ग्रामीणों को ही सुपुर्द किया गया है। जांच की जा रही है। फायरिंग की पुष्टि नहीं हो पाई है। जल्द ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



गोबराइ में ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए गोवंश • जागरण

# पति समेत चार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

- गौरीबाजार के चरियांव बुजुर्ग के रहने वाले हैं आरोपित

जागरण संवाददाता, देवरिया: दहेज के लिए विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पुलिस ने पति समेत चार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

भटनी के सल्लहपुर के रहने वाले संजय राय की बेटी ब्यूटी राय की शादी 7 जून 2023 को गौरीबाजार के चरियांव बुजुर्ग के रहने वाले नवीन राय के साथ हुई थी। शादी के बाद ब्यूटी अपने ससुराल गई। कुछ दिनों तक तो सबकुछ ठीक-ठाक रहा। लेकिन बाद में ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 26 मई 2024 की रात पति समेत अन्य ने पिटाई की और चिमटा गरम कर हाथ जला दिया। पुलिस ने पति नवीन राय, ससुर देवेन्द्र राय, सास संगीता देवी व देवर दीपांशु राय के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पांच लोगों के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा:** देवरिया: भटनी के सल्लहपुर में आपसी रंजिश को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें महावीर यादव, मनभावती देवी, बबली, धर्मेंद्र, मालती देवी शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने सुभावती देवी की तहरीर पर की है।

# बाल गृह से फरार तीनों किशोर देवरही मंदिर में मिले

देवरिया। राजकीय बाल गृह से शनिवार की सुबह फरार तीन किशोर देर शाम कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ गए। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीनों को देवरही मंदिर परिसर से पकड़ लिया। इसके बाद राजकीय बाल गृह के अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर अधिकारियों को बच्चों को सौंप दिया। तीनों किशोरों के मिलने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## पुलिस ने तीनों को पकड़ कर राजकीय बाल गृह को सौंपा

शहर के कोतवाली रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रह रहे तीन किशोर शनिवार की सुबह बाल गृह के उत्तरी चहारदीवारी को फांद कर एक साथ फरार हो गए, इसकी जानकारी बाल गृह के कर्मचारियों को होते ही हड़कंप मच गया। अधीक्षक ने इसकी जानकारी बाल संरक्षण अधिकारी को दी। बाल गृह के कर्मचारियों ने फरार किशोरों की तलाश शुरू कर दी। उनका कहीं पता नहीं चल सका। जानकारी मिलने के बाद कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने मुखबिर की मदद ली। मुखबिर की सूचना पर कोतवाल ने उप निरीक्षक विपिन कुमार को मौके पर भेजकर तीनों को पकड़ लिया। इसके बाद अधिकारियों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया गया।

डीपीओ अनिल कुमार सोनकर बताया कि फरार किशोर देर शाम पकड़ लिए गए हैं। राजकीय बाल गृह की उत्तरी दीवार को और ऊंचा कराने की दिशा में पहल की जा रही है। शीघ्र उसे ऊंचा करवा दिया जाएगा। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना फिर न हो सके। संवाद

# 11 दिन बाद मईल थाने पहुंचा अपहृत छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज/मईल।** मईल थाना क्षेत्र के बभनियांव निवासी और ऑटो चालक मथुरा प्रजापति का इकलौता पुत्र विशाल 22 मई को गांव के काली मंदिर से गायब हो गया था। रविवार को 11 दिन बाद विशाल के घर पहुंचने पर उसे लेकर पिता मथुरा थाने पर पहुंचे। छात्र से पूछताछ कर पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया। पिता के फोन पर बदमाशों ने फिरौती मांगी थी।

बभनियांव निवासी मथुरा प्रजापति ऑटो चालक हैं। उनका पुत्र विशाल शनिवार को किसी तरह जयनगर



अपहृत छात्र विशाल। स्रोत परिजन

स्थित फूफा नंदलाल प्रजापति के घर पहुंचा। उसे देखकर लोग दंग रह गए। विशाल के मिलने की सूचना परिवार वालों को दी गई। परिजनों के अनुसार, विशाल नशे में था। उसे दो लोग बरहज में छोड़ गए थे। रविवार को पिता विशाल को लेकर थाने पहुंचे। हालांकि, विशाल के चेहरे पर

## परिजनों से फोन पर बदमाशों ने मांगी थी फिरौती, पिता ने एसपी से लगाई थी गुहार

खौफ दिखाई दे रहा था। वह कुछ भी कहने से परहेज कर रहा था।

22 मई की शाम काली मंदिर पर गया हुआ था, जहां से वह गायब हो गया था। परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। एसपी डॉ. संकल्प शर्मा से गुहार लगाने के बाद पुलिस फिरौती मांगे जाने वाले नंबर का पुलिस सीडीआर खंगाल रही है।

सीओ आदित्य कुमार गौतम ने बताया कि विशाल मिल गया है। जांच कराई जा रही है।

# दद्दन के परिजनों से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज।** मगहरा क्षेत्र के सतरांव गांव में रविवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। ये लोग दद्दन यादव के परिजनों से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों को आर्थिक मदद के रूप में एक लाख 20 हजार रुपये का चेक दिया। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से दद्दन के हत्यारों की गिरफ्तारी करने के साथ-साथ कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव और गेनालाल यादव के नेतृत्व



दद्दन यादव के परिजनों को आर्थिक सहायता देते सपा कार्यकर्ता। स्रोत पार्टी

में प्रतिनिधिमंडल सतरांव गांव पहुंचा। यहां सभी मृतक दद्दन यादव के परिवार से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने उनकी पत्नी सुमन देवी को सहायता धनराशि का चेक दिया। जबकि न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। बता दें कि 20 मई की शाम चौराहे पर चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुशवाहा का दद्दन से

## कार्यकर्ताओं ने दद्दन के हत्यारों की गिरफ्तारी कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की

विवाद हो गया था। इसमें कुछ पुलिसकर्मियों ने दद्दन को पीटकर घायल कर दिया था। दद्न की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

इस दौरान विद्यासागर पांडेय, दुष्यंत चौरसिया, वंशीलाल, बालमुकुंद, कमलेश शुक्ल, सत्यनारायण, वैभव मिश्र आदि मौजूद रहे।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

# नारायणी नदी में मिला डूबे फार्मासिस्ट का शव

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसहा स्थित नारायणी नदी में दोस्तों के साथ नहाने के दौरान लापता हुए खड्डा कस्बा निवासी फार्मासिस्ट अभय उर्फ गोलू का शव चार दिन बाद 6 किमी दूर पनियहवा तट के समीप मिला। शव मिलने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खड्डा कस्बा के इंदिरानगर मोहल्ला निवासी बच्चा लाल गुप्ता का पुत्र फार्मासिस्ट अभय गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने दवा की दुकान चलाता था। अस्पताल के समीप कुशीनगर के सोहसा मठिया निवासी अजय व कबीर भी दवा की दुकान चलाते हैं। गुरुवार को अभय इन्हीं दोस्तों के साथ भैंसहा स्थित पुराने पीपापुल के पास नारायणी नदी में नहाने गया था। जहां नहाने के दौरान अभय पानी में डूबकर लापता हो गया। जबकि वहां मौजूद रहे लोगों ने नदी में डूब रहे कबीर व अजय को बचा लिया था। विधायक विवेकानन्द पाण्डेय की सूचना पर देर शाम मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम नदी में लापता हुए अभय की काफी खोजबीन की लेकिन तीन दिन तक उसका कहीं सुराग नहीं लग सका। चौथे दिन रविवार को अभय का शव 6 किमी दूर पनियहवा नारायणी तट के किनारे पड़ा मिला। इसकी सूचना नदी में मछली मारने गए मछुआरों ने पुलिस को दी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मृतक के परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गयी। जहां परिजनों ने शव की पहचान लापता अभय के रुप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पुलिस कर्मियों को हीट वेव से बचाने के दिए निर्देश

लखनऊ। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बढ़ती गर्मी (हीटवेव) तथा आग की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस कर्मियों को सुरक्षित रखने, उन्हें जागरूक करने तथा अग्नि सुरक्षा के लिए जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी कमिश्नरेट व जिलों के थानों व चौकियों पर शुद्ध व शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाए।

रविवार को वरिष्ठ पुलिस अफसरों को भेजे विस्तृत दिशा-निर्देश में डीजीपी ने कहा है कि पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर जाने से पहले तथा ड्यूटी के दौरान नियमित रूप से पानी पीने, गस्त या अन्य ड्यूटी पर जाते समय पेयजल, नीबू, इलेक्ट्राल, ग्लोकोज, ओआरएस घोल और उपलब्धता के अनुसार नारियल पानी जैसी ऊर्जावर्धक सामग्री अपने साथ रखने के लिए जागरूक किया जाए। साथ ही अधिक प्रोटीन व वसायुक्त भोजन के सेवन से बचने को कहा जाए।

### प्रत्येक टेबल पर चार-चार मतगणना कार्मिकों की लगेगी ड्यूटी, डीएम व एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

# जनपद में 98 टेबल पर होगी मतगणना

**तैयारी**

**पडरौना, निज संवाददाता।** जनपद के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में पड़े वोटों की गणना पडरौना के उदित नारायण इंटरमीडिएट एवं पीजी कॉलेज में होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14 टेबल बनाए गए हैं। इस तरह कुल 98 टेबल पर मतगणना होगी। इसके लिए प्रत्येक टेबल पर चार मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। रविवार को डीएम उमेश मिश्रा व एसपी धवल जायसवाल ने मतगणना स्थल पर बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा वहां रखी गई सभी ईवीएम का जायजा लिया।



उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम उमेश मिश्रा व एसपी धवल जायसवाल। • हिन्दुस्तान

इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन देर शाम को प्रशासन की ओर से मिले आंकड़े के अनुसार 57. 29 प्रतिशत के बजाय 57.57 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद सभी ईवीएम देर रात तक पडरौना के उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज और पीजी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच जमा कर दी गई। इन्हें सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में रखा गया है, जो अब 4 जून को मतगणना के दिन खुलेंगी। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है।

पडरौना, खड्डा, रामकोला, हाटा और कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज तथा देवरिया लोकसभा क्षेत्र में आने वाले फाजिलनगर एवं तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र की मतगणना यहां के डिग्री कॉलेज में होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे और हर टेबल पर चार-चार मतगणना कार्मिक तैनात किए जाएंगे। इनमें मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, मतगणना ऑब्जर्वर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होगा।

कुल 392 कार्मिक मतगणना में लगाए जाएंगे, जबकि इसके दस प्रतिशत रिजर्व में रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतगणना में इनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए सात टेबल लगाए जाएंगे, जबकि फाजिलनगर एवं तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट गणना के लिए देवरिया भेज दिए जाएंगे।

## मतगणना को लेकर प्रेक्षक ने की अफसरों संग बैठक

**निर्देश**

- बैठक में मतगणना सकुशल संपन्न कराने पर दिया गया जोर
- प्रेक्षक ने कहा कि मतगणना शांतिपूर्ण कराना बड़ी चुनौती

**पडरौना, निज संवाददाता।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के बाद प्रशासन अब मतगणना की तैयारी में जुट गया है। रविवार को प्रेक्षक की मौजूदगी में डीएम, एसडीएम और तहसीलदार ने मतगणना को लेकर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में मतगणना भी सकुशल संपन्न कराने पर जोर दिया गया।

सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी ने जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश मिश्रा, एसडीएम व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार सुमित सिंह आदि के साथ पडरौना के उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज में बैठक की। इसी जगह स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल बनाया गया है, जहां ईवीएम कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई हैं।

प्रेक्षक ने कहा कि मतगणना भी शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना हमारे सामने बड़ी चुनौती है। समय से मतगणना शुरू हो सके, इसका विशेष ध्यान रखना होगा। मतगणना सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। वहां किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। इस दौरान एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष गुप्ता, लेखपाल योगेंद्र गुप्ता व अन्य कई लोग मौजूद थे।

# तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में स्ट्रांग रूम

### सीसी कैमरे से हो रही **निगरानी,** ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिसकर्मी बाडी वार्न कैमरे से हैं लैस

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज और उसके आसपास के इलाके में सीसी कैमरे से निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही इनर और आउटडोर के हिसाब से तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। ड्यूटी पर मुस्तैद रहने वाले पुलिसकर्मी बाडी वार्न कैमरे से लैस हैं, ताकि किसी तरह की विपरीत स्थिति उत्पन्न करने वालों की तस्वीर, आवाज कैमरे में कैद हो सके। शांतिपूर्ण मतगणना को लेकर पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा घेरा तैयार किया है। इसी के अनुसार मंगलवार को मतगणना स्थल पर पर्याप्त इंतजाम रहेगा।



पडरौना नगर के उदित नारायण इंटर कालेज में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते बाएं से डीएम उमेश मिश्र,एसपी धवल जायसवाल • जागरण

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराने के बाद पुलिस के सामने अब मतगणना की चुनौती है। आशंका जताई जा रही है कि चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के बीच हार-जीत का अंतर कम हो सकता है। ऐसे में कुछ प्रत्याशी के समर्थक और करीबी माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। मतगणना प्रभावित न हो इसको ध्यान में रखते हुए तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। अलग-अलग सुरक्षा घेरे में पैरामिलिट्री, सीआरपीएफ, पीएसी व सिविल पुलिस के जवान तैनात हैं। रविवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने अधीनस्थ अधिकारियों से मतगणना के दौरान सुरक्षा इंतजाम को लेकर मंथन किया। साथ ही उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों का कहना है कि मतगणना के दौरान उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज के भीतर और बाहर काफी भीड़ रहेगी। कालेज रोड, मेन रोड व बाइपास मार्ग पर समर्थकों का हुजूम उमड़ता है, जिससे कई बार स्थिति को नियंत्रित करना कठिन हो जाता है। ऐसे में मतगणना स्थल समेत पूरे क्षेत्र की निगरानी के लिए सीसी कैमरे का इस्तेमाल किया गया है। जिससे पूरी गतिविधि पर नजर रखी जा रही। प्रथम चरण आइसोलेशन कार्डर में दो कंपनी

- मतगणना को लेकर किया गया है पुख्ता इंतजाम
- राजपत्रित अधिकारी तथा सीओ की आठ-आठ घंटे की ड्यूटी

पैरामिलिट्री फोर्स, दूसरे में इनर कार्डर में सीआरपीएफ तथा तीसरे चरण आउटडोर कार्डर में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात हैं। इसके अलावा एक राजपत्रित अधिकारी तथा सीओ आठ-आठ घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्ट्रांग रूम को लेकर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

समूचा परिसर व आसपास का क्षेत्र सीसी कैमरे में कैद है। जिसकी पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा दिन-रात निगरानी की जा रही। उधर शाम को डीएम उमेश मिश्र, एसपी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर तैनात सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम वैभव मिश्र, एएसपी रितेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# 10 किमी दूर मिला नदी में डूबे युवक का शव

जासं, पनियहवा : नहाते समय नारायणी नदी में डूबे युवक का चौथे दिन रविवार को 10 किमी दूर पनियहवा के समीप शव मिला। पुलिस ने मछुआरों से पूछताछ की। पनियहवा के समीप सुबह 11 बजे मछली का शिकार कर रहे मछुआरों ने तेज बदबू आने पर छानबीन की तो नदी किनारे शव देखे।

मछुआरों ने शव को बाहर निकाल इसकी सूचना खड्डा पुलिस को दी। पुलिस ने शव की पहचान 25 वर्षीय अभय गुप्त निवासी खड्डा के रूप में की। स्वजन को इसकी जानकारी दी गई।

विधायक विवेकानंद पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, तहसीलदार महेश कुमार मौके पर पहुंच गए। बता दें कि अभय पेशे से फार्मासिस्ट था। बीते गुरुवार को वह अपने दोस्तों संग भैंसहा घाट के पास नारायणी नदी में नहाने गए थे। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में डूबने लगे। दोस्तों ने बचाने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। दोस्तों की सूचना पर आसपास के लोग आए। लोग तलाश किए पर पता नहीं चला। पुलिस देर रात तक गोताखोर की मदद से युवक की तलाश में जुटी रही। अगले दिन गोरखपुर से एसडीआरएफ की टीम पहुंची। दो दिन तक तलाश कर शनिवार को लौट गई। एसएचओ नीरज राय ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

- बीते गुरुवार को भैसहा घाट के पास नहाते समय नारायणी नदी लापता हुआ था युवक
- गोरखपुर से आई एसडीआरएफ टीम भी युवक की नहीं कर पाई थी तलाश



मौके पर जांच करती पुलिस व जुटी भीड़ • जागरण

# जीने के लिए जोखिम उठाने की है मजबूरी

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। प्रत्येक साल बाढ़ की त्रासदी झेल रहे खड्डा के रेतावासियों को 70 साल बाद सौगात के रूप में पीपा पुल मिला है। पीपापुल का उद्घाटन एक मार्च को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या द्वारा किये जाने के बाद छह गांवों के लोग पुल के रास्ते आने जाने लगे थे। इस बीच नदी का जलस्तर बढने से पीपा पुल का अगला हिस्सा पानी में डूब गया। इसके बाद मानसून को देखते हुए पीपा पुल को नदी से हटा लिया गया। इससे रेता क्षेत्र के लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हुए खड्डा तहसील मुख्यालय आते जाते हैं।

नदी उस पार शिवपुर, मरिचहवा, बसंतपुर, विंध्याचलपुर, शाहपुर, हरिहरपुर, नारायणपुर, बालगोविंद छपरा सहित महराजगंज जिले के आधा दर्जन गांवों मे करीब 50 हजार लोग निवास करते हैं। रेतावासियों को खड्डा तहसील आने के लिए कोई सुगम मार्ग नहीं होने के चलते वह मजबूरी में बिहार के रास्ते लगभग 43 किमी की दूरी तय कर खड्डा आते जाते हैं।

वहीं कुछ लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी के रास्ते नाव से खड्डा आते-जाते हैं। इससे हमेशा उन्हें नाव डूबने का खतरा बना रहता है। कई बार नाव हादसे भी हुए इसमें दर्जनों किसानों की पानी में डूबकर मौत हो चुकी है। वहीं विकास से कोसो दूर रेताक्षेत्र के लोगों की दुश्वारियों से अवगत होते हुए तत्कालीन विधायक जटाशंकर त्रिपाठी की पहल पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भैंसहा में बड़ी गण्डक नदी पर दो करोड़ 29 लाख की लागत से पीपापुल लगाया गया। पीपापुल बनने के बाद रेतावासियों की 43 किमी की दूरी सिमटकर करीब 9 किमी की हो गई, लेकिन पीपापुल हटने से रेतावासियों की मुश्किलें फिर बढ़ गई हैं। रेता क्षेत्र की सड़कें उबड़-खाबड़ होने से रेतावासी जान जोखिम में डालकर नाव से बड़ी गंडक नदी पार कर खड्डा तहसील आने जाने के लिए मजबूर हैं।



पीपापुल हटने के बाद जान जोखिम में डाल नाव से बड़ी गण्डक नदी को पार करते रेता क्षेत्र के लोग । • हिन्दुस्तान

# देर रात तक जमा हुई ईवीएम भोजन के लिए भटके कर्मी



ईवीएम जमा करने के लिए पैदल जाते कर्मचारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** भीषण गर्मी में मतदान कराने के बाद शनिवार शाम 6 बजे स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करने पहुंचे मतदानकर्मियों को देर रात तक परेशान होना पड़ा। अव्यवस्थाओं के बीच देर रात तक ईवीएम जमा की गई। दुकानें बंद होने से भोजन के लिए मतदानकर्मी भटकते दिखे। रात करीब 10 बजे अचानक तेज हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू होने पर ईवीएम लेकर मतदानकर्मियों को यूएनपीजी कॉलेज और इंटर कॉलेज के कमरों में छिपना पड़ा।

तल्ख मौसम और उत्साह के बीच मतदान कराने के बाद ईवीएम जमा करने के लिए मतदानकर्मियों को जूझना पड़ा। पीठासीन अधिकारी विधानसभावार ईवीएम जमा करने के लिए कतार में लगे थे, बाकी मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी रात होने के कारण भोजन की तलाश में शहर के रामकोला, कोतवाली रोड के होटलों में भोजन की तलाश कर रहे थे। मतदान के चलते पूरे दिन दुकानें बंद होने के कारण अधिकांश भोजनालय और रेस्टोरेंट बंद थे। शाम को दुकानें खुली तो अचानक भीड़ बढ़ गई। दुकान पर मांग के अनुसार सुरक्षाकर्मियों को भोजन नहीं मिल सका।

# धनंजय का कारनामा सुन गांव के लोग हैरान, बताया विनम्र

## फिल्म अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश में आया है धनंजय का नाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** फिल्म अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश में शामिल कुशीनगर के तुर्कपट्टी के धनंजय सिंह का नाम आने से हर कोई हैरान है।

धनंजय की पहचान गांव में विनम्र और शांत स्वभाव के युवक की है। धनंजय को नवी मुंबई पुलिस ने एक दिन पूर्व हमले की साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच व मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उसका लॉरेंस विश्नोई गैंग से कनेक्शन निकलकर भी सामने आ रहा है।

बताया जाता है कि वह सलमान खान पर हमले को लीड कर रहा था। वहीं, मामले की प्रारंभिक जांच में धनंजय का पाकिस्तान से भी कनेक्शन मिला है।

### लीड रोल में था धनंजय सिंह उर्फ अजय कश्यप, गांव में कोई भी उसे उपनाम से नहीं जानता

कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के पकड़ी गोसाई गांव के तपे सिंह के पुत्र धनंजय सिंह का नाम सलमान खान पर हमले की साजिश में मुख्य भूमिका में सामने आया है। धनंजय सिंह अपने एक और नाम अजय कश्यप से पहचान रखता है।

इस उपनाम को गांव में कोई नहीं जानता है। किसान के बेटे के रूप में पहचान रखने वाले धनंजय को गांव में काफी शांत और विनम्र स्वभाव के लिए जाना जाता है।

धनंजय की मां आशा संगिनी हैं तो पिता किसान हैं। गांव वालों के मुताबिक धनंजय करीब छह-सात वर्ष पहले से ही मुंबई आता-जाता रहता है। एक नियमित अंतराल पर वह घर आकर एक सामान्य आदमी की तरह सबसे बातचीत और विनम्रता का व्यवहार करता था और फिर शहर लौट जाता था। लेकिन उसके इस कारनामे की भनक तक लोगों को नहीं लग सकी।

गांव में जिसने भी धनंजय सिंह की मुंबई में गिरफ्तारी की खबर सुनी, वह स्तब्ध रह गया। कोई इस बात को मानने को तैयार नहीं था कि वह ऐसा भी कर सकता है। गिरफ्तारी की सूचना के बाद परिजन मुंबई पहुंच गए हैं।

**बीट पुलिसिंग पर सवाल :** सलमान खान जैसे अभिनेता के हमले की साजिश में कुशीनगर के धनंजय सिंह का नाम आना और स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी न होना, बीट पुलिसिंग पर भी सवाल खड़ा कर रहा है।

बीट कांस्टेबल की ड्यूटी होती है कि वह अपने क्षेत्र में अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर के विषय में जानकारी उपलब्ध कराकर एसओ व अपने अफसरों को अवगत कराए। लॉरेंस विश्नोई गैंग से धनंजय के कनेक्शन सामने आने के बाद बीट पुलिसिंग पर भी सवाल उठ रहा है।

### स्थानीय स्तर पर भी कोई आपराधिक इतिहास नहीं

**धनंजय** सिंह को हमले की साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया गया है और उसका अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन भी सामने आ रहा है। लेकिन, स्थानीय स्तर यानी थाने में उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि स्थानीय थाने में उस पर कोई केस दर्ज नहीं है। उसकी पहचान एक अच्छे इंसान के तौर पर थी।

# घर में चोरी कर रहे चोर को पकड़ा

**तमकुहीराज।** स्थानीय कस्बा निवासी एक व्यक्ति के घर घुसा चोर घर के अलमारी में रखा सोने चांदी के जेवर वाला पर्स चुरा भागने का प्रयास करने लगा। अचानक पीड़ित गृहस्वामी की नींद खुल गई। पीड़ित परिजनों ने चोर को रंगे हाथ पकड़ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हरकत में आयी पुलिस चोर को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है ।तमकुहीराज कस्बा निवासी सुल्तान पुत्र हदीश अपने घर में जनरल स्टोर संचालित करता है। शनिवार की रात्रि वह भूलकर अपने घर का दरवाजा खुला छोड़ सो गया।

# सीबीआई के छापे के दूसरे दिन भी गांव में रही चर्चा

## पटखौली निवासी रेलवे अधिकारी के घर शनिवार को पहुंची थी सीबीआई टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

फाजिलनगर। फाजिलनगर नगर पंचायत के पटखौली निवासी रेलवे अधिकारी के घर शनिवार को सीबीआई टीम ने छापेमारी की थी। टीम की छापेमारी को लेकर रविवार को दूसरे दिन भी गांव के लोग कई तरह की चर्चा कर रहे थे।

गांव के कुछ लोगों का कहना है कि सीबीआई अगर जांच का दायरा बढ़ाती है तो आय से अधिक जमीन खरीदने का मामला भी जांच में शामिल हो सकता है। पटखौली गांव निवासी ऋतुराज सिंह रेलवे में अधिकारी हैं। इस समय उनकी तैनाती केरल के तिरुवनंतपुरम में है। पूर्व में वह गोरखपुर रेलवे में मंडल उप महाप्रबंधक के पद पर कार्य कर चुके हैं।

शनिवार की सुबह आठ बजे सीबीआई की टीम उनके घर पहुंची। उस समय घर के लोग मतदान करने गए थे। किसी को सीबीआई के आने की भनक नहीं थी। जब परिवार के लोग घर पहुंचे, तब इसकी जानकारी हुई। लागों ने बताया कि सीबीआई



पटखौली में ऋतुराज सिंह का मकान। संवाद

अफसर घर के अंदर दाखिल हो गए और दरवाजे को बंद कर दिया। यहां करीब दो घंटे तक टीम ने उनकी मां से पूछताछ की और जरूरी बिंदुओं पर जांच करने के बाद लौट गए। गांव के लोग कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। सीबीआई टीम के गांव में आने को लेकर रविवार को कई तरह की चर्चा की जा रही थी। गांव के कुछ लोगों का कहना था कि जांच का दायरा अगर सीबीआई ने बढ़ाया तो फिर बीते सालों में आय से अधिक जमीन की खरीदारी भी जांच में घेरे में आ सकती है।

# शराब की दुकान के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## जीरो बंधा तिराहे पर आवंटित देसी शराब की दुकान हटाने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी



देसी शराब की दुकान हटाने को लेकर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। संवाद

पिपराघाट। जीरो बंधा तिराहे पर खुलने वाली शराब की दुकान के विरोध में गांव की महिलाओं ने प्रदर्शन किया। कहा कि यदि यहां शराब की दुकान खुलती है तो गांव के युवा शराब के आदी हो जाएंगे।

जिला पंचायत सदस्य सुधीर कुमार उर्फ शर्मा यादव और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आरएन यादव ने कहा कि जीरो बांधा तिराहे के पास शिव मंदिर और सरकारी स्कूल है, जहां मंदिर में गांव की महिलाएं पूजा करने और विद्यालय में बच्चे पढ़ने जाते हैं। बांधा के पास शराब की दुकान खुलने के बाद मंदिर के पास जाना महिलाओं का दूभर हो जाएगा। स्कूल जाने वाले बच्चों पर इसका गलत प्रभाव पड़ेगा। इन लोगों ने चेताया यदि गांव में खुलने वाले शराब की दुकान को बंद नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान गंगा देवी, लीलावती देवी, बदुली देवी, चिंता देवी, जैतुन नेशा, अबरुन नेशा, कुसुम, आनंदी, उशा, संगीता, रिखा, लालमती, उमरावती आदि मौजूद रहीं।

# मतगणना कर्मी और एजेंट नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल

## प्रत्याशी सुरक्षाकर्मी और शस्त्र भी मतगणना स्थल पर नहीं ले जा सकेंगे

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** यूएन पीजी कॉलेज में चार जून को मतगणना स्थल पर मतदानकर्मी और एजेंट अपने साथ मोबाइल फोन लेकर अंदर नहीं जा सकेंगे। प्रत्याशियों के साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों को भी शस्त्र लेकर अंदर जाने की अनुमति नहीं है। गर्मी को देखते हुए एजेंट पानी की बोतल लेकर अंदर जा सकते हैं। लेकिन सर्विस वोट की गिनती वाले स्थान पर बोतल का पानी लेकर जाना भी प्रतिबंधित किया गया है। हालांकि मतदान स्थल पर पानी और छाया का व्यवस्था प्रशासन की ओर से किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि मतगणना को लेकर पारदर्शिता बरती जा रही है। इसके लिए स्ट्रांग रूम से मुख्य गेट तक सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है। मतदान के दिन भी टीवी स्क्रीन लगाई जाएगी, ताकि मतगणना की जानकारी होती रहे। मतगणना के दिन सुबह सात बजे तक मतगणना एजेंटों को पहुंचना है। कुशीनगर लोकसभा सीट के अलावा देवरिया लोकसभा क्षेत्र के तमकुहीराज और फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना भी होगी। मतगणना स्थल पर प्रत्याशी दो वाहन से जा सकेंगे। एक वाहन में प्रत्याशी होगा, दूसरे वाहन का प्रयोग मतगणना एजेंट के लिए नाश्ता और खाना लाने में होगा।

**अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई :** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि मतगणना के दौरान या इसके बाद किसी ने अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। किसी को कानून के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान हुआ है। उसी प्रकाश मतगणना भी संपन्न कराई जाएगी।



यूएन डिग्री कॉलेज के गेट पर ईवीएम की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी। संवाद

### सुबह सात बजे खुलेंगे स्ट्रांग रूम

**मतगणनाकर्मी** सुबह छह बजे यूएन कॉलेज में पहुंच जाएंगे। इसके बाद सात बजे सभी प्रत्याशी और उनके एजेंट की मौजूदगी में ईवीएम बाहर निकालने के लिए स्ट्रांग रूम का खोला जाएगा। 15 मिनट तक गैस की आशंका के चलते कोई भी कर्मचारी स्ट्रांग रूम में प्रवेश नहीं करेगा। सुबह आठ बजे वैलेट पेपर की मत पेटिकाएं और पोस्टल बैलेट गणना टेवल पर पहुंचेगी।

### मतगणना स्थल पर लगाए जाएंगे टेंट

**यूएन** पीजी कॉलेज में मतगणना के दौरान धूप से बचाव के लिए टेंट लगाए जाएंगे और गर्मी से बचाव के लिए कूलर पंखे की व्यवस्था की जाएगी। कुशीनगर और देवरिया लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना अगल-अलग होगी। इसके लिए तैयारी भी अलग-अलग की गई है। मौसम खराब होने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से तैयारियां की गई है।

# चिलुआताल में पकड़े गए मनीष के संपर्क में था कुशीनगर का धनंजय

## सलमान खान पर एके 47 से हमले की साजिश में शामिल था धनंजय

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान के घर पर हमला कराने और एके 47 से मारने की साजिश रचने वाले लॉरेंस बिश्नोई गैंग के चार बदमाशों को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजवाया। पकड़े गए इन बदमाशों में कुशीनगर जिले के पकड़ी गोसावी थाना तरपट्टी निवासी धनंजय सिंह तपे उर्फ अजय कश्यप (28) भी शामिल है। बताया जा रहा है कि धनंजय का संबंध चिलुआताल थानाक्षेत्र के बरगदवां निवासी असलहा तस्कर मनीष यादव से भी था जिसे नौ मई को हरियाणा एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बदमाश धनंजय सिंह तपे उर्फ अजय कश्यप को दबोचने के बाद उसके गृह जनपद में पुलिस टीम ने संबंधित थाने से आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले हैं। पुलिस की जांच-पड़ताल में पता चला कि धनंजय पर कुशीनगर के किसी भी थाने में कोई केस दर्ज नहीं है। वहीं, धनंजय लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ था और एके 47 जैसे हथियार से अभिनेता सलमान खान को मारने की साजिश रच रहा था। इसके लिए वह एके-47 कहां से लाता, इसकी भी जांच की जा रही है। गोरखपुर एसटीएफ भी इसकी जांच कर रही है।

**धनंजय समेत चार बदमाशों को मुंबई पुलिस ने शनिवार को किया है गिरफ्तार**

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

# मारपीट में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**टूटीबारी।** कोतवाली क्षेत्र के राजाबारी निवासी रम्भा ने पुलिस को तहरीर दिया है। इसमें उसने आरोप लगाया है कि बिना किसी कारण के पट्टीदार घर पर पहुंचकर अपशब्द बोलने लगा। विरोध करने पर घर में घुसकर लाठी डंडे से पुत्र और बहू को पीटकर घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी नीरज राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत गंभीर

**भगवानपुर।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने रविवार की सुबह घर में रखी कीटनाशक दवा निगल गई। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी रतनपुर ले गए। वहां उपचार के बाद में युवती की हालत में सुधार हो रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि युवती की तबीयत ठीक होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

# राधे कृष्ण मंदिर में ताला तोड़ चोरी, मुकदमा

जागरण संवाददाता, निचलौल: थाना क्षेत्र के जमुई पंडित गांव में राधे कृष्ण मंदिर में चोरी हो गई। जिस पर पुलिस ने द्वारिकाधीश मणि त्रिपाठी के तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी को दिए गए तहरीर में द्वारिकाधीश मणि त्रिपाठी ने बताया कि उनके घर के परिसर में राधे कृष्णा का मंदिर है, जिसमें करीब ढाई सौ वर्ष से पूजा हो रही है। 28 मई को भगवान की आरती व उनका भोग लगाने के बाद पुजारी घर पर सोने चले गए। सुबह पुजारी जब मंदिर पर आए तो देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था, वहीं भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति मंदिर के परिसर में टूटी हुई मिली। मूर्ति का दाहिना हाथ चोर काट कर उठा ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

**दो अप्रैल 2015 में भी मंदिर में हुई थी चोरी:** निचलौल: जमुई पंडित के राधे कृष्ण मंदिर में चोरी का मामला नया नहीं है। इसके पूर्व दो अप्रैल 2015 में मंदिर में स्थापित राधे कृष्ण की अष्टधातु की मूर्ति चोरी हो गई थी, जो आज तक नहीं मिली।

# दो पट्टीदारों में विवाद, छह का चालान

**भगवानपुर।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में रविवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पट्टीदारों में कहासुनी हो गई। मारपीट होने की संभावना देखते हुए किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से छह लोगों को शांति भंग की आशंका में पाबंद कर दिया। उप निरीक्षक कमलेश कुमार यादव ने बताया कि पुरानी रंजिश में दोनों पक्षों से चार महिलाएं सहित दो अन्य लोगों को पाबंद कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# मारपीट में घायल व्यक्ति की हालत गंभीर

**झनझनपुर/चौक बाजार।** चौक थाना क्षेत्र के मधुबनी निवासी सावित्री ने पुलिस को तहरीर दी है। उसने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार की देर शाम पट्टीदारों ने उसके पति गणेश को अपशब्द कहा। इसका विरोध करने पर लाठी डंडे से पीट दिया। बीच-बचाव करने के लिए वह ससुर के साथ गई तो पट्टीदारों ने उसके ससुर को पीटकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला के पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने बताया कि तहरीर मिली है। केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# लखनऊ की महिलाओं ने मांगी पीआरबी से मदद

- नेपाल से लौटते समय रात में ढाई बजे महराजगंज पहुंची थीं महिलाएं
- फोन कॉल पर पहुंची पीआरवी, दोनों महिलाओं को बस स्टेशन पहुंचाई

महराजगंज, निसं। लखनऊ से नेपाल भ्रमण के लिए निकली लखनऊ की दो महिलाएं वापस लौटते समय शनिवार की रात भटक कर महराजगंज आ गई। वाहन ढूंढते पांच किमी आगे बढ़ गईं। देर रात वाहन नहीं मिलने पर महिलाएं डायल-112 पर फोन कर मदद मांगी। थोड़ी ही देर में पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची। लखनऊ की दोनों महिलाओं को पुलिस टीम रात में बस स्टेशन पहुंचाई। बस मिलने के बाद दोनों महिलाएं पुलिस को धन्यवाद देते हुए लखनऊ के लिए रवाना हो गई।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राहुल शुक्ला ने बताया कि लखनऊ चौक थाना क्षेत्र की रहने वाली मंजू सिंह व रीना सिंह नेपाल टूर पर गई थी। वाहन नही मिलने पर गोरखपुर रोड पर पांच किमी आगे बढ़ गई थी। रात में ढाई बजे डायल-112 पर महिलाओं ने फोन कर मदद मांगी। जिसपर पीआरवी प्रभारी मुख्य आरक्षी विनोद कन्नौजिया, महिला आरक्षी प्रियंका सिंह व गुंजा मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को रिसीव कर उन्हें बस स्टेशन पहुंचाया, जहां से उन्हें लखनऊ के लिए बस मिल गई।

# अधर में रुके पुलिसिंग व विभागीय कार्यों को दें गति



थाना सभागार में मातहतों के साथ बैठक करते प्रभारी निरीक्षक मनोज राय • जागरण

जागरण संवाददाता, नौतनवा: प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने रविवार की सुबह नौतनवा थाना सभागार में समस्त पुलिसकर्मियों के साथ बैठक किया।

उन्होंने मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने पर मातहतों के कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आप सभी ने जिस तरह मतदान प्रक्रिया को शांति एवं कुशलतापूर्वक संपन्न कराया है, उसी तरह चार जून को होने वाले मतगणना को भी शांति एवं कानून व्यवस्था के बीच संपन्न कराएं, ताकि पुलिस की कार्यशैली समाज व अन्य विभागीय जिम्मेदारों के लिए मिसाल और प्रेरणा का स्रोत बन सके।

उन्होंने कहा कि चुनाव के तुरंत बाद पुलिस को अपने वास्तविक कर्तव्य के मार्ग पर भी लौटना होगा। चुनाव के कारण कई विभागीय कार्य अधर में ही रुके हुए हैं। चुनावी ड्यूटी से वापस लौटते ही आप सभी अपने रुके कार्यों को गति देने का कार्य करें। अतिरिक्त निरीक्षक अजय कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय कुमार, चौकी प्रभारी कस्बा नौतनवा योगेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी अड्डा बाजार भूपेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अखंड प्रताप सिंह, जगदंबा प्रसाद मौजूद रहे।

# तीन के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, निचलौल: थाना क्षेत्र के पाली उर्फ हनुमानगंज में दहेज मांगने को लेकर महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया है। रीना देवी ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी हुए 10 वर्ष हो गए हैं। उनके पति और सास, बहनोई तीनों दहेज की मांग करते हैं। पिताजी द्वारा दहेज न देने पर आए दिन मारते पीटते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति शिवनारायण, सास रूमाली देवी व बहनोई लाल जी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# वनकर्मी से मारपीट के मामले में दो युवकों पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, महराजगंज: पनियरा थाना क्षेत्र के दक्षिण बांकी रेंज के जंगल में 30 मई को धूमपान करने से रोकने पर कार सवार युवकों ने वनरक्षक विशाल गौड़ की पिटाई कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

वनरक्षक विशाल गौड़ ने बताया कि 30 मई की दोपहर में वह जंगल में गश्त पर थे। उसी दौरान जंगल में कार सवार दो जंगल के बाहर जाकर धूमपान करने की नसीहत दी तो वे आक्रोशित हो गए और उसकी पिटाई कर दी। पनियरा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि वनकर्मी की तहरीर पर श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के नगरौली निवासी प्राणेश शुक्ला और सिविल लाइन बस्ती के रहने वाले आदित्य दुबे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# स्ट्रांग रूम पर जवानों का पहरा प्रत्याशियों के एजेंट भी जमे

जागरण संवाददाता, महराजगंजः शनिवार को हुए मतदान के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) को जमा करा दी गई है। इसी के साथ स्ट्रांग रूम की चौकसी बढ़ा दी गई है। स्ट्रांग रूम पर अर्धसैनिक बलों का पहरा है। वहीं ईवीएम के साथ कोई छेड़छाड़ न करने पाए, इसे लेकर सुरक्षा के मद्देनजर राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों के एजेंट भी कलेक्ट्रेट में जमें है।

मतदान के बाद सबसे महत्वपूर्ण काम ईवीएम की सुरक्षा की होती है। चुनाव आयोग के निर्देश के तहत स्ट्रांग रूम की सुरक्षा अर्धसैनिक बलों के जवानों को सौंपी गई है। उन्होंने शाम से ही स्ट्रांग रूम को अपने कब्जे में ले लिया है। फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम ट्रेजरी के पश्चिम हाल में रखे गए हैं। इसी प्रकार नौतनवा विधानसभा क्षेत्र का ईवीएम कलेक्ट्रेट के पश्चिम हाल,



कलेक्ट्रेट में बने स्ट्रांग रूम पर तैनात जवान● जागरण

सिसवा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम ट्रेजरी के उत्तरी हाल, महराजगंज विधानसभा क्षेत्र का ईवीएम कलेक्ट्रेट के पूर्वी हाल व पनियरा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम ट्रेजरी के पूर्वी हाल में त्रिस्तरीय सुरक्षा में रखे गए है।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि पारदर्शिता बने रहे। बिना अनुमति किसी को भी स्ट्रांग रूम के आसपास जाना प्रतिबंधित है।

# पीआरवी ने भटकी महिलाओं को गंतव्य तक पहुंचाया

जागरण संवाददाता, महराजगंजः नेपाल के भ्रमण को निकली लखनऊ की रहने वाली दो महिलाएं शनिवार की रात में भटककर गोरखपुर रोड पर पहुंच गई थीं। रात में बस स्टेशन की खोज और वाहन न मिलने पर महिलाओं ने पीआरवी-112 को फोन कर मदद मांगी, जिसके बाद पहुंची पुलिस टीम ने रात में उन्हें बस स्टेशन पहुंचाया, जिसके बाद महिलाओं को बस मिली और दोनों महिलाओं ने पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लखनऊ के लिए रवाना हो गईं।

सदर कोतवाल राहुल शुक्ला ने बताया लखनऊ चौक थाना क्षेत्र की रहने वाली मंजू सिंह व रीना सिंह नेपाल घूमने पर गईं थी। वहां से लौटते वक्त शनिवार की देर रात वह महराजगंज पहुंची और गोरखपुर रोड पर पांच किमी आगे बढ़ गई थी।

रात में ढाई बजे वहां कोई वाहन न मिला और उन्हें लखनऊ जाने के लिए बस स्टेशन पहुंचना था। जिसके बाद पीआरवी-112 पर महिलाओं ने मदद मांगी। जिसपर पीआरवी प्रभारी मुख्य आरक्षी विनोद कन्नौजिया, महिला आरक्षी प्रियंका सिंह और गुंजा मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को बस स्टेशन पहुंचाया, जहां से उन्हें लखनऊ के लिए बस मिल गया।

# तात्कालीन एसओ पर दर्ज होगा मुकदमा

जागरण संवाददाता, महराजगंज: भूमि विवाद के मामले में दो वर्ष पूर्व निचलौल थाने पर बुलाकर दलित युवक को प्रताड़ित करने और एकतरफा शांतिभंग की कार्रवाई करना तत्कालीन थानाध्यक्ष को महंगा पड़ गया है। पीड़ित ने पहले पुलिस के उच्चाधिकारियों से इस मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई, लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो वह कोर्ट पहुंच गया। अब न्यायालय ने मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह, आरक्षी परमहंस गौड़ समेत तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

पिपरा काजी गांव के रहने वाले पीड़ित सिद्धार्थ गौतम का उसके गांव पर ही विपक्षियों से भूमि विवाद चल रहा था। इस संबंध में तीन जुलाई 2022 को दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया था। आरोप है कि थाने पर विपक्षीगणों से मिलकर निचलौल पुलिस ने थाने पर ही प्रताड़ित करते हुए न सिर्फ उसे भला-बुरा कहा, बल्कि हवालात में बंद कर दिया। कुछ समय बाद एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए शांतिभंग में चालान भी कर दिया, लेकिन चालानी रिपोर्ट में पुलिस ने फर्जी मामला लिखते हुए दिखाया कि गिरफ्तारी गांव से विवाद करते हुए की गई। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस महानिदेशक को भी शिकायत भेजी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पीड़ित के आवेदन के आधार पर विशेष न्यायाधीश अनन्य विशेष न्यायालय एससी-एसटी एक्ट शाकिर हसन ने तत्कालीन थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह, आरक्षी परमहंस गौड़ तथा एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# तत्कालीन थाना प्रभारी समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

## एक पक्षीय कार्रवाई करने के आरोप में न्यायालय ने पुलिस को दिया निर्देश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अदालत से**

**निचलौल।** थाना पर करीब दो वर्ष पहले भूमि विवाद के मामले में सुलह समझौता के दौरान एक पक्ष को लॉकअप में बैठने के साथ उसके साथ दुर्व्यहार और एक तरफा कार्रवाई करना तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक को भारी पड़ गया।

मामले में पीड़ित की गुहार पर विशेष न्यायाधीश एससी एसटी कोर्ट शाकिर हसन ने तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह और सिपाही परमहंस गौंड, समेत तीन के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करने का आदेश दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक वर्तमान में देवरिया जिले के मदनपुर में तैनात हैं।

न्यायालय में वाद दाखिल कर पीड़ित सिद्धार्थ गौतम निवासी पिपराकाजी ने बताया कि उसके गांव पर ही एक व्यक्ति से भूमि विवाद का मामला चल रहा था। तीन जुलाई 2022 को दोनों पक्ष थाने पहुंचे हुए थे।

पुलिस दूसरे पक्ष से मिलीभगत कर उनके साथ अभद्रता कर लॉकअप में बैठा दिया। इतना ही नहीं पुलिस उनके खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई हुए शांति भंग की धारा में पाबंद भी कर दिया। हद तो तब हो गई जब वह इस मामले में चालानी रिपोर्ट निकाली तो पुलिस ने उसमें उनकी गिरफ्तारी कही और से ही दिखाई थी।

पीड़ित ने इस मामले की शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारियों से की, लेकिन कही भी उनकी समस्या की सुनवाई नहीं की गई। उसके बाद वह न्यायालय के दरवाजे पर पहुंच न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि अभी उन्हें इस प्रकरण में कोई आदेश नहीं मिला है।

# मंदिर में तोड़फोड़ और चोरी के मामले में केस

**निचलौल।** जमुई पंडित निवासी द्वारिकाधीश मणि त्रिपाठी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के परिसर में राधाकृष्ण मंदिर है। 27 मई की रात पुजारी आरती के बाद मंदिर में ताला बंदकर घर चले गए। अगले दिन सुबह 6 बजे जब मंदिर में आरती के लिए पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा मिला। चोरों ने मंदिर में रखे भगवान कृष्ण की मूर्ति को उक्त स्थान से हटा कर परिसर के मुख्य द्वार पर रख दी थी, जबकि भगवान कृष्ण की मूर्ति का एक हाथ चुरा ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा की अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# मारपीट में दो घायल, पुलिस को दी तहरीर

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र के गांव बेलभार अड्डा बाजार में आपसी विवाद को लेकर दो पटीदारों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से दो लोग घायल हो गए। नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव बेलभार अड्डा बाजार निवासी मेराजुन्निशा ने पुलिस को दिए तहरीर में रविवार को भी गाली दे रहे थे। विरोध करने पर नही मान रहे थे तो डायल 112 पुलिस को सूचना दिया। पुलिस चौकी पर तहरीर देने के लिए कहा तो पति बाजार में तहरीर लिखवाने के लिए गए थे। लौटते समय दोनों पटीदार ने उनकी पिटाई कर दी। संवाद

# मारपीट में पुलिस ने छह लोगों को किया पाबंद

**परसामलिक।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में रविवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पटीदारों में कहासुनी हो रही थी। पुलिस ने दोनों पक्षों से छह लोगों को पाबंद कर न्यायालय चालान किया। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में पुरानी रंजिश को लेकर दो पटीदारों में कहासुनी हो रही थी। किसी ने परसामलिक पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सदरे आलम, नैमुन निशा, नाजमा खातून व दूसरे पक्ष से नजरें आलम, बसरून निशा, अक्लीमा खातून को पाबंद कर न्यायालय चालान किया है। संवाद

## मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बुधिरामपुर निवासी मुहम्मद अबुलैस का पुरैना चौराहे पर जनरल स्टोर की दुकान है। शनिवार को दुकान बंद करके बाइक से घर जा रहे थे। ड्रेन पुल के आगे घात लगाए बैठे छह युवकों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं। पीड़ित के अनुसार अज्ञात युवकों ने उसका मोबाइल व जेब में रखे नौ हजार रुपये भी छीन लिए तथा बाइक को गड्ढे में धकेलकर फरार हो गए। पीड़ित ने रात में ही इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। उसने श्यामदेउरवां थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। संवाद

## गाली देने का विरोध करने पर लाठी-डंडे से पीटा

**ठूठीबारी।** राजाबारी में पटीदार द्वारा गाली देने का विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के राजाबारी निवासी रम्भा ने बताया की हमारे पटीदार साजन यादव, राजन यादव, महातम यादव, राजन का साला रामकिशुन यादव ग्राम मोहम्मदापुर गाली-गुप्ता देने लगे। विरोध किया तो आरोप है की नाराज होकर सभी लोग मेरे घर में घुसकर लाठी-डंडे से मारने-पीटने लगे। ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी नीरज राय ने बताया कि  साजन यादव, राजन यादव, महातम यादव व राजन का साला रामकिशुन यादव पर केस दर्ज हुआ है। संवाद

## मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**भिटौली।** थाना क्षेत्र के बभनौली निवासी प्रीति ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारने पीटने, दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। बीते दो वर्ष पूर्व मेरी शादी चंद्रशेखर पांडेय से हुई थी। शादी के बाद भी कम दहेज एवं सामान की शिकायत ससुराल पक्ष के लोग हमेशा करने लगे। घटना के दिन उक्त तीनों लोगों ने दो लाख रुपये की मांग करते हुए मुझे प्रताड़ित करने लगे। थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति चंद्रशेखर, शैलेश पांडेय एवं सीमा पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

# मतगणना के लिए 15 अतिरिक्त आरओ नियुक्त

बस्ती (एसएनबी)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत 61-बस्ती संसदीय क्षेत्र की मतगणना हेतु 15 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर की नियुक्ति की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने बताया है कि ये ईटीपीबीएस एवं पोस्टल बैलेट की गणना का कार्य सम्पादित करेंगे।

उन्होंने बताया कि टेबल संख्या 1 के लिए खण्ड विकास अधिकारी परसरामपुर, 2 के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज, 3 के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्रैया, 4 के लिए खण्ड विकास अधिकारी सल्टौआ गोपालपुर, 5 के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्ती सदर, 6 के लिए खण्ड विकास अधिकारी सऊघाट, 7 के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी दुबौलिया, 8 के लिए खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर, 9 के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी रूधौली तथा 10 के लिए खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज की नियुक्ति की गयी है। उन्होने बताया की समस्त टेबल के लिए खण्ड विकास अधिकारी विक्रमजोत को नियुक्ति किया गया है।

## सामान्य प्रेक्षक व मतगणना प्रेक्षक का हुआ आगमन

बस्ती (एसएनबी)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक बबिता आईएएस एवं मतगणना प्रेक्षक माया देवी पटोले का आगमन रविवार को जनपद में हो गया है। वर्तमान में दोनो प्रेक्षक आवास सर्किट हाउस ठहरी है। सामान्य प्रेक्षक बविता तथा मतगणना प्रेक्षक मायादेवी पटोले का जिला प्रशासन ने टेलीफोन नम्बर जारी करते हुए सभी राजनैतिक दल एवं जनप्रतिनिधि से अपील किया है कि सामान्य प्रेक्षक बविता से विधान सभा बस्ती सदर, कप्तानगंज एवं हरैया एवं मतगणना प्रेक्षक मायादेवी पटोले से विधान समा महादेवा एवं रुधौली से सम्बन्धित चुनावी मतगणना एवं समस्याओं के सम्बन्ध में सोमवार को सर्किट हाउस के मीटिंग सभागार में सांय 6 बजे तक मुकालात कर सकते है।

# हाईवे से सफर करना हुआ महंगा, नई दरें लागू



मड़वानगर टोलप्लाजा • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्तीः हाईवे का सफर मंहगा हो गया है। हाईवे पर सफर करने वालों को अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी।

रविवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने टोल की दरों में इजाफा कर दिया है। अब वाहन चालकों को पांच से 25 रुपये तक अधिक टोल टैक्स चुकाना होगा। एनएचएआइ ने टोल की नई दरें जारी कर दी है। अब दो जून यानी रविवार रात 12 बजे से इसे लागू कर दिया गया।

चौकड़ी और मड़वानगर टोल पर रात बारह बजे से नई दरों के आधार पर टोल टैक्स लेना शुरू हो गया है।

| वाहन का नाम | पहले | अब |
|---|---|---|
| कार व जीप | 95 | 100 |
| छोटे व्यावसायिक वाहन | 155 | 160 |
| बस व ट्रक | 325 | 335 |
| थ्री एक्सेल व्यावसायिक वाहन | 355 | 365 |
| चार से छह एक्सेल | 510 | 525 |
| सात व उससे अधिक एक्सेल | 620 | 635 |

## राजकीय बाल गृह की दीवार कूदकर तीन किशोर फरार

**बस्ती (एसएनबी)।** जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय बाल गृह से सुबह तीन किशोर चहारदीवारी फांद कर फरार हो गए। देर शाम तक किशोरों का पता नहीं लग सका। शहर के कोतवाली रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रह रहे तीन किशोर शनिवार की सुबह बाल गृह की मालवीय रोड की तरफ लगने वाली उत्तरी चहारदीवारी को फांद कर एक साथ फरार हो गए। इसकी जानकारी बाल गृह के कर्मचारियों अधीक्षक को और अधीक्षक ने बाल संरक्षण अधिकारी को दी। बाल गृह के कर्मचारियों ने बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन सहित शहर के विभिन्न जगहों पर उनकी तलाश की। लेकिन तीनों किशोरों का पता नहीं चल सका। फरार हुए किशोर में एक किशोर बनियान पहने ही बाल गृह परिसर से निकल गया। जबकि दो किशोर अन्य कपड़ों में फरार हुए हैं। एक किशोर राजकीय इंटर कलेज में 10वीं का छात्र है, जबकि दो किशोर नगर पालिका कार्यालय के निकट स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में 7 वीं और 8 वीं के छात्र हैं। तीनों की तलाश चाइल्ड हेल्प लाइन के माध्यम से और पुलिस के सहयोग से की जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कहा किशोरों को शीघ्र ढूंढ़ लिया जाएगा।

## शांतिभंग में दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद में धारा 144 व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन तथा क्षेत्र की शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने शान्ति भंग में दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए संबंधित न्यायालय में पेश किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती थाने में तैनात उप निरीक्षक आशुतोष शुक्ला, हेड कांस्टेबल शिब्बनलाल द्वारा क्षेत्र से विश्व कुमार सोनकर पुत्र रंगलाल निवासी डफली टोला थाना पुरानी बस्ती व राघवेंद्र कुमार शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी भरौली थाना रूधौली को शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना के दृष्टिगत गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी में चालान किया। तत्पश्चात दोनो अभियुक्तो को न्यायालय एसडीएम सदर बस्ती के समक्ष रवाना किया गया।

# मारपीट के मामले में पांच लोगों को सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा चलाए जा रहे अपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल तथा थाना पुरानी बस्ती पुलिस द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 5 अभियुक्तों को 6 माह की परिवीक्षा पर छोड़ा गया। जानकारी के अनुसार थाना पुरानी बस्ती पर पंजीकृत मुकदमा धारा 147, 323, 325, 504 आईपीसी से संबंधित भुवाल, कन्हैया पुत्रगण लुटावन, हृदयलाल पुत्र तीरथ, गुलाबा पत्नी भुवाल, सुलोचना पत्नी कन्हैया निवासीगण लखनौरा थाना पुरानी बस्ती की विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना पुरानी बस्ती पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से न्यायालय सीजेएम, बस्ती द्वारा आरोपी भुवाल, कन्हैया, हृदयलाल, गुलाबा व सुलोचना को 6 माह की परिवीक्षा पर छोड़ा गया।

# कुआनों नदी में युवक ने लगायी छलांग

**बस्ती (एसएनबी)।** गौर वाल्टरगंज सीमा पर स्थित गटरा पुल के ऊपर से कुआनों नदी में एक युवक ने छलांग लगा दिया। जिसे राहगीरो द्वारा देखने के बाद इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस  को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश गोताखोरो के माध्यम से कर रही है। रविवार की दोपहर बाद करीब 4 बजे कुआनों नदी स्थित गटरा पुल के उपर से एक व्यक्ति आत्महत्या करने के लिए गहरे पानी में छलांग लगा दिया। घटना की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण और पुलिस पहुंच गई। पुलिस के अनुसार नदी में छलांग लगाने वाला व्यक्ति पुरानी बस्ती थाना के नरहरिया गांव का रहने वाला है। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी टिनिच सचिन्द्र कुमार ने बताया की स्थानीय गोताखोर की मदद से तलाश जारी है और उच्चाधिकारियों को भी यथा स्थिति से अवगत करा दिया गया है। खबर लिखे जाने तक युवक की तलाश नही हो सकी।

# एएसपी ने कलवारी थाने का किया निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक आधी रात को कलवारी थानेपर अचानक पहुंच गये जहां उन्होंने थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी ने कार्यालय सहित थाना परिसर की बारीक के साथ जांच की। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्र की शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मातहतो को जरूरी दिशा निर्देश भी दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती मध्य रात्रि को अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह अपने काफिले के साथ कलवारी थानेपर पहुंचे जहां पर उन्होंने औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना कार्यलय, मेस, मालखाना, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, हवालात ,सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों के उचित रख-रखाव व थाना परिसर की साफ-सफाई हेतु संबंधित को आदेशित किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष -2024 में होने वाले मतगणना के दृष्टिगत थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व मत मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शासन/ प्रशासन से प्राप्त आवश्यक दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष कलवारी व समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



कलवारी थाने का निरीक्षण करतेएएसपी ओपी सिंह।

# महिला का गला रेत मौत के घाट उतारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** कलवारी थानाक्षेत्र के परा पिरई नकहा गांव निवासिनी शाहिना खातून (32) की बीते शनिवार को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा गला रेतकर लहू हुलान कर दिया गया था, जिसकी मेडिकल कालेज ले जाते समय मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में कलवारी थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह तथा उनकी पुलिस टीम द्वारा घटना के 24 घण्टे के भीतर हत्या के मुख्य आरोपी सहित दो आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया।

**मृतका की बहन सहित दो महिलाएं भी पुलिस हिरासत में**

जानकारी के अनुसार थाना कलवारी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पूरापिरई नकहा में चाकू से गला रेतकर की गई हत्या के संबंध में धारा 302, 120-बी आईपीसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जावेद अहमद खान, हसीना पत्नी अब्दुल रहीम व सबाना उर्फ बेबी पत्नी अब्दुल वहाब को सोनबरसा मोड़ कुसौरा बाजार व ग्राम पूरापिरई थाना कलवारी से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते शनिवार को नकहा गांव की रहने वाली शाहिना खातून तथा उसकी बहन सबाना उर्फ बेबी के बीच में कुछ विवाद हो गया था। सबाना की तरफ से गांव के ही एक युवक जावेद अहमद खान शाहिना खातून से विवाद करने लगा। जिसके बाद शाहिना खातून पुलिसिया कार्यवाही हेतु थाना कलवारी पर तहरीर देने के लिए घर से निकली थी। इसी बीच आरोपी जोवद अहमद खान चाकू लेकर आया और शाहिना खातून का गला रेतकर उसे लहू लुहान कर दिया। वहीं घटना के बाद आस पास के लोगो ने शाहिना खातून को जिला अस्पतला पहुंचाया जहां से नाजुक स्थिति में उसे मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर किया गया था। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही शाहिना खातून ने दम तोड़ दिया। मामले में कलवारी पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी जावेद अहमद खान पुत्र महबूब अहमद खान, हसीना पत्नी अब्दुल रहीम निवासीगण पूरापिरई नकहा थाना कलवारी तथा मृतका की बहन सबाना उर्फ बेबी पत्नी अब्दुल वहाब निवासिनी ग्राम करौता थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को घटना में प्रयुक्त एक चाकू के साथ गिरफ्तार करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा गया जहां से तीनों को जेल भेजने की कार्यवाही की गयी है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि आरोपी जावेद के विरूद्ध थाने में पूर्व में ही एक बार धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत हो चुका है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह के साथ ही उप निरीक्षक जगदीश सिंह, आरक्षी श्यामसुन्दर, आरक्षी अमन यादव, महिला आरक्षी पूजा सिंह थाना कलवारी मौजूद रहे।



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी।

# आधी रात से लागू हुईं नई दरें, महंगा हुआ हाईवे पर सफर

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** अयोध्या-गोरखपुर व अंबेडकरनगर के रास्ते फोर व्हीलर पर सफर करना रविवार की आधी रात से मंहगा हो गया है। नई दरें लागू होते ही वाहन चालकों की जेब पर इसका असर पड़ना शुरु हो गया है। वैसे तो टोल की नई दरें पहली अप्रैल से ही लागू की जानी थी मगर लोकसभा चुनाव की वजह से दो महीने के लिए टाल दिया गया था। जैसे ही एक जून को आखिरी चरण का मतदान शनिवार को पूरा हुआ तो दो जून रविवार की आधी रात से नई दरें लागू कर दी गई।



अयोध्या फोरलेन का चौकड़ी टोल प्लाजा।

अयोध्या, गोरखपुर व अंबेडकरनगर की ओर गुजरने वाले करीब दो लाख वाहन चालकों पर इसका सीधा असर पड़ने वाला है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक ललित प्रताप ने पूछे जाने पर बताया कि नई टोल दरें रविवार की रात 12 बजे से लागू कर दी गई हैं।

इसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। चुनाव के चलते इसे दो महीने के लिए स्थगित रखा गया था। दो जून की आधी रात से लागू कर दिया गया है। चौकड़ी टोल प्लाजा के प्रबंधक संदीप मान ने बताया कि गाड़ियों के टोल टैक्स पर मामूली वृद्धि की गई है।

कार, जीप, वैन व हल्के वाहन पर पांच रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है, जबकि हल्के कामार्शियल वाहन बस, ट्रक पर 10 रुपये, 14 से लेकर 22 चक्के की गाड़ियों पर 20 रुपये और ओवरसाइज वाहन के टोल टैक्स में 30 रुपये की वृद्धि की गई है।

**यहां पर संचालित हैं टोल प्लाजा:** जिले में बस्ती-अयोध्या फोरलेन पर शहर से सटे मड़वानगर, हर्रैया क्षेत्र के चौकड़ी (छावनी) में टोल प्लाजा से टोल टैक्स वसूल किया जाता है। हालांकि चौकड़ी टोल प्लाजा हटाए जाने का मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन चल रहा है। इसके अलावा बस्ती, टांडा अंबेडकरनगर हाइवे पर एक्सड़ा टोल संचालित हो रहा है।

# 18 मजिस्ट्रेटों के खाते से वापस हो गई धनराशि

बस्ती। लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए तैनात 16 जोनल और 126 सेक्टर मजिस्ट्रेट के उपलब्ध कराए गए खाता विवरण की बेनीफिशरी तैयार किया गया था। इसके आधार पर उनके पारिश्रमिक का भुगतान ई-पेमेंट के आधार किया गया गया था।

जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के 142 खातों में 18 के खातों की धनराशि किन्हीं कारणों से वापस हो गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिक अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वापस हुए खातों की संख्या, आईएफएससी आदि का पुनः मिलान कर सही विवरण उपलब्ध कराएं, जिससे रिटर्न बिल तैयार कर वापस हुई धनराशि संबंधित अधिकारी के खाते में भेजा जा सके।



हत्यारोपितों के साथ कलवारी थाने की पुलिस।

# कलवारी पुलिस के हत्थे चढ़े तीन हत्यारोपित

बस्ती, निज संवाददाता। कलवारी थानाक्षेत्र के पूरापुरई नकहा गांव में महिला की गला रेतकर कर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी भी उसी गांव का निवासी बताया गया है। गौरतलब है कि पूरापुरई नकहा गांव में अपने मायके में रह रही तलाकशुदा महिला शाहिना खातून (32) की शनिवार को गला रेत कर हत्या कर दी गई थी।

गांव के ही एक व्यक्ति ने दो बहनों के बीच चल रहे जमीन के विवाद में दूसरी बहन का पक्ष लेते हुए बड़ी बहन का चाकू से गला रेत दिया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि मृतका के बहनोई खलीलाबाद निवासी मोहम्मद हारून की तहरीर पर पूरापुरई नकहा निवासी जावेद अहमद, हसीना व सबाना उर्फ बेबी निवासनी करौता खलीलाबाद पर हत्या दर्ज किया।

## अपने मायके में रह रही थी शाहिना खातून

तलाकशुदा शाहिना खातून अपनी बेटी अपने मायके पूरापुरई नकहा में तलाक लेने के बाद कई बरस से रही थी। उसकी बहन सबाना उर्फ बेबी खलीलाबाद में ब्याही थी। उसी से गांव की प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। घटना के दिन शनिवार को उसके घर वार्ता चल रही थी। विवाद होने पर शाहिना थाने पर तहरीर देने जा रही थी कि जावेद ने गुस्से में आकर शाहिना खातून का गला रेत दिया। महिला खून से लथपथ पड़ी रही। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### मतगणना स्थल पर आने-जाने वाले वाहनों पर रखी जा रही नजर, इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधियों का भी 24 घंटे पहरा जारी

# उल्टी गिनती शुरू, 24 घंटे बाद आएंगे नतीजे

**लोकसभा चुनाव**



रविवार को मतगणना स्थल मंडी समिति की बैरिकेडिंग की जांच करते डीएम-एसपी। • हिन्दुस्तान

बस्ती, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को होगी। इसकी उल्टी गिनती शुरु हो गई है। अगले 24 घंटे में नतीजे आने शुरु हो जाएंगे। वहां मतगणना स्थल पर पुलिस -प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं लेकिन पार्टी प्रतिनिधियों की ओर से भी 24 घंटे पहरा दिया जा रहा है। वह एक मिनट के लिए भी मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम से अपनी नजर नहीं हटा रहे हैं। यह लोग वहीं मंडी के बाहर आने वाले लोगों वाहनों की भी निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा प्रशासनिक व पुलिस अफसर हर दिन मतगणना स्थल का जायजा ले रहे हैं। पार्टी के प्रत्याशी भी चक्कर लगा रहे हैं।

**प्रेक्षकों की मौजूदगी में होगी मतगणना:** निष्पक्ष मतगणना कराने को लेकर चुनाव आयोग ने प्रेक्षकों की तैनात की है। महाराष्ट्र कैडर की आईएस अफसर मायादेवी पटोले को विधानसभा रुधौली व महादेवा का आब्जर्वर तथा पंजाब कैडर की आईएएस बबिता को हर्रैया, कप्तानगंज व बस्ती सदर की जिम्मेदारी चुनाव आयोग ने सौंपी है। मतगणना का पूरा कार्य इन्हीं दो प्रेक्षकों की निगरानी में पूरा होगा।

**चार जून को बंद रहेंगी शराब-बीयर की दुकानें:** मतगणना के दिन जिले में देशी-विदेशी शराब व बीयर की सभी दुकानें बंद रहेंगी। अब चार जून को चुनाव नतीजे घोषित होंगे। बस्ती लोकसभा सीट की मतगणना मंडी समिति में होगी। चुनाव आयोग के निर्देश के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी किया है। पूछे जाने पर डीईओ राजेश त्रिपाठी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर चार जून सुबह छह बजे से मतगणना समाप्त होने तक जिले में मादक पदार्थ की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा।

इसमें देसी शराब, अंग्रेजी शराब, बीयर, मॉडल शाप, बार व भांग की सभी थोक व फुटकर दुकानें बंद रहेंगी। आदेश के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी।

**पांच लेयर की रहेगी सुरक्षा, दो कंपनी एसएसबी तैनात:** पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया मतगणना के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी और सुरक्षा में कोई चूक नहीं हो इसके लिए पांच लेयर की सुरक्षा बनाई गई है। उन्होंने स्वयं सुरक्षा का खाका तैयार किया है।

कहा कि पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी व पांचवीं लेयर की सुरक्षा में छह सीओ, 187 निरीक्षक व उपनिरीक्षक, करीब 700 महिला व पुरुष पुलिसकर्मी लगे रहेंगे। दो कंपनी अर्द्धसैनिक बल (एसएसबी) और एक कंपनी पीएसी की भी तैनात रहेगी। सभी प्रवेश गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे।

एजेंट व मतगणना कार्मिकों को उनका पास देखने और गहन तलाशी के बाद ही अंदर जाने की इजाजत दी जाएगी। मतगणना स्थल पर सिर्फ कार्मिक व एजेंट ही अंदर जाएंगे। वहीं सादे लिबास में करीब 30 पुलिसकर्मी, एएस चेक टीम मतगणना स्थल पर रहेगी।

**अलर्ट मोड में रहेगा समूचा जनपद:** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्र वाले 18 पिकेट प्वाइंट बनाए गए हैं। सभी थाने व कोतवाली पुलिस को भी अलर्ट मोड में कर दिया गया है। थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे।

### यातायात व्यवस्था संभालेगी ट्रैफिक पुलिस

मंडी समिति के सामने से नेशनल हाईवे 28 गुजरता है। मतगणना के दिन मंडीस्थल के बाहर भारी संख्या में लोग जुटने और वाहन आने की संभावना के मद्देनजर एसपी ने वहां यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए रूट चार्ट तैयार किया है। मंडी से दो किलोमीटर दूर से ही हाईवे को वन-वे कर दिया जाएगा। वन-वे होने पर एक लाइन से वाहन गुजरने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए टीएसआई व 65 ट्रैफिक पुलिसकर्मी ड्यूटी निभाएंगे। यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह भ्रमणशील रहकर यातायात सुचारु बनाए रखेंगे।

### 3 फायर टेंडर रहेंगे तैनात

मंडी समिति में मतगणना के दौरान तीन फायर टेंडर तैनात रहेंगे। फायर सर्विस विभाग के फायरमैन चौकस व सजग रहकर ड्यूटी करेंगे। किसी भी घटना की सूचना पर वह तत्काल मौके पर पहुंचेंगे। फायरमैन की टीम मतगणना के दौरान वहां भ्रमणशील रहेगी।

### सीसीटीवी से मतगणना की होगी निगरानी

मतगणना सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। इसके लिए मंडी समिति में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम से मतगणना सहित सुरक्षा व्यवस्था का जायजा पुलिस व प्रशासन के अधिकारी लेंगे।

# तैयारियां पूरीं, मंडी परिषद में कल होगी मतगणना

- अधिकारी भी निरीक्षण कर व्यवस्था का ले चुके हैं जायजा
- पांच पंडालों में 14- 14 टेबलों पर होगी मतगणना



मंडी समिति में मतगणना के लिए टेबल के चारो तरफ बैरिकेडिंग • जागरण

जासं, बस्ती: लोकसभा चुनाव के मतगणना की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। अधिकारी निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा भी ले चुके हैं। मतगणना के लिए विधानसभावार पांच पंडाल बनाए गए हैं। छठवें पंडाल में पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। प्रत्येक पंडाल के लिए निर्धारित मतगणना एजेंट तैनात होंगे।

लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र हर्रैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती सदर व महादेवा के लिए पांच पंडाल बनाए गए हैं। प्रत्येक पंडाल में 15-15 टेबल लगाए जाएंगे। 14 टेबलों पर ही मतगणना होगी, एक टेबल पर एआरओ होंगे। जहां पर 14 टेबलों के परिणाम की फीडिंग होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अन्द्रा वामसी ने बताया कि पांचों विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी प्रत्याशियों की तरफ से 75 एजेंट रहेंगे। छठवें पंडाल में 10 टेबल लगाए जाएंगे। यहां पोस्टल बैलेट की गिनती होगी।

**मतगणना स्थल पर होगी हाईस्पीड इंटरनेट की व्यवस्था:** मतगणना स्थल पर हाईस्पीड इंटरनेट की विशेष व्यवस्था होगी। इसके लिए निर्वाचन अधिकारी ने बीएसएनएल के महाप्रबंधक व स्काइनेट कंपनी को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक लीज लाइन का कनेक्शन लगेगा। आरओ के कक्ष में आठ कनेक्शन देने होंगे।

**15 सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतगणना के लिए 15 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर की नियुक्त किए गए हैं। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अन्द्रा वामसी ने बताया कि ये ईटीपीबीएस एवं पोस्टल बैलेट की गणना का कार्य संपादित करेंगे।

टेबल संख्या एक के लिए खंड विकास अधिकारी परशुरामपुर, दो के लिए खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज, तीन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी हर्रैया, चार के लिए खंड विकास अधिकारी सल्टौआ गोपालपुर, पांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बस्ती सदर, छह के लिए खंड विकास अधिकारी साऊंघाट, सात के लिए खंड शिक्षा अधिकारी दुबौलिया, आठ के लिए खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर, नौ के लिए खंड शिक्षा अधिकारी रुधौली तथा 10 के लिए खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज की नियुक्ति की गयी है। उन्होंने बताया की समस्त टेबल के लिए खंड विकास अधिकारी विक्रमजोत को नियुक्ति किया गया है।

### मतगणना स्थल पर नहीं ले जा सकेंगे मोवाइल

जासं, बस्ती: उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चंद्र ने बताया कि मतगणना अभिकर्ता गेट नंबर 2 से प्रवेश पाएंगे। मतगणना में लगे कर्मचारी गेट संख्या तीन से प्रवेश कर सकेंगे, इनके वाहन पार्क की सुविधा फल मंडी गेट पर रहेगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतगणना स्थल से 100 मीटर दूर वाहन पार्क किए जा सकेंगे।

**यह और अन्य खबरें देखे-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# गला रेतकर हत्या करने वाला आरोपित सहित दो महिला गिरफ्तार



नकहा गांव में गला रेतकर हत्या मामले में कलवारी पुलिस ने आरोपी जावेद, सबाना व हसीना को किया गिरफ्तार ● जागरण

जागरण संवाददाता, बहादुरपुरः कलवारी पुलिस ने महिला की गला रेत कर हत्या करने वाले आरोपित के साथ साजिश में शामिल दो अन्य महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। आरोपितों को पुलिस ने सोनबरसा मोड़ के पास से पकड़ा है। आरोपित की पहचान गांव के जावेद खान व हसीना तथा सबाना उर्फ बेबी निवासी करौता थाना खलीलाबाद जिला संतकबीर नगर के रूप में हुई।

कलवारी थानाक्षेत्र के नकहा गांव स्थित मायके में साहिना खातून अपने सात वर्षीय बेटी खुशी के साथ अकेले रहती थी। उसके माता पिता की पहले ही मृत्यु हो गई थी। उसके दो भाई परिवार के साथ बाहर रहते हैं। चर्चाथा कि संतकबीरनगर के खलीलाबाद की रहने वाली साहिना की बहन सबाना शुक्रवार को मायके आई थी। घर में सामान रखने को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद सबाना की तरफ से गांव का एक युवक जावेद भी साहिना से विवाद करने लगा। इसके बाद सबाना अपने ससुराल चली गई। उसके जाने के बाद जावेद ने साहिना को अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी थी। शनिवार की सुबह साहिना अपनी बेटी के साथ थाने पर तहरीर देने जा रही थी। ताकिया गांव के पास पहुंचते ही जावेद ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया था। संतकबीरनगर के थाना धनघटा के खैरा निवासी मृतका के जीजा हारून की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि एक सूचना मिली कि हत्यारोपित व साजिशकर्ता कहीं भागने के फिराक में है, पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपितो को धरदबोचा।

# एएसपी ने किया थाने का निरीक्षण

जासं, बस्ती: एएसपी आपी सिंह ने शनिवार की रात कलवारी थाने का निरीक्षण किया। थाना कार्यालय, मेस, मालखाना, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क सहित अभिलेखों के उचित रख-रखाव की हकीकत देखी। थाना परिसर की सफाई के लिए निर्देशित किया। कहा कि मतगणना के दृष्टिगत थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारी कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर रहें।

# कुआनो में डूबे युवक का शव पुलिस ने निकाला

टिनिच (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। गौर थानाक्षेत्र के बलुआ गांव के गटरा पुल कुआनो नदी में नहाने आया युवक गहरे पानी में डूब कर गायब हो गया। स्थानीय गोताखोर व गौर पुलिस ने नदी में युवक की तलाश शुरू की। देर रात उसकी लाश बरामद कर ली गई। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरा।

टिनिच चौकी प्रभारी टिनिच सचिन्द्र कुमार के अनुसार नदी में नहाने आया युवक पुरानी बस्ती थाना के नरहरिया का निवासी हनुमान (21) अपने तीन दोस्तों के साथ था। उसके डूबने की खबर मिलते ही बचाव की कार्रवाई शुरु कर दी है। मगर देर शाम उसका पता नहीं लग सका है। नदी में लापता युवक के पिता अक्षय ने बताया कि उनका बेटा रविवार की सुबह गैस सिलेंडर लेने गया था। वह अपने दोस्त मुकेश व रामकुमार के साथ बलुआ कुआनो नदी में कैसे आया मुझे नहीं मालूम है। उसके दोस्त मुकेश ने बताया की हम लोग नहाने आए थे कि अचानक हनुमान गहरे पानी में चला गया।



हनुमान (फाइल फोटो)।

# 24 घंटे बाद ईवीएम से बाहर आएगा नौ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## मतगणना की तैयारी अंतिम चरण में, प्रत्येक टेबल पर एक प्रत्याशी का एक ही एजेंट रहेगा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** 24 घंटे बाद मतगणना शुरू हो जाएगी। इसके बाद बस्ती लोकसभा क्षेत्र के नौ प्रत्याशियों के चुनावी किस्तम का फैसला हो जाएगा। मतगणना की प्रशासनिक तैयारियां भी अंतिम चरण में है। प्रशासन ने कार्मिकों की टीम प्रशिक्षण के उपरांत तैयार कर ली गई है। वहीं राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की ओर से एजेंट नामित कर लिए गए हैं।

निर्वाचन कार्यालय से मतगणना एजेंटों का पास जारी कराने के लिए फोटो एवं पहचान पत्र जमा कराए जा रहे हैं। इसके अलावा टेबल-टेबल वोटों का लेखा-जोखा संकलित करने के लिए इन एजेंटों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।

प्रमुख पार्टियों की तरफ से मतगणना कराने वाले अनुभवी कार्यकर्ताओं को एजेंट बनने का मौका दिया जा रहा है, ताकि वोटों का लेखा-जोखा संकलित करने के साथ मतगणना पर निगरानी में भी कोई कसर न रहे।

मंडी समिति के याडों में पांच विधानसभा क्षेत्र के वोटों की अलग-अलग गणना कराई जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर मतों की गणना के लिए पांच कार्मिक नियुक्त होंगे।



मतगणना स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते एसपी। संवाद

### मतगणना के दिन वन-वे रहेगा हाईवे

मतगणना स्थल मंडी समिति हाईवे पर स्थित है। इसलिए पॉलीटेक्निक चौराहे से हड़िया तक हाईवे को वन- वे रखा जाएगा। ताकि मतगणना कार्य में कोई व्यवधान न आए। सुरक्षा की दृष्टि से विनर एवं रनर प्रत्याशियों को विशेष सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मतगणना स्थल के बाहर भीड़ नहीं एकत्र होने दी जाएगी।

बैरिकेडिंग के भीतर मतगणना होगी और उसके बाहर प्रत्येक टेबल के सामने प्रत्याशियों के एजेंट रहेंगे। इस तरह एक विधानसभा में 70 कार्मिक मतों की गणना करेंगे और बाहर खड़े होकर एक प्रत्याशी के 14 एजेंट प्रत्येक टेबल पर निगरानी रखेंगे। मतों की गिनती में चूक होने पर एजेंट आपत्ति भी दर्ज कराएंगे। एक प्रत्याशी की ओर पांच विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना के लिए 70 एजेंट तथा दस एजेंट अतिरिक्त मतों की गणना के लिए अनुमन्य है। उधर, मतगणना के लिए राजनीतिक दल भी रणनीति तैयार कर रहे हैं।

**चक्रवार होगी गणना :** चार जून की सुबह आठ बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। 29 से लेकर 35 राउंड में मतगणना पूरी होने की उम्मीद है। एक विधानसभा के 14 टेबल पर पहले चक्र की गणना पूरी होने के बाद फाइनल रिपोर्ट संबंधित एआरओ के पास आएगी।

यहां टेबलवार गणना का आंकड़ा सम्मिलित कर प्रमाणित सूची एनाउंस के साथ आरओ के पास भेजी जाएगी। जहां पांचों विधानसभा क्षेत्र की गणना को सम्मिलित कर चक्रवार लोकसभा का परिणाम घोषित किया जाएगा। प्रत्येक चक्र की गणना निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और एप पर भी अपलोड होती रहेगी।

### जनप्रतिनिधि एवं वीआईपी नहीं बन सकते एजेंट

विशेष सुरक्षा प्राप्त जनप्रतिनिधि, नेता व वीआईपी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों की तरफ से एजेंट नहीं बन सकते हैं। मतगणना एजेंट अपने साथ मोबाइल एवं इलेक्ट्रिक उपकरण भी नहीं ले जा पाएंगे। पेन, कागज व कैल्कुलेटर ले जाने की अनुमति है। मतगणना स्थल पर इन्हें सुबह साढ़े छह बजे प्रवेश करना होगा। सभी के लिए मतगणना पास साथ ले जाना अनिवार्य होगा। इनकी मौजूदगी में ही सभी विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ हो जाएगी।

मतगणना स्थल से लेकर बाहर हाईवे पर भी कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। आयोग के निर्देश का पूरा पालन कराया जाएगा। मतगणना के बाद विनर, रनर दोनों प्रत्याशियों को पुलिस सुरक्षा में घर छोड़ा जाएगा। मतगणना स्थल के बाहर समर्थकों, कार्यकर्ताओं की भीड़ नहीं लगने दी जाएगी।

**-कृष्ण गोपाल चौधरी, एसपी**

# मारपीट के मामले में दो लोगों पर केस दर्ज

**सल्टौआ।** कोठिला गांव की खुशबू पुत्री ढोढ़ई ने सोनहा थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार शाम को पुरानी रंजिश में गांव के रवि सोनकर व संजू देवी ने मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# संपत्ति विवाद में हुई थी शाहिना की हत्या, बहन समेत तीन गिरफ्तार

## पुलिस ने किया हत्या का पर्दाफाश, गांव से भागने की फिराक में थे तीनों, चाकू भी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कलवारी क्षेत्र के पूरापुरई नकहा गांव की शाहिना खातून (30) की गला रेतकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी में शाहिना की बहन भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार, पूरापुरई नकहा गांव में मयके में रह रही तलाक शुदा शाहिना खातून की शनिवार को गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि गांव के ही जावेद ने शाहिना का गला चाकू से रेता था। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मायके की संपत्ति को लेकर शाहिना व उसकी बहन शबाना के बीच विवाद चल रहा था।

विवाद के बाद शाहिना कलवारी पुलिस से शिकायत करने जा रही थीं। दूसरी बहन शबाना का पक्ष लेते हुए जावेद अहमद ने रास्ते में शाहिना का गला रेत दिया था। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी।

एसपी ने बताया कि शाहिना के बहनोई संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद निवासी मोहम्मद हारून की तहरीर पर कलवारी थाना क्षेत्र के पूरापुरई नकहा गांव के जावेद अहमद व साजिश में शामिल गांव की हसीना और शाहिना की बहन शबाना निवासी ग्राम करैता, कोतवाली, खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के खिलाफ कलवारी पुलिस ने हत्या का केस दर्जकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू भी बरामद कर लिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### मयके में रह रही थी शाहिना खातून

पति से तलाक के बाद शाहिना खातून बेटी खुशी के साथ मायके पूरापुरई नकहा में रह रही थी। जबकि उसकी बहन शबाना उर्फ बेबी की खलीलाबाद में शादी हुई है। शबाना से मायके की संपत्ति को लेकर शाहिना का विवाद होता रहता था। घटना के दिन शनिवार को उसके घर पंचायत चल रही थी। इसी विवाद में गांव के जावेद ने गुस्से में शाहिना का गला रेत दिया और मौके से भाग गया। महिला खून से लथपथ पड़ी रही।।

### मौसा के पास रहेगी मासूम खुशी

शाहिना खातून की मौत के बाद उनकी सात वर्षीय बेटी खुशी को पुलिस ने उसके मौसा मोहम्मद हारून को सौंप दिया है। शनिवार देर रात गांव में पहुंचे एएसपी ओपी सिंह ने मासूम से घटना के बारे में जानकारी ली थथी। पुलिस ने रविवार को खुशी को उसके मौसा मोहम्मद हारून को सौंप दिया।

# 15 अतिरिक्त एआरओ होंगे तैनात

**बस्ती।** बस्ती संसदीय क्षेत्र की मतगणना के लिए 15 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अफिसर की नियुक्ति की गई है।

डीएम अंद्रा वामसी ने बताया कि अतिरिक्त एआरओ ईटीपीबीएस, पोस्टल बैलेट की गणना करेंगे। टेबल संख्या एक के लिए बीडीओ परसरामपुर, 2 के लिए बीडीओ कप्तानगंज, 3 के लिए बीडीओ हर्रैया, 4 के लिए बीडीओ सल्टौआ गोपालपुर, 5 के लिए बीडीओ बस्ती सदर की ड्यूटी लगी है। संवाद

### दो नंबर गेट से एजेंट व तीन से होगी कर्मियों की इंट्री

**बस्ती।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चंद्र ने बताया है कि मतगणना स्थल पर आने वाले काउंटिंग एजेंट की एंट्री गेट नंबर दो से होगी। एजेंटों के वाहन पार्किंग के लिए चिह्नित स्थान पर मतगणना स्थल से 100 मीटर दूर पार्किंग की जाएगी। जबकि कर्मचारियों की एंट्री गेट नंबर तीन से होगी और कर्मी वाहन पार्किंग फल मंडी गेट नंबर तीन पर करेंगे। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। संवाद

# 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**बस्ती।** जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को होगा। एडीएम कमलेश चंद्र ने बताया कि कलक्ट्रेट समेत तहसील मुख्यालयों पर लोक अदालत लगाई जाएगी। समस्त उप जिलाधिकारी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एवं तहसीलदारों को अधिक से अधिक वादों को चिह्नित कर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वाद, पारिवारिक वाद का निपटारा किया जाएगा। संवाद

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के दो आरोपी पर केस

## कोर्ट के आदेश पर नगर थाने की पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**नगर बाजार।** न्यायालय के आदेश पर नगर थाने की पुलिस ने विदेश भेजने के नाम ठगी करने के मामले में दो लोगों पर धोखाधड़ी व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

ग्राम कूडी निवासी साबित अली पुत्र सत्तार अली ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वह बेरोजगार और आर्थिक रूप से कमजोर है। कमाने के लिए सऊदी जाना चाह रहा था। इसी उद्देश्य से उन्होंने सऊदी अरब भेजने वाली संस्था का पता लगाने लगा। इसी बीच उन्हें डीएसएस इंटर प्राइजेज एससीओ, 95 फस्ट फ्लोर केविन नंबर सात बॉलोंगी निकट पंजाब सिंध बैंक सेक्टर 119 मोहाली पंजाब के बारे में जानकारी हुई।

डीएसएस इंटर प्राइजेज के प्रोपराइटर अजीत सिंह से उन्होंने बात किया। इस पर उनसे भावना वर्मा से बात करने की सलाह दी गई। भावना से बात करने पर पीड़ित को विदेश में नौकरी दिलाने के लिए 65 हजार रुपये का खर्च बताया गया। एडवांस के तौर 50 हजार रुपये जमा करने को कहा गया।

# जीप-कार को राहत, अन्य वाहनों को देना होगा 10 रुपये अधिक टोल

**चुनाव आचार संहिता के कारण एक अप्रैल से लागू नहीं हो पाई थीं बढ़ी दरें, एनएच 28 पर जिले में संचालित किए जा रहे हैं दो टोल प्लाजा**

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कार-जीप को तो राहत मिल गई है लेकिन, अन्य वाहनों के लिए तीन जून से 5 से 10 रुपये तक अधिक टोल टैक्स देना पड़ेगा। ऐसे में फोरलेन पर सफर अब मंहगा हो गया है। जिले में संचालित टोल प्लाजा पर टैक्स की संशोधित दरें दो जून की मध्यरात्रि 12 बजे से लागू हो गई हैं। बढ़ा हुआ टोल वाहनों के श्रेणी के आधार पर लागू होगा।




मड़वानगर स्थित टोल प्लाजा। संवाद

लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर बस्ती जिले में शहर से सटे मड़वानगर व छावनी के चौकड़ी में टोल प्लाजा स्थापित हैं। इनसे रोज 15 से 20 हजार वाहन गुजरते हैं। इनसे 50 से 55 लाख रुपये प्रतिदिन टोल टैक्स वसूला जाता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हर वित्तीय वर्ष में टोल टैक्स की बढ़ोतरी करता है। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता के चलते इसे लागू नहीं किया जा सका।

अब चुनाव के सातों चरण पूरे हो चुके हैं, ऐसे में बढ़ी हुई दरें 2 जून की रात 12 बजे से लागू कर दी गई हैं। इस बार कार-जीप के टोल में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। जबकि अन्य यात्री व कामर्शियल वाहनों के टोल टैक्स में दस रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। मड़वानगर टोल प्लाजा के प्रबंधक विकास सिंह ने बताया कि चारपहिया को छोड़कर अन्य वाहन स्वामियों को बढ़ी दर पर टोल चुकाना होगा।

**बढ़ी हुई टोल टैक्स की दरें**

| वाहन के प्रकार | वर्तमान दर | नई दरें |
|---|---|---|
| जीप-कार | 90 | 90 |
| एलसीवी | 145 | 150 |
| बस-ट्रक | 305 | 310 |
| हाईवा 3 एक्सेल | 330 | 340 |
| एमएवी 4-6 एक्सेल | 475 | 490 |
| ओएसवी | 580 | 595 |

### लोकल वाहनों के मासिक किराए में भी हुई बढ़ोतरी

टोल प्रबंधक विकास सिंह ने बताया कि टोल प्लाजा से 20 किमी के दायरे में आने-जाने वाले लोकल वाहनों के मासिक पास में बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें दस रुपये ज्यादा चुकाने पड़ेंगे। पहले 330 रुपये में मासिक पास बन जाता था। अब 340 रुपये देने पड़ेंगे। फास्टटैग वाली गाड़ियों के लिए हैं। इससे इतर बिना फास्टटैग वाले वाहनों को बतौर पेनाल्टी टोल टैक्स का डबल भुगतान करना होगा।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

# डीजीपी ने हीटवेव को लेकर पुलिसकर्मियों को किया अलर्ट

**लखनऊ (एसएनबी)।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने बढ़ती गर्मी (हीटवेव) और आग की घटनाओं को देखते हुए पुलिस कर्मियों को सुरक्षित रखने उन्हें जागरूक करने और अग्नि सुरक्षा के लिए जरूरी प्रबंध करने की हिदायत दी है। उन्होंने सभी कमिश्नरेट, जिलों के थानों और चौकियों पर शुद्ध शीतल पेयजल का बंदोबस्त करने के लिए कहा है।

रविवार व ा पुलिस के आला अफसरों को भेजे गए निर्देश में डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस कर्मियों की ड्यूटी पर जाने से पहले उ ड्यूटी के दौरान नियमित रूप से पानी पीने, गश्त या अन्य ड्यूटी के दौरान नींबू, इलेक्ट्राल , ग्लोकोज, ओआरएस घोल और नारियल पानी जैसी ऊर्जावर्धक सामग्री अपने रखे। उन्होंने कहा कि प्रोटीन और वसायुक्त भोजन के सेवन से बचे। सत्तू, छाछ, दही आदि ठण्डे तरल पदार्थों का सेवन करके ड्यूटी करें। ट्रैफिक पुलिस कर्मी दिन के समय चौराहे-तिराहे व ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात है, यहां पर उनके लिए बूथ शेड दुरूस्त कराकर पेयजल की उचित व्यवस्था की जांए। डीजीपी ने कहा कि सभी कमिश्नरेट, जिले में थाना प्रभारी, सीओ और अन्य आला अफसर अपने इलाके में भ्रमण करके तैनात पुलिस कर्मियों के हाल-चाल लें। साथ ही उनके पेयजल की व्यवस्था करें। पुलिस कर्मियों की ड्यूटी को शिफ्टवार व रोटेशनवार नियमित रूप से लगाई जाए, जिससे किसी भी पुलिस कर्मी की ड्यूटी धूप में लगातार न रहे।

# भवानीगंज क्षेत्र में मिट्टी खनन का धंधा जोरों पर

भवानीगंज। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के भवानीगंज थाना क्षेत्र के पुरैना और भानपुररानी सरहद पर मिट्टी खनन का कार्य जोरों पर है। रात के अंधेरे में जेसीबी से मिट्टी का खनन धड़ल्ले से किया जा रहा हैं। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि पता करवाते हैं। अवैध मिट्टी खनन किसी दशा में नहीं होने दिया जाएगा।



# चुनाव परिणाम आने के बाद कोई पटाखा नहीं छोड़ेगा

जोगिया। सीओ बांसी सुरेश चंद्र पांडेय के नेतृत्व में रविवार को चार जून को आने वाले चुनाव परिणाम और बकरीद को ध्यान में रखकर क्षेत्र में भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद कोई भी व्यक्ति पटाखा नहीं छोड़ेगा। इस अवसर पर इंस्पेक्टर अनुज कुमार सिंह, एसआई जय प्रकाश तिवारी आदि रहे।

# बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक का पैर टूटा

भवानीगंज। बयारा चौराहे पर रविवार को एक ट्रक की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी बेंवा पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बस्ती जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गोंडा जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव निवासी अमन (20) पुत्र मोहम्मद इस्लाम अपने ननिहाल भवानीगंज थाना क्षेत्र के चौरा बनगवा गांव आया था। जहां से वह बाइक से कुछ काम के लिए बयारा गया था। अमन बेंवा उतरौला मार्ग पर बयारा चौराहे के आसपास पहुंचा ही था कि एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने युवक को बेंवा पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने बस्ती जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मतगणना को लेकर रूट व पार्किंग निर्धारित

**निरीक्षण**

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। चार जून को नवीन मंडी स्थल में मतगणना को लेकर वाहनों के निर्बाध यातायात संचालन को लेकर रूट व पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। मतगणना स्थल पर जाने वाले सभी वाहन हाइडिल तिराहे से बेलहिया मोड़ व सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल होते हुए मंडी स्थल के पास बने पार्किंग स्थल एक, दो व तीन में वाहन खड़े होंगे।

यातायात प्रभारी अमरेश कुमार ने बताया कि पार्किंग नंबर एक मंडी से दक्षिण व रोड से पूरब अधिकारियों के वाहन के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। पार्किंग नंबर दो में मंडी से दक्षिण व रोड से पश्चिम प्रत्याशी, एजेंट के वाहन के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। पार्किंग नंबर तीन मंडी से दक्षिण व रोड से पश्चिम मतगणनाकर्मी व पुलिसकर्मियों के वाहन के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है।

इन पार्किंग स्थलों के अलावा कांशीराम आवास योजना के बगल के ग्राउंड में भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहां वाहन खड़ा करके मतगणना स्थल की तरफ जाने वाले एजेंट पैदल उस्का मुख्य मार्ग पर स्थित नवीन मंडी मोड़ से जा सकते हैं।



एसपी प्राची सिंह ने शनिवार की रात नवीन मंडी स्थल में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया ।

- वाहनों के निर्बाध यातायात संचालन को रूट व पार्किंग स्थल किए गए हैं निर्धारित

## एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

एसपी प्राची सिंह ने एक जून की रात नवीन मंडी स्थल में बने स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशिलता व अन्य बिंदुओं का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा ड्यूटी में लगे अफसरों व कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

# नकदी व लाखों के जेवर उठा ले गए चोर

**वारदात**

- त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के जूडीकुइयां गांव में हुई है घटना
- घर का दरवाजा बंद कर बरामदे में सोया हुआ था परिवार

**बिजौरा, हिन्दुस्तान संवाद।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के जूडीकुइयां गांव के एक घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत लाखों के आभूषण उठा ले गए। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को रविवार की सुबह सोकर उठने के बाद हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है।

जूडीकुइयां गांव निवासी कौशिल्या पत्नी रामतेज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात में भोजन करने के बाद दरवाजा बंद कर उसका पूरा परिवार गर्मी के चलते घर के बाहर व बरामदे में सोया हुआ था। रविवार सुबह जब घर की अन्य महिलाएं सोकर उठीं तो घर का दरवाजा खुला देख कर वह सन्न रह गईं। महिलाओं ने घर के अंदर घुसकर देखा तो सारा सामान बिखरा होने के साथ बक्शे आदि गायब थे। पीड़िता ने बताया कि चोरों ने 25 हजार रुपये नगदी समेत एक लाख रुपये के जेवरात उठा ले गए हैं। वहीं गायब बक्शा गांव के बाग में टूटा मिला है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बिजौरा चौकी इंचार्ज पप्पू कुमार गुप्त ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।



त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के जूडीकुइयां गांव के बाग में रविवार को बक्शा टूटा मिला।

# त्रिलोकपुर क्षेत्र से गायब बाइक बढ़नी नहर में मिली

- बाइक बरामद कर पुलिस ने मालिक को सौंपी
- शनिवार की रात गायब हो गई थी बाइक

बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद। बलरामपुर जिले के पचपेड़वा थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर से शनिवार की रात गायब हुई बाइक रविवार की अलसुबह बढ़नी क्षेत्र के कल्याण नगर उर्फ ह्रदय नगर नहर के पास मिली। पुलिस ने वाहन बरामद कर वाहन मालिक को सौंप दिया।

बढ़नी कस्बे के वार्ड नंबर सात निवासी सुमित साहू पुत्र सरजू प्रसाद शनिवार की शाम को त्रिलोकपुर स्थित अपने नए मकान पर गए थे। वह त्रिलोकपुर मकान पर ही बाइक खड़ी करके सोने चले गए। रविवार कह सुबह सोकर उठे तो देखा बाइक गायब थी। आसपास पता करने पर भी वाहन का पता नहीं चला। ढेबरुआ थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बढ़नी को रविवार की भोर में सूचना मिली की ह्रदय नगर पुलिस चौकी के पास बाइक पड़ी है। सूचना पर कांस्टेबल धर्मेंद्र मौर्य ने पहुंचकर वाहन को नहर से बाहर निकाला। चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव ने बताया कि सरयू नहर के पास लावारिश हाल में बाइक मिली है। वाहन मालिक से पूछताछ के बाद वाहन को सौंप दिया गया है।

# फ्लैग मार्च कर कराया लोगों को सुरक्षा का अहसास

- इटवा और महादेव घुरहू कस्बे में रविवार को किया फ्लैग मार्च
- पुलिस कर्मियों ने की शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

इटवा,हिन्दुस्तान संवाद। लोकसभा चुनाव के मतगणना और बकरीद के त्योहार को लेकर इटवा पुलिस ने इटवा और महादेव घुरहू कस्बे में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने सभी को सुरक्षा का अहसास कराते हुए शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

सीओ गर्वित सिंह के नेतृत्व में रविवार को पुलिस कर्मी इटवा चौराहे पर एकत्र हुए। यहां से फ्लैग मार्च करते हुए बढ़नी रोड पर बढ़े तो चौराहे की भीड कुछ पल के लिए सिहर गई। हालांकि कुछ देर बाद फ्लैग मार्च होने की जानकारी होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने कस्बे के चारों मार्ग पर मार्च करने के बाद महादेव घुरहू में फ्लैग मार्च किया। उन्होंने कहा कि खुराफातियों पर पुलिस की पैनी नजर है। माहौल खराब करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी, रमेश साहनी, संजय त्रिपाठी, गोपाल आदि मौजूद रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों को ईवीएम से मतों की गणना में सावधानी बरतने के दिए निर्देश

# 380 मतगणना कार्मिकों को मिला प्रशिक्षण

**तैयारी**

**95** टीमों के कार्मिकों को मतगणना कार्य के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**05** कक्षों में वोटों की गणना कराने की पूरी की जा रही हैं तैयारियां

- एसडीएम ने जारी किया कर्मचारियों का प्रवेश पास एवं पहचान पत्र
- राजपत्रित अधिकारी बनाए गए मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। चार जून को शहर के नवीन मंडी समिति परिसर में बने पांच कक्षों में वोटों की गणना कराने की सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। रविवार को दो चरणों में 380 मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने सभी कार्मिकों को ईवीएम से मतों की काउंटिंग में सावधानी बरतने का निर्देश दिए।

विकास भवन के आंबेडकर सभागार में मतगणना कार्य के लिए कुल 95 पार्टी के 380 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक पार्टी में एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक मतगणना सहायक, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी और एक माइक्रो आब्जर्वर होंगे। एक टेबल पर चार कार्मिक होंगे। राजपत्रित अधिकारियों को मतगणना पर्यवेक्षक और मतगणना सहायक बनाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्र की ओर से सभी को प्रवेश पास एवं पहचान पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए जारी किया गया। इस मौके पर सीडीओ जयेंद्र कुमार ने बताया कि हर राउंड की दो-दो कंट्रोल



विकास भवन के आंबेडकर सभागार में रविवार को मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण को संबोधित करते सीडीओ जयेंद्र कुमार। • हिन्दुस्तान

यूनिट की जांच के बाद मतगणना के रिजल्ट घोषित किए जाएंगे। प्रत्येक राउंड की पूरी छानबीन के बाद ही परिणाम दर्ज किए होंगे। चार जून को मतगणना कराने की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए पहली बार मतगणना स्थल पर चिकित्सक तैनात किए जाएंगे। इस मौके पर पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीआईओएस सोमारू प्रधान, बाल विकास परियोजना अधिकारी मो. अरशद, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, बैंक शाखाओं के मैनेजर, सभी अवर अभियंता आदि मौजूद रहे।

## अभिकर्ताओं की मौजूदगी में सुबह खुलेगा स्ट्रांग रूम

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज के मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम चार जून की सुबह 6.30 बजे उम्मीदवार समेत अभिकर्ताओं की उपस्थिति में खोले जाएंगे। मतगणना कार्य समाप्ति के बाद समस्त ईवीएम, वीवीपैट जिला निर्वाचन कार्यालय के स्ट्रांग रूम में उम्मीदवार एवं अभिकर्ता की उपस्थिति में रखे जाएंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम पवन अग्रवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि मतगणना चार जून की सुबह आठ बजे से नवीन मंडी में प्रारम्भ किया जाएगा। गेट नंबर एक से मतगणना ड्यूटी में लगाए गए समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रवेश होगा। उम्मीदवार व उनके काउंटिंग एजेंट व मीडिया कार्मिक के प्रवेश की व्यवस्था गेट नंबर दो से की गई है। मतगणना स्थल पर छह मोबाइल टॉयलेट एवं आठ स्थलों पर शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर पर्याप्त साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मी की तैनाती की गई है। मतगणना कार्य के लिए प्रत्येक विधानसभा में 14 काउंटिंग टेबल लगाए गए हैं। मतगणना स्थल पर कम्यूनिकेशन कक्ष, मीडिया सेंटर एवं जन सामान्य कम्युनिकेशन कक्ष की स्थापना की गई है। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए नौ टेबल व ईटीबीएमएस की प्री-काउंटिंग के लिए दो टेबल की व्यवस्था की गई है। विधानसभावार पब्लिक ऐड्रेसल सिस्टम की व्यवस्था कर ली गई है। रिटर्निंग अफसर के टेबल पर भी पब्लिक एड्रेसल सिस्टम की व्यवस्था है। सुरक्षा जांच के लिए प्रत्येक इंट्री प्वाइंट पर डीएफएमडी लगाए गए हैं। जहां पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। मतगणना स्थल पर प्रत्येक गतिविधि की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। मतगणना स्थल पर आग से सुरक्षा के लिये पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्र, पर्याप्त रोशनी के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं जनरेटर की व्यवस्था है।

# मनबढ़ों ने तोड़ा महिला का हाथ, स्वजन को भी पीटा

## लोटन कोतवाली के बगहीडीह में भूमि कब्जा करने के विरोध पर हुई घटना, ग्रामीणों ने कस्बे में लगाया जाम





लोटन कस्बे में रोड जाम किए ग्रामीणों को समझाते थानेदार विजय शंकर सिंह व नाराज ग्रामीणों बातचीत करते एसडीएम ललित कुमार मिश्र साथ में सीओ सुजीत कुमार राय • जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : लोटन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महदेईया के टोला बगहीडीह में रविवार को मनबढ़ों ने जमकर उत्पात किया। भूमि कब्जा करने का विरोध करने पर उन्होंने गांव की एक महिला और उसके स्वजन को बेरहमी से पीटा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मारपीट में किसी का हाथ नहीं टूटा है। महिला को चोटें आई हैं। घटना को लेकर ग्रामीणों ने लोटन कस्बे को जाम कर दिया। बाद में वह पुलिस व अन्य अधिकारियों ने उन्हें समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपित दिवाकर पाण्डेय समेत 10 व्यक्तियों के विरुद्ध बलवा व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

बगहीडीह निवासी संतराम गुप्ता व दिवाकर पांडेय के बीच लंबे समय से भूमि विवाद है। भूमि की पैमाइश को लेकर नायब तहसीलदार नौगढ़ के न्यायालय में मामला लंबित है। संतराम के स्वजन का कहना है कि इस बीच दिवाकर बाहर के 10 लोगों को बुलवाकर विवादित भूमि पर दीवार बनवाने लगे। इसकी जानकारी हुई तो संतराम गुप्ता अपने पूरे परिवार के साथ मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद दिवाकर के समर्थकों ने उस पर हमला कर दिया। संतराम ने बताया कि इसमें उनके परिवार की संगीता का हाथ टूट गया।

परिवार के अन्य सदस्यों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। संगीता का हाथ टूट गया है। सीएचसी लोटन में तैनात चिकित्सकों ने महिला को माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने लोटन कस्बे में जाम कर दिया। ग्रामीणों ने इस घटना में पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में देर से पहुंची। तब तक संतराम व उनके स्वजन पर हमला करने वाले दिवाकर व उनके समर्थक मौके से भाग चुके थे। उन्होंने कहा कि दिवाकर का एक राजनैतिक दल से संबंध है। इस लिए पुलिस उसके प्रभाव में है। बाद में घटनास्थल पर पहुंचे उप जिलाधिकारी सदर डा.ललित कुमार मिश्र व सीओ सदर सुजीत राय ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने संतराम की तहरीर पर दिवाकर पांडेय समेत दस लोगों के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। सीओ ने बताया कि भूमि की पैमाइश के लिए राजस्व टीम गई थी, लेकिन नक्शा बड़ा है। इस लिए पैमाइश नहीं हो सकी। इसके लिए उप जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को तलब किया है। थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह का कहना है कि पुलिस किसी के दबाव में नहीं है। घटना को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया और उसकी जांच की जा रही है। महिला का हाथ टूटा नहीं है। उस पर डंडे की चोट का निशान है।

# पुलिस कर्मियों को हीट वेव से बचाने के दिए निर्देश

लखनऊ। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बढ़ती गर्मी (हीटवेव) तथा आग की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस कर्मियों को सुरक्षित रखने, उन्हें जागरूक करने तथा अग्नि सुरक्षा के लिए जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी कमिश्नरेट व जिलों के थानों व चौकियों पर शुद्ध व शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाए।

रविवार को वरिष्ठ पुलिस अफसरों को भेजे विस्तृत दिशा-निर्देश में डीजीपी ने कहा है कि पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर जाने से पहले तथा ड्यूटी के दौरान नियमित रूप से पानी पीने, गस्त या अन्य ड्यूटी पर जाते समय पेयजल, नीबू, इलेक्ट्राल, ग्लोकोज, ओआरएस घोल और उपलब्धता के अनुसार नारियल पानी जैसी ऊर्जावर्धक सामग्री अपने साथ रखने के लिए जागरूक किया जाए। साथ ही अधिक प्रोटीन व वसायुक्त भोजन के सेवन से बचने को कहा जाए।

TE
ish,
c &
per
98

## पहली पाली में सुरक्षा में तैनात होंगे आठ थाना प्रभारी, 84 उपनिरीक्षक, 338 मुख्य आरक्षी और 42 आरक्षी

# नवीन मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच कल होगी मतों की गिनती

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना नवीन मंडी परिसर में चार जून को होगी। मतगणना के दिन सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी दो पाली में लगाई गई है। पहली पाली में सुरक्षा में आठ थाना प्रभारी, 84 उपनिरीक्षक, 338 मुख्य आरक्षी और 42 आरक्षी की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं दूसरी पाली में 48 निरीक्षक- उपनिरीक्षक, 205 मुख्य आरक्षी और 32 आरक्षी की तैनाती की जाएगी। गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर एसी-कूलर लगाए गए हैं। पानी का फुहारा देने वाले कूलर की संख्या सर्वाधिक रखी जा रही है। पर्यवेक्षक व अधिकारियों के कैंप में एसी भी लगेगी। मतों की गिनती के लिए 24 टेबल लगाए जाएंगे। वीवीपैट की पर्चियों की गणना भी कराई जाएगी।

मतगणना स्थल पर सभी अधिकारी हाईलेवल आफ अलर्टनेस में होंगे। मतगणना स्थल पर पीने के लिए ठंडा पानी, कूलर, पंखे, मेडिकल किट, एंबुलेंस, अग्निशमन यंत्र, फायर ब्रिगेड भी मौजूद रहेगी। मतगणना स्थल पर बिजली की सतत आपूर्ति के लिए पावर बैक-अप प्लान और जनरेटर आदि की व्यवस्था भी चालू हालत में तैयार रखी जाएगी। मतगणना पंडाल, पोस्टल बैलेट व पंडाल में लगे कूलर में नियमित अंतराल पर पानी भरने के लिए अलग से कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

क्या है प्रमुख तैयारी: बिजली का कंट्रोल रूम स्थापित हो जाएगा,24 घंटे लिखित में कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी,दूरसंचार विभाग मंडी परिसर में इंटरनेट, टेलीफोन का कनेक्शन उपलब्ध कराएगा, कलेक्ट्रेट में संचालित शिकायत प्रकोष्ठ के नंबर को मतगणना स्थल पर शिफ्ट होगा, मतगणना में लगे कार्मिक मोबाइल, इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि गणना स्थल पर नहीं ले जा सकेंगे, मतगणना पंडाल के बाहर चारों ओर बैरीकेडिंग रहेगी। सफाई के लिए 25-25 सफाई कर्मियों की टीमें काम करेंगी, बड़े स्क्रीनों पर लोकसभा का रिजल्ट देखने की व्यवस्था होगी।

इसे भी जानें: आठ बजे से मतगणना शुरू होगी,10 बजे से रुझान मिलने लगेंगे, चार बजे तक परिणाम आने की संभावना, 24 टेबल होंगी एक विधानसभा के वोट की गणना के लिए।



सुरक्षा के घेरे में मंडी परिसर में बना स्ट्रांग रूम• जागरण

सीसीटीवी से होगी निगरानी: मतगणना स्थल सीसीटीवी की निगरानी में होगा। जगह-जगह स्क्रीन लगाए जाएगी। कंट्रोल रूम से मतगणना स्थल को लाइव देखा जा सकेगा और पल-पल की अपडेट को साझा भी किया जाएगा। मंडी स्थल पर प्रवेश व बाहरी इलाके की भी निगरानी सीसीटीवी के जरिये ही होगी। इस संबंध में पवन अग्रवाल, डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए प्रोटोकाल का पालन जो नहीं करेगा, उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अनधिकृत व्यक्ति द्वारा इलेक्ट्रानिक उपकरण मतगणना केंद्र के अंदर ले जाने पर एफआइआर भी दर्ज कराई जाएगी।

## पार्किंग में वाहन खड़ा कर मतगणना स्थल पर होगी जाने की अनुमति

जासं, सिद्धार्थनगर : लोकसभा चुनाव में पड़े मतों की गिनती मंगलवार को होगी। इसको लेकर शहर में होने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने चार स्थलों पर वाहनों के खड़ा करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की है। राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के लिए मतगणना एजेंटों का वाहन कांशीराम आवास के पास बने पार्किंग में खड़ा करने की अनुमति होगी। वहां से सभी एजेंट करीब पांच सौ मीटर की दूरी तय कर पैदल मतगणना स्थल पर पहुंचेंगे।

पुलिस मीडिया सेल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मतगणना स्थल पर जाने वाले समस्त वाहन हाइडिल तिराहे से बेलहिया मोड़ व सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल होते हुए मण्डी स्थल के निकट बने पार्किंग स्थल पर पहुंचेंगे। मतगणना स्थल से दक्षिण व रोड से पूरब अधिकारी के वाहनों के खड़ा करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार मंडी से दक्षिण व रोड से पश्चिम प्रत्याशी एजेंट के वाहन की पार्किंग व्यवस्था की गयी है। मंडी से दक्षिण व रोड से पश्चिम मतगणनाकर्मी एवं पुलिसकर्मी के वाहन के लिए पार्किंग व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा पार्किंग के अतिरिक्त कांशीराम आवास योजना के बगल के ग्राउंड में भी पार्किंग की व्यवस्था की गयी है, जहां वाहन खड़ा करके मतगणना स्थल की तरफ जाने वाले एजेंट पैदल उसका मुख्य मार्ग पर स्थित नवीन मंडी मोड़ से जा सकते हैं।

एसपी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण: सिद्धार्थनगर : एसपी प्राची सिंह ने शनिवार की देरशाम मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसी कैमरे को चेक किया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## कल उम्मीदवार व अभिकर्ता की मौजूदगी में खुलेगा स्ट्रांग रूम

- गेट नंबर एक से मतगणना कार्मिक एवं अधिकारियों का होगा प्रवेश
- गेट नंबर दो से उम्मीदवार व मीडिया कर्मी पाएंगे प्रवेश

सिद्धार्थनगर : जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि संसदीय क्षेत्र 60-डुमरियागंज के मतगणना के स्ट्रांग रूम मतगणना दिन मंगलवार को सुबह साढ़े छह बजे उम्मीदवार एवं अभिकर्ता की उपस्थिति में खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य समाप्ति के बाद सभी ईवीएम एवं वीवी पैट भी स्ट्रांग रूम में रखे जायेंगे। मतगणना सुबह आठ बजे से नवीन मंडी में शुरू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गेट नंबर एक से मतगणना ड्यूटी में लगाए गये समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रवेश होगा। गेट नंबर दो से उम्मीदवार व उनके काउंटिंग एजेंट एवं मीडिया कार्मिक के प्रवेश की व्यवस्था की गई है। संबंधित को जो पास निर्गत किए गए हैं, उसमें कलर कोडिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार व उनके एजेंट के बैठने के लिए स्थान निर्धारित कर लिया गया है। मतगणना स्थल पर छह मोबाइल टायलेट एवं आठ स्थलों पर पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर कम्यूनिकेशन कक्ष, मीडिया सेन्टर एवं जन सामान्य कम्यूनिकेशन कक्ष की स्थापना की गयी है। मतगणना स्थल पर इंटरनेट की समुचित व्यवस्था की गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान सभावार पब्लिक ऐड्रेसल सिस्टम की व्यवस्था कर ली गयी है, रिटर्निंग अफसर के टेबल पर भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

# गायब बाइक को पुलिस ने किया बरामद

जासं, बढ़नी : ढेबरुआ थाना अंतर्गत कल्याण नगर उर्फ हृदय नगर नहर से पुलिस ने गायब एक बाइक को बरामद की है। नगर पंचायत बढ़नी वार्ड सात निवासी सुमित साहू अपने नए घर पर जिला बलरामपुर थाना पचपेड़वा क्षेत्र के त्रिलोकपुर में शनिवार शाम को गए थे। घर पर बाइक खड़ा करके सो गए। सुबह होने पर पता चला की बाइक गायब है। आसपास पूछताछ के बाद पता नहीं चला। पचपेड़वा थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। पचपेड़वा पुलिस ने पुलिस चौकी बढ़नी को मामले की जानकारी दी। बढ़नी चौकी पुलिस ने काफी खोजबीन के बाद कल्याण नगर उर्फ हृदय नगर के पास नहर में पड़ी बाइक को बरामद कर लिया।

# मतगणना को लेकर पुलिस ने किया पैदल मार्च

- इटवा कस्बे व महादेव घुरहू में किया गया एरिया डोमिनेशन
- अराजक तत्वों को चेताया, नागरिकों को दिया सुरक्षा का भरोसा

जागरण संवाददाता, इटवा : मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाली मतगणना, आगामी त्योहार व शांति व्यवस्था के दृष्टि से इटवा थाना पुलिस द्वारा रविवार की सायं पैदल मार्च किया गया। इटवा चौराहे से चारों प्रमुख मार्गों, कस्बा व महादेव घुरहू में मार्च करते हुए जहां नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया, वहीं अराजक तत्वों को चेताया गया कि किसी ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस क्षेत्राधिकारी गर्वित सिंह व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस शस्त्रों से लैस थाना परिसर में एकत्रित हुई। यहां सभी लोग मार्च करते हुए चौराहे पर आए और सभी मार्गों पर मार्च करते हुए नागरिकों से संवाद भी स्थापित किया। शांति व्यवस्था में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। मतगणना के दिन ऐसा कोई कार्य न करने की अपील की, जिससे शांति व्यवस्था बिगाड़ने की आशंका हो। यहां के बाद पुलिस फोर्स महादेव चौराहे पर गई, वहां भी पैदल मार्च किया गया। पुलिस सायरन की आवाज और भारी फोर्स देखकर एक समय लोग चौंक गए कि कहीं कोई बात तो नहीं हो गई है, बाद में पता चला कि पुलिस त्योहार एवं शांति व्यवस्था के चलते पैदल मार्च कर रही है।



सभी तहसीलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पैदल मार्च करते पुलिस के जवान • जागरण

# यातायात पुलिस की परीक्षा ले रही गर्मी

जासं, सिद्धार्थनगर : जिले में गर्मी चरम पर है। लोग दिन में घरों से निकलने से परहेज कर रहे हैं। यदि कोई 10 बजे के बाद भी बाहर निकला तो शरीर झुलस जा रही है। लोगों के शरीर पर दाने तक निकलने लगे हैं। इसके बाद भी यातायात पुलिस अपने फर्ज को निभाने में पसीना बहा रही है। शनिवार को साड़ी तिराहे पर शरीर झुलसा देने वाली गर्मी में भी यातायात पुलिस के प्रभारी वाहनों की चेकिंग में जवानों के साथ करते नजर आए।

गर्मी से बचाव के लिए पुलिस के पास खुले सड़कों पर खड़े होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। भीड़भाड़ बढ़ने पर इन्हें सड़कों पर पारा 42 डिग्री सेल्सियस होने के बाद भी खड़े होकर वाहनों की जाम समेत अन्य समस्याओं से लोगों को जूझ रहे लोगों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाने में अपना पसीना बहा रहे हैं। यहीं हाल विवेकानंद चौक, हाइडिल, सिद्धार्थ तिराहा समेत अन्य स्थलों की है।



साड़ी तिराहा पर जांच के दौरान गाड़ी से ब्लैक फिल्म निकालते यातायात प्रभारी अमरेश बाएं • जागरण

## स्ट्रांग रूम का डीएम ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश

सिद्धार्थनगर : जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने मतगणना कार्य को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए रविवार को मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम नवीन सब्जी मण्डी स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी सुरक्षाकर्मियों को चौकस रहने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर सभी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई कमी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ एवं सीओ सुजीत राय शामिल रहे।

# साइबर और बैंक धोखाधड़ी से बचने के लिए जरूर अपनाएं ये तरीके

## फिशिंग ईमेल और टेक्स्ट मैसेज के जरिये आपकी संवेदनशील जानकारियां चुरा सेंधमारी करते हैं स्कैमर्स

कालीचरण

डिजिटल युग में हमारे इनबॉक्स और मोबाइल फोन ईमेल एवं टेक्स्ट मैसेज से लगातार भरे रहते हैं। इनके जरिये जहां एक ओर हमलोग एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं, दूसरी ओर साइबर ठग इनसे मिलते-जुलते भ्रामक (फिशिंग) ईमेल और मैसेज के जरिये हमारी व्यक्तिगत जानकारियां और लॉगइन विवरण चुरा लेते हैं। सावधानी नहीं बरतने पर साइबर ठग हमारे बैंक खातों में आसानी से सेंधमारी कर लेते हैं।

साइबर ठगी व बैंक धाखोधड़ी के ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। आरबीआई की हाल ही में जारी सालाना रिपोर्ट भी इस बात की तस्दीक करती है। इसके मुताबिक, देश में पिछले एक साल में डिजिटल धोखाधड़ी 709 फीसदी बढ़ी है। ऐसे में अगर आप कुछ तरीके अपनाएं तो साइबर एवं बैंक धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकते हैं।



### स्कैमर ऐसे बनाते हैं ठगी का शिकार

**जरूरत की भावना पैदा करना :** स्कैमर ऐसे ईमेल या मैसेज भेजते हैं, जो जरूरत की भावना पैदा करता है। मसलन, आपके बैंक खाते से छेड़छाड़ हुई है। भुगतान की समय-सीमा समाप्त हो गई है। ऐसे ईमेल या मैसेज आपको दबाव में लाने के लिए भेजे जाते हैं, ताकि आप बिना जांच-परख उनके निर्देशों का पालन करें।

**डराना-धमकाना :** अगर आप तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देते हैं, तो स्कैमर्स ऐसे संदेशों के जरिये कानूनी कार्रवाई, खाता निलंबन या वित्तीय नुकसान की धमकी देते हैं।

**भरोसे का फायदा उठाना :** फिशिंग ईमेल आपके बैंक, क्रेडिट कार्ड कंपनी या ऑनलाइन सेवा प्रदाता कंपनी की ओर से भेजे जाने वाले ईमेल की तरह दिखते हैं। स्कैमर बैंक खाते में संदिग्ध गतिविधियों और अविश्वसनीय ऑफर का झांसा देकर शिकार बनाते हैं।

### इन तरीकों से बचाव संभव

**टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन :** कई ऑनलाइन सेवा कंपनियां टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन सुविधा प्रदान करती हैं। इसमें पासवर्ड के अलावा आपके फोन पर किसी प्रमाणिक एप से जेनरेट किया गया कोड भेजा जाता है।

**मजबूत पासवर्ड बनाएं :** सभी ऑनलाइन अकाउंट के लिए एक ही पासवर्ड का इस्तेमाल न करें। अपरकेस-लोअरकेस अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों (सिंबल) के संयोजन से मजबूत पासवर्ड बनाएं।

**सार्वजनिक वाईफाई के इस्तेमाल से बचें :** इसके इस्तेमाल से स्कैमर बैंक खाते, क्रेडिट कार्ड व संवेदनशील जानकारियों में सेंध लगा सकते हैं। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का उपयोग करें। **अपने मोबाइल फोन या अन्य डिवाइस के सॉफ्टवेयर और अन्य एप्लिकेशन को अपडेट करते रहें।**

### ईमेल-मैसेज में आए लिंक पर सीधे क्लिक न करें

किसी भी लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट खोलने से पहले हमेशा ईमेल या टेक्स्ट मैसेज की वैधता का आकलन करें। अगर कोई ईमेल आपके बैंक या किसी अन्य कंपनी से आता है, तो मैसेज के भीतर किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। इसके बजाय, सीधे कंपनी या बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपने अकाउंट में लॉग इन करें। ईमेल या टेक्स्ट मैसेज पर संदेह होने पर इसकी जरूर शिकायत करें। **-आदिल शेट्टी सीईओ, बैंक बाजार**

# प्रत्याशियों की मौजूदगी में सुबह 6:30 पर खुलेगा स्ट्रांग रूम

## नवीन मंडी परिसर में चार जून को होगी लोकसभा चुनाव की मतगणना

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव में मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम सुबह 06:30 बजे उम्मीदवार, अभिकर्ता की उपस्थिति में खोले जायेंगे। मतगणना कार्य समाप्ति के बाद सभी ईवीएम, वीवी पैट जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित स्ट्रांग रूम में उम्मीदवार, अभिकर्ता की उपस्थिति में रखे जायेंगे। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से नवीन मंडी में प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी डीएम पवन अग्रवाल ने दी है।

मतगणना नवीन मंडी के गेट नंबर एक से मतगणना ड्यूटी में लगाए गए समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रवेश होगा। उम्मीदवार व उनके काउंटिंग एजेंट एवं मीडिया कार्मिक के प्रवेश की व्यवस्था गेट नंबर दो से होगी। संबंधित को जो पास निर्गत किए गए हैं उसमें कलर कोडिंग की व्यवस्था की गई है। उम्मीदवार व उनके एजेंट के बैठने के लिए स्थान निर्धारित कर लिया गया है।



स्ट्रांग रूम मतगणना स्थल नवीन मंडी। संवाद

मतगणना स्थल पर छह मोबाइल टॉयलेट एवं आठ स्थलों पर शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर पर्याप्त साफ-सफाई के लिये सफाई कर्मी की तैनाती की गई है। मतगणना कार्य के लिए प्रत्येक विधान सभा में 14 काउंटिंग टेबल लगाए गए हैं। मतगणना स्थल पर कम्यूनिकेशन कक्ष, मीडिया सेंटर एवं जन सामान्य कम्यूनिकेशन कक्ष की स्थापना की गयी है। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए नौ टेबल तथा ईटीबीएमएस की प्री-काउंटिंग के लिए दो टेबल की व्यवस्था की गयी है।

मतगणना स्थल पर इंटरनेट की समुचित व्यवस्था की गई है। विधान सभावार पब्लिक ऐड्रेसल सिस्टम की व्यवस्था कर ली गयी है, रिटर्निंग अफसर के टेबल पर भी पब्लिक एड्रेसल सिस्टम की व्यवस्था है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के लिए थ्रीकार्डन सिक्योरिटी की व्यवस्था की गई है।

सुरक्षा जांच के लिए प्रत्येक इंट्री प्वाइंट पर डीएफएमडी लगाए गए हैं, जहां पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। मतगणना स्थल पर प्रत्येक गतिविधि की निगरानी सीसीटीवी द्वारा की जायेगी। मतगणना स्थल आग से सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्र, पर्याप्त रोशनी के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जनरेटर व ईंधन की व्यवस्था है।

## मतगणना को लेकर शहर में रहेगा कल रूट डायवर्जन

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव के लिए चार जून को होने वाले मतगणना को देखते हुए रूट डायवर्जन कर दिया गया है। शहर में और अशोक मार्ग पर वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। ऐसे में अगर शहर से होकर गोरखपुर जाना है या फिर अशोक मार्ग होते हुए शहर में इंट्री चाहते हैं तो पहले रूट के बारे में जान लें। क्यों नवीन मंडी में होने वाले मतगणना को लेकर प्रवेश पूरी तरफ से ठप रहेगा।

प्रशासन की ओर से रूट डायवर्ट कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि मतगणना के दिन रूट डायवर्जन किया गया है। पार्किंग की व्यवस्था की गई है। नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**मार्ग परिवर्तन :** गोरखपुर से शहर से होकर शोहरतगढ़ अथवा मोहाना की ओर जाने वाले वाहन पकड़ी से इधर नहीं आ सकेंगे। जिन्हें शोहरतगढ़ जाना होगा, वह पकड़ी चौराहे से सनई होते हुए शोहरतगढ़ की ओर जाएंगे। जबकि बर्डपुर मोहाना और कपिलवस्तु जाने वाले वाहन पकड़ी से सनई होते हुए साड़ी और कलक्ट्रेट ओवरब्रिज होकर जाएंगे। वहीं, मोहाना और कपिलवस्तु की ओर से आने वाले वाहन शहर से न होकर साड़ी होते हुए सनई और फिर पकड़ी होते हुए गोरखपुर की ओर जाएंगे। वहीं अशोक मार्ग से होकर शहर में आने-जाने पर रोक रहेगी। गाड़ी लेकर इधर से आ और जा नहीं सकेंगे।



रूट डायवर्जन के बारे में जानकारी देते एसपी सिद्धार्थ। संवाद

### इस प्रकार मतगणना के दिन रहेगी पार्किंग की व्यवस्था

- मतगणना स्थल पर जाने वाले समस्त वाहन हाईडिल तिराहे से बेलहिया मोड़ व सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल होते हुए मंडी स्थल के निकट बने पार्किंग स्थल 1 पार्किंग स्थल 2 व पार्किंग स्थल 3 में वाहन खड़ा करेंगे।
- पार्किंग नंबर 1 - मंडी से दक्षिण व रोड से पूरब अधिकारीगण के वाहन हेतु पार्किंग व्यवस्था की गई है।
- पार्किंग नंबर 2- मंडी से दक्षिण व रोड से पश्चिम प्रत्याशी, एजेंट के वाहन के लिए पार्किंग व्यवस्था की गयी है।
- पार्किंग नंबर 3 - मंडी से दक्षिण व रोड से पश्चिम मतगणनाकर्मी एवं पुलिसकर्मीज् के वाहन के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है।

# लावारिश मिली बाइक, जांच के बाद मालिक को सौंपा

**शोहरतगढ़।** बढ़नी चौकी की पुलिस ने बढ़नी नगर पंचायत के कल्याण नगर उर्फ हृदय नगर नहर के पास सुबह एक बाइक बरामद किया। बाइक के नंबर से बाइक मालिक का पता लगाया और बाइक मालिक को सूचित किया।

सूचना पर मालिक बढ़नी चौकी पहुंचा। उसके बाद पुलिस ने उसके बाइक को लिखा पढ़ी कर सुपुर्द किया। नगर पंचायत बढ़नी निवासी सुमित साहू शनिवार को बाइक से अपने नए घर पर जिला बलरामपुर थाना पचपेड़वा के त्रिलोकपुर गए थे। बरामदे में बाइक खड़ा कर घर में सोने चले गए। सुबह घर के बाहर निकले तो देखा कि बाइक गायब है। इधर-उधर खोजबीन करने के बाद जब बाइक नही मिली तो इसकी जानकारी पचपेड़ा पुलिस को दी।

बढ़नी चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव ने बताया कि एक बाइक सरयू नहर के पास लावारिश मिली थी। पूछताछ के बाद दे दी गई है। संवाद

# सरकारी और प्राइवेट में अग्निशमन की व्यवस्था देखेगी शासन की टीम

## घटना को संज्ञान में लेते हुए प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने मीटिंग में दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** दिल्ली के निजी अस्पताल में आगलगी से हुई बच्चों के मौत के मामले को संज्ञान में लिया गया है। शासन ने निजी और सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था की पड़ताल करके उसे सही कराने का सीएमओ, सीएम और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को निर्देश दिया है। रविवार को प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने ऑनलाइन माध्यम से बैठक करके जांच का दिशा-निर्देश दिया है।

दिल्ली के एक निजी अस्पताल में 26 मई को आग लग गई थी। आग लगी की इस घटना में कई बच्चों की जान चली गई थी। जांच में पाया गया कि आग से बुझाव के लिए कोई इंतजाम नहीं है। इससे पहले दिसंबर माह में प्रदेश के एसजीपीआई अस्पताल में आग से मौत का मामला सामने आया था।


खतरनाक लापरवाही... जानलेवा न बन जाए

28 मई को प्रकाशित खबर।

आगजली की बढ़ती घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए प्रमुख सचिव की ओर से रविवार को स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, सीएमओ के साथ बैठक की। इसमें निर्देश दिया गया कि सरकारी और निजी अस्पताल की जांच करें। यहां पर देखें कि आग से बुझाने का क्या इंतजाम है।

आग लगने पर क्या व्यवस्था करेंगे। अगर नहीं है तो उसकी रिपोर्ट तैयार करें और बुझान का इंतजाम करें। जिससे ऐसी घटना होने पर निपटा जा सके और हानि न पहुंचने पाए। मिले निर्देश के बाद प्राचार्य डॉ. एके झा ने मेडिकल कॉलेज के सर्जन डॉ. चंद्रभूषण पांडेय को नोडल बनाया है। इसी प्रकार से सीएमओ की ओर से नोडल नामित किया गया।

### पड़ताल में चिंताजनक मिली थी व्यवस्था

26 मई को दिल्ली के निजी अस्पताल में आग की घटना घटित होने के बाद 27 मई को अमर उजाला ने जिले में मेडिकल कॉलेज, सीएचसी और पीएचसी के अलावा निजी अस्पताल में आग से बुझाव के इंतजाम की पड़ताल की थी। स्थिति बेहद चिंताजनक मिली थी। फायर सिलिंडर के अलावा कोई व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि आग लगी की घटना होने से बड़ी हानि हो सकती है।

# कस्बे में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**इटवा।** रविवार को इटवा पुलिस ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया। इस अवसर पर एसओ संतोष कुमार तिवारी ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतगणना के पूर्व व बाद में हार-जीत को लेकर बाद विवाद करने वालों की जानकारी अपने हल्का दरोगा को अवश्य दें। जिससे ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। संवाद



इटवा कस्बे में फ्लैग मार्च करते पुलिस के जवान। स्रोत पुलिस

# जमीन पर कब्जे के लिए मारपीट ढाई घंटे जाम रहा लोटन तिराहा

## एक नामजद सहित 10 अज्ञात पर बलवा आदि में केस दर्ज, सोहांस-लोटन और मोहाना मार्ग पर आवाजाही रही ठप

संवाद न्यूज एजेंसी

लोटन। लोटन कोतवाली क्षेत्र के महदेइया गांव के टोला बगहीडीह में जमीन के विवाद में रविवार को मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष के युवक का हाथ टूट गया। इससे आक्रोशित होकर घर की महिलाओं सहित पूरा परिवार लोटन तिराहा पहुंचकर जाम लगा दिया और प्रदर्शन करने लगे। जाम के करण से सोहांस-लोटन और मोहाना मार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई थी।

एसडीएम और सीओ के हस्ताक्षेप के बाद लगभग ढाई घंटे बाद जाम खुला, तब जाकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। पुलिस पर भेदभाव और लापरवाही करने का आरोप लगाया है। मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद सहित 10 अज्ञात पर बलवा सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। मारपीट के दौरान एक व्यक्ति के असलहा लेकर घूमने का वीडियो वायरल हो रहा है।

क्षेत्र के बगहीडीह के परशुराम, दर्शन, सुदर्शन, संतराम का महदेइया के दिवाकर पांडेय के बीच में जमीन पैमाइश को लेकर तहसीलदार नौगढ़ के यहां मुकदमा चल रहा था। जो पत्थर नसब होने को लेकर मामला चल रहा था। आरोप है कि उक्त विवादित जमीन पर दिवाकर पांडेय सहित 12 से अधिक अज्ञात व्यक्तियों रविवार को कब्जा करने लगे। संतराम के पक्ष के लोगों को जब मालूम हुआ तो पूरा परिवार महिला सहित निर्माण कार्य को रोकने के लिए मौके पहुंच गए। मना करने पर मारपीट शुरू हो गई। वहां पहले से हथियार बंद अज्ञात व्यक्तियों ने लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। जिसमें एक महिला व एक बच्चे का हाथ टूट गया।

सूचना पर पुलिस मौके पहुंची तो अज्ञात लोग मौके से फरार हो गए। घटना के बाद संतराम सहित तमाम लोगों ने लोटन कस्बा के पुलिस बूथ के सामने सड़क को जाम कर दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी होने लगी। लोटन पुलिस ने स्थिति को संभलते न देखकर अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दिया। जिस पर एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्र व सीओ सदर सुजीत राय मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और कहा कि पहले दवा करवाएं, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। चक्का जाम हटने के बाद सीओ सदर व एसडीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया। संतराम की तहरीर पर पुलिस दिवाकर पांडेय सहित 10 अज्ञात पर बलवा सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में एसओ लोटन विजय शंकर सिंह ने बताया कि मिले तहरीर के आधार पर केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



जमीन विवाद के कारण लोटन तिराहे पर लगा जाम। संवाद

### तीन मार्ग ढाई घंटे जाम, परेशान हुए लोग

मारपीट के बाद परिवार के लोग विरोध पर उतर गए। लोटन तिराहा पर जाम लग गया था। इससे सोहांस-लोटन और मोहाना मार्ग पर आवाजाही रही ठप रहा। बाइक सवार तो इधर-उधर से निकल गए, लेकिन चार पहिया और बड़े वाहनों ढाई घंटे जाम लगा रहा है। धूप के बीच में वाहन फंसा होने के कारण लोगों को गर्मी से परेशान होना पड़ा। लेकिन जाम खुला तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### दूसरे पक्ष ने लगाया आरोप

*मैं अपनी जमीन में नींव डलवा रहा था। जमीन मेरी पत्नी गरिमा के नाम से है। उक्त जमीन को लेकर दीवानी न्यायालय से मेरे पक्ष में आर्डर है। मैं अकेला था और मजदूर काम कर रहे थे। मेरे ऊपर लगाया आरोप गलत है।*

*- दिवाकर पांडेय*

### पीड़ित ने लगाया आरोप

*पीड़ित संतराम व उनके परिवार का कहना है कि लोटन पुलिस के सह पर यह घटना हुई है। मेरे परिवार के लोग घटना का वीडियो बना रहे थे, जिसको प्रशासन के लोग छीन लिए। अगर पुलिस तत्परता दिखाती तो घटना नहीं होती।*

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

# धर्मसिंहवा से नेपाल बार्डर तक मनमानी किराया वसूलने का यात्रियों का आरोप

**विरोध करने पर वाहन चालक बीच रास्ते में ही यात्री को उतारने की देता हैं धमकी**

धर्मसिंहवा (एसएनबी)। नगर पंचायत धर्मसिंहवा से 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सोनौली बार्डर को जाने के लिए लोगों को ₹110 किराया देना पड़ता है। प्राइवेट परिवहन वाले मनमाना रूट बनाकर मनमानी वसूली कर रहे हैं। कस्बे में आने-जानी वाली बसों के चालक, परिचालक नियमों की अनदेखी करते हुए वाहन दौड़ा रहे हैं।

बसों में किराया सूची व समय-सारिणी तक नहीं है। चालक के मनमर्जी से बस चलती है और परिचालक द्वारा अपने हिसाब से किराया वसूला जाता है लेकिन इन लोगों पर लगाम लगाए जाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण इनके हौसले दिनों दिन बुलंद होते जा रहे हैं। इसके साथ ही मनमर्जी किराये वसूलने को लेकर अगर कोई यात्री विरोध करता है तो उसे बीच रास्ते में उतार देने की धमकी देकर बस स्टाफ द्वारा उससे झगड़ा करना शुरू कर दिया जाता है। नगर पंचायत के स्थानीय लोगों राजेश पांडेय, राजू पांडेय, राकेश कुमार, पंकज शुक्ला, संतोष मद्धेशिया, विपिन वर्मा, प्रमोद जायसवाल, लालचंद मद्धेशिया, रमेश मद्धेशिया, शिव शंकर पांडेय, विपिन कन्नौजिया सहित तमाम लोगों ने बताया कि वह कई बार नेपाल की यात्रा करते हैं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत धर्मसिंहवा से सोनौली बार्डर की दूरी लगभग 70 किलोमीटर है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्राइवेट परिवहन संचालकों द्वारा स्थानीय यात्रियों से इतनी दूरी का किराया मनमानी से वसूला जाता है। धर्मसिंहवा नगर पंचायत से जो बसे संचालित होती है वह अपना मनमाना रूट बनाकर यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। स्थानीय लोगों एवं यात्रियों की शिकायतें हैं कि इस रूट पर राज्य परिवहन की कोई बसें न चलने से ऐसी दिक्कतें आ रही हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि नेपाल बार्डर तक रोडवेज की कम से कम परिवहन निगम की दो बसें धर्मसिंहवा बाजार से संचालित कराई जा सके। बस संचालित हो जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।



धर्मसिंहवा से सोनौली बार्डर पर चलने वाला प्राइवेट बस।

# छह वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के आरोपी ने फंदे से लटककर दी जान

सेमरियावां (एसएनबी)। छह वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के आरोपी का शव रविवार को प्रातः लगभग आठ बजे छत की कुंडी से संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ मिला। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस की जांच में यह प्रतीत हो रहा था कि आरोपी ने फंदा बनाकर छत की कुंडी से लटककर जान दे दी।

दुधारा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत निवासी लगभग 35 वर्षीय सऊद अंसारी पुत्र मंसूर अली इसी थाना क्षेत्र के एक चौराहे पर रेस्टोरेंट में रोटी बनाने का कार्य करता था। शुक्रवार की देर रात वहीं होटल के सामने रह रही एक छह वर्षीया मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसको स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया था लेकिन वह मौका देखकर फरार हो गया था। उस समय घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता समेत अन्य अधिकारी पहुंचे थे तथा सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया था। मासूम के परिजनों की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई थी लेकिन रविवार को प्रातः आरोपी का शव बरामद हुआ।



घटनास्थल पर लोगों से जानकारी लेते सीओ सदर ब्रजेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय। फोटो : एसएनबी

**शुक्रवार की रात ही आत्महत्या की शंका :** आरोपी के घटना की रात शुक्रवार को आत्महत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है क्योंकि शव से बहुत तेज दुर्गंध आ रही थी। किसी तरह स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने शव को नीचे उतारा। स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी ने गांव निवासी एक व्यक्ति के फर्नीचर की दुकान आत्महत्या की और दुकान दो दिनों से बंद थी। आरोपी पीछे के रास्ते दुकान में घुसा और रविवार प्रातः लगभग आठ बजे जब दुकान मालिक शमीम अहमद के पुत्र ने दुकान खोली तो कुंडे से लटकता शव देखकर हैरान हो गया। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दुधारा पंकज कुमार पांडेय ने शव को नीचे उतरवाया तथा पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वहीं बाद में सीओ सदर ब्रजेश सिंह तथा अन्य अधिकारियों समेत फोरेंसिक टीम ने पूछताछ के अतिरिक्त साक्ष्य एकत्र किए।

**एएसपी, सीओ तथा अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंचकर की जांच**

**शुक्रवार की देर रात छः वर्षीय मासूम के साथ आरोपी ने किया था दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज कर पुलिस कर रही थी तलाश**

**आरोपी पहले भी कर चुका है घिनौनी हरकत, जा चुका है जेल :** स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक आरोपी ने लगभग चार वर्ष पूर्व भी इस तरह से एक मासूम के साथ हरकत की थी। जिसके आरोप में वह जेल की हवा भी खा चुका है। वहीं आरोपी की दो शादियां भी हुई हैं। जिसमें पहली पत्नी से तीन बच्चे भी हैं। जिससे तलाक हो चुका है तथा दूसरी पत्नी लगभग आठ माह की गर्भवती है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने बताया कि मृतक पास्को एक्ट का आरोपी था तथा पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**शव को पीएम के लिए भेजा गया, शांति व्यवस्था कायम है : एएसपी :** अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने बताया कि सऊद अंसारी पुत्र मंसूर अली निवासी कानापार थाना दुधारा ने गत दिवस एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। जिसकी गिरफ्तारी के एसपी सत्यजीत गुप्ता ने टीम गठित की थी। उक्त टीम आरोपी की तलाश में थी कि आरोपी ने मो. शमीम के दुकान के पीछे गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पंचनामा की कार्रवाई करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। शांति व्यवस्था कायम है।

# हत्यारोपितों की तलाश में संतकबीरनगर में दबिश

गोरखपुर। बकरी चोरी कर भाग रहे बदमाशों द्वारा युवक की हत्या के मामले में पुलिस के पास अभी कोई सुराग नहीं है। पुलिस टीम ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आशंका है कि बदमाश संतकबीरनगर इलाके के रहने वाले हैं लिहाजा एक टीम उस इलाके में दबिश डाल रही है। शनिवार की भोर में बोलेरो से बकरी चुराकर भाग रहे बदमाशों ने पीछा कर रहे पचौरी गांव के चाचा-भतीजे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इसमें गंभीर रूप से घायल भतीजे की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। पुलिस इस मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी संतकबीनगर इलाके के हैं। पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ने के लिए संतकबीरनगर में ही डेरा जमाए हुए है।

# 6 परिवार टूटने से बचे राजी होकर गए घर

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाये जा रहे साथ-साथ कार्यक्रम के तहत परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर रविवार को 6 परिवारों के मध्य हो रहे मनमुटाव को खत्म कराया गया। ये परिवार आपस में राजी खुशी से सुलह समझौता कर घर गए।

परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर थानाध्यक्ष पूनम मौर्या एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी के अध्यक्षता में छह मामले आए। इसमें इन्द्रजीत झुंगिया थाना बखिरा व द्वितीय पक्ष सुषमा निवासी झंगहा थाना झंगहा जनपद गोरखपुर, अख्तर जहां ग्राम पचपोखरिया थाना-दुधारा व मो. लतीफ ग्राम सिसवां फताउल्लाह दुधारा, अन्जनी ग्राम ऐंचाकाट कोतवाली व अजय ग्राम गोरयाभार, मुकेश ग्राम बालूशासन करिश्मा ग्राम बालूशासन कोतवाली, रीता देवी निवासी दुर्गजोत थाना बखिरा जोगिन्दरग्राम दुर्गजोत थाना बखिरा, अंजू निवरहर पंकज निवासी ग्राम छाछापार कोतवाली खलीलाबाद को काफी समझाने बुझाया गया।

# आत्महत्या को उकसाने वाला गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा की पुलिस ने आत्म हत्या के लिए उकसाने वाले वांछित अभियुक्त नाम पता दीपू उर्फ दीपनरायन यादव पुत्र स्व. रामविलास निवासी बैकुन्ठपुर पोखरा थाना धनघटा जनपद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्त ने दी है। शिकायत कर्ता सुरेशचन्द्र पाण्डेय पुत्र जद्दू पाण्डेय का आरोप है कि उनके पुत्र जयप्रकाश को अभियुक्त ने आत्महत्या करने के लिए दुष्प्रेषित किया था।

# 82 वाहनों से वसूला 1.57 लाख का शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 82 वाहनों से एक लाख 57 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस ने सभी चौक चौराहों पर सघन जांच की। जांच के दौरान 82 वाहनों से 1.57 लाख का शमन शुल्क वसूल किया गया है।

# शांतिभंग की आशंका में दो अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बेलहरकला थाने की पुलिस ने शांतिभंग की अशांका में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि जिले की शांति में खलल डालने वालों को किसी भी दशा में छोड़ा नहीं जाएगा।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाला मुख्य आरोपित गिरफ्तार, जेल

**फरार चल रहे आरोपित को रुपिन गांव के पास सड़क पर दबोचा**

**धनघटा थाना के बैकुंठपुर के राजस्व गांव पोखरा का मामला**

जासं, धनघटा : आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाले मुख्य आरोपित को धनघटा पुलिस ने रविवार को सूचना मिलने पर रुपिन गांव के पास सड़क के किनारे गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद से आरोपित फरार चल रहा था।

तहरीर में ग्राम पंचायत-बैकुंठपुर के राजस्व गांव पोखरा निवासी सुरेश चंद्र पाण्डेय ने उल्लेख किया है कि उनके 35 वर्षीय बेटे जय प्रकाश पाण्डेय का विवाह गोरखपुर जनपद में हुआ है। उनके गांव के 38 वर्षीय दीप नारायण यादव उर्फ दीपू का उनकी पतोहू से गलत संबंध था। इसकी जानकारी होने पर उनके बेटे को काफी ठेस पहुंची। इसको लेकर वह पत्नी को समझाने-बुझाने में जुटा रहा। आरोपित उसे राह का कांटा समझकर आत्महत्या करने के लिए उकसाने लगा। इसमें उनकी पतोहू व उसके मायके वाले भी शामिल रहे। गत पांच जनवरी को बेटे ने आत्महत्या कर ली। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी रही। सूचना मिलने पर रविवार को रुपिन गांव के पास सड़क के किनारे से उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि घटना के बाद यह आरोपित फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी में जुटी रही।

### एचआरपीजी कालेज में चार जून को सुबह आठ बजे से जिले के तीनों विस के मतों की गिनती शुरू होगी

# किस्मत का फैसला कल, प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कन

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एचआरपीजी कालेज-खलीलाबाद में जनपद के मेंहदावल, खलीलाबाद व धनघटा तीन विधानसभा के ईवीएम व डाक मत पत्रों की गिनती चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी। इस दिन प्रत्याशियों अथवा उनके अभिकर्ता को सुबह पांच बजे जिला प्रशासन द्वारा जारी फोटोयुक्त परिचय पत्र के साथ आना होगा। इनकी उपस्थिति में स्ट्रांग रूम से ईवीएम निकाला जाएगा। मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे मेटल डिटेक्टर डोर के पास जवानों व पुलिस कर्मियों के अलावा अभिसूचना इकाई (एलआइयू) के कर्मी की तैनाती रहेगी। मोती तिराहा, एचआरपीजी कालेज के मुख्य गेट के पहले, सरैया बाईपास के पास बैरियर लगे रहेंगे। मोबाइल, लैपटाप, ज्वलनशील पदार्थ, माचिस लेकर कोई प्रवेश नहीं कर पाएगा।

- अभिकर्ताओं की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम से निकाले जाएंगे ईवीएम
- मतगणना स्थल पर भारी संख्या में जवान व पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात



मतगणना को लेकर हर बिंदु पर नजर रखते (दाएं से) डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता और सीडीओ संत कुमार • फोटो सूचना विभाग

**सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी मतों की गिनती :** एक विधानसभा के ईवीएम के मतों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर चार मतगणना कर्मी की ड्यूटी लगेगी। इसमें एक पर्यवेक्षक, दो सहायक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी शामिल रहेंगे। मतों की गिनती के समय किसी कर्मी को तबीयत खराब होने अथवा अन्य कारणवश गिनती में कोई बाधा न आए, तीन पार्टी यानी 12 मतगणना कर्मी रिजर्व में रहेंगे। असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर (एआरओ) टेबल के लिए दो पार्टी यानी आठ मतगणना कर्मी रहेंगे। एक विधानसभा के लिए कुल 76 मतगणना कर्मी की ड्यूटी लगेगी। वहीं, डाक मत पत्र की गिनती के लिए आठ टेबल लगेंगे, रिटर्निंग आफिसर (आरओ) के पास 32 मतगणना कर्मी लगेंगे। इसके लिए तीन पार्टी रिजर्व में रहेगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में जिले के तीन विधानसभा के ईवीएम के लिए 228 व डाक मत पत्र की गिनती के लिए 48 कुल 276 मतगणना कर्मियों की ड्यूटी लगेगी।

**जवानों, पुलिस कर्मियों से घिरा रहेगा एचआरपीजी कालेज :** चार जून को एचआरपीजी-कालेज खलीलाबाद का मतगणना स्थल पीएसी, सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स (सीपीएमएफ) के जवानों, पुलिस कर्मियों से घिरा रहेगा। इसमें पीएसी-एक कंपनी, सीपीएमएफ-एक कंपनी, ईस्पेक्टर व थानाध्यक्ष-17, उप निरीक्षक-79, मुख्य आरक्षी व आरक्षी-446, महिला आरक्षी-56 के अलावा जनपद के एसपी, एएसपी, सभी सीओ आदि की ड्यूटी लगी रहेगी। मतगणना स्थल पुलिस-जवान की छावनी के रूप में दिखेगा। नियम विरुद्ध गतिविधि मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी।

**लोंस चुनाव मैदान में हैं ये 11 प्रत्याशी**

भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद, इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत निषाद उर्फ पप्पू, बसपा प्रत्याशी नदीम अशरफ, सर्वजन आवाज पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र यादव उर्फ कर्नल साहब, नकी भारतीय एकता पार्टी के प्रत्याशी सुभाष चंद दूबे, प्रगतिशील समाज पार्टी के प्रत्याशी धीरज श्रीवास्तव, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप, निर्दल प्रत्याशी आनंद कुमार गौतम, मित्रसेन, रामकृष्ण द्विवेदी व सत्यवंत प्रताप सिंह चुनाव मैदान मे है। चार जून को किसकी जीत होगी और किसकी हार ?.इसको लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र मे चर्चा तेज है।

> सीसीटीवी कैमरे से निगरानी के साथ ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ मतों की गिनती होगी। इसके लिए प्रत्येक बिंदुओं पर ध्यान दिया गया है। इसके लिए तेजी से तैयारियां चल रही हैं।
>
> महेंद्र सिंह तंवर, जिलाधिकारी

# यात्रियों को सुरक्षा के प्रति किया सचेत

जासं, संतकबीर नगर : खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर रविवार को जागरूकता अभियान चला। रेलवे के पुलिस कर्मियों ने प्लेटफार्म व ट्रेनों में सघन निरीक्षण करके यात्रियों को सुरक्षा के प्रति सचेत किया। यात्रियों को सुविधाओं की जानकारी दी।

आरपीएफ के उप निरीक्षक एसके शर्मा के नेतृत्व में कर्मियों ने सुबह यात्रियों को प्लेटफार्म पर व ट्रेन में यात्रा करते समय नियमों के पालन व सावधानियों पर अमल करने को कहा। ट्रेन में चैनपुलिंग, मानव तस्करी, जहरखुरानी, यात्री समान की चोरी की रोकथाम, पत्थर मारने की घटना, चलती ट्रेन में सेल्फी न लेने आदि के संबंध में यात्रियों को जानकारी दी गई।

# पुलिस के हाथ नहीं आया, कोर्ट में सरेंडर

## बिजली मिस्त्री के हत्यारोपी को खोज रही थी पुलिस

### पांच मई को मिस्त्री का मिला था शव

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के बसलोहिया गांव निवासी बिजली मिस्त्री संतोष की हत्या के मामले में एक आरोपी ने बस्ती कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। बिजली मिस्त्री का पांच मई को शव अंबेड़करनगर जनपद में पाया गया था। पुलिस ने मामले में मंगेतर और उसके प्रेमी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। पूछताछ में चार आरोपियों का और नाम आया था।

बसलोहिया गांव निवासी संतोष की हत्या में पुलिस ने आठ मई को घटना में संलिप्त मंगेतर सरस्वती निवासी मकदूमपुर थाना दुधारा और उसके प्रेमी पंकज प्रजापति निवासी आमा टिनिच थाना गौर जनपद बस्ती को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। पुलिस जांच में पंकज के दोस्त किशन राजभर निवासी महुआपार थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती और तीन अन्य का नाम प्रकाश में आया था। इनकी मदद से संतोष्र की हत्या करके शव को अंबेड़करनगर जनपद के भट्टपुरवा खेम पट्टी गांव के पास फेंक दिया।

मामला उजागर होने और अन्य का नाम प्रकाश में आने पर पुलिस टीमें हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया। इसके बाद किशन राजभर पुलिस को चकमा देकर गैर प्रांत भाग गया। तीस मई को उसने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।

कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि हत्यारोपी किशन राजभर ने बस्ती कोर्ट में बिजली के पुराने मुकदमें में आत्म समर्पण कर दिया है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। संवाद

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला वांछित गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा अनिल कुमार के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने वांछित दीपू उर्फ दीपनरायन यादव निवासी बैकुन्ठपुर पोखरा को रुपिन गांव के पास सड़क के किनारे से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वादी सुरेशचन्द्र पांडेय पुत्र जद्दू पांडेय निवासी बैकुंठपुर थाना धनघटा के पुत्र जयप्रकाश को वांछित ने आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया था। इससे उन्होंने खुदकुशी कर ली थी। संवाद

## अज्ञात वाहन चालक पर हादसे का केस

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल पुलिस ने एक पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित मालती सिंह ने शिकायत में बताया कि 17 मई को भोर में लगभग 4:15 बजे उनके पति दिग्विजय सिंह मेंहदावल में रोडवेज की तरफ मार्निंग वॉक पर गए थे। रोडवेज तिराहे के पास अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने पति को टक्कर मार दिया। घायल पति का इलाज लखनऊ के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। संवाद

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 82 वाहनों के चालकों से 1,57,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

## खड़ंजे पर अवैध कब्जे से आक्रोश

**रोसयाबाजार।** क्षेत्र ग्राम पंचायत सेवईपार में एक व्यक्ति के जरिए खड़ंजे पर अवैध कब्जा करने से 10 घरों का रास्ता बंद हो गया है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। थाना भारी को एक शिकायती पत्र देकर खड़ंजे से अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। ग्रामीण उमेश, सन्तराम, ओमप्रकाश, जयराम, रामसिंह, धीरज, संतलाल आदि ने कहा कि घर आने व जाने के लिए एक पुश्तैनी रास्ता है। इस पर पूर्व ग्राम पंचायत के जरिए खड़ंजा लगाया गया था। रास्ते में गांव के कुछ लोग दीवाल चला रहे हैं। मना करने पर मारपीट करने पर तैयार हो जाते है। इससे पुश्तैनी रास्ता बंद हो गया है। लोगों ने रास्ते को खुलवाने की मांग की है। संवाद

## घर में घुसकर की मारपीट, तीन के खिलाफ केस

**संतकबीरनगर।** धनघटा थाना क्षेत्र के भरतपुरा गांव में घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ व धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार भरतपुरा गांव निवासी बबलू ने शिकायत में बताया कि गांव की अरुना देवी उनसे व परिवार के सदस्यों से रंजिश रखती हैं। हमेशा दरवाजे पर बोई सब्जी व पेड़ों को नुकसान पहुंचाती हैं। 29 मई को शाम 6:30 बजे दरवाजे पर लगे नीबू के पेड़ से वह नीबू तोड़ रही थीं। मना करने पर वह गाली देने लगीं। इसके बाद अपने घर पर जाकर बेटे और देवर को बुला लाईं। वे लोग चाकू और डंडा लेकर आए और मारपीट शुरू कर दी। घटना देखकर बीच बचाव में आई पत्नी को भी मारापीटा। सूरज ने उनके ऊपर चाकू से प्रहार किया। संवाद

## खेत में जबरन धान की नर्सरी डालने का आरोप

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम झिंगुरापार में एक काश्तकार के खेत में शनिवार को गांव के कुछ लोगों ने धान के फसल की नर्सरी डाल दी। मामले में पीड़ित काश्तकार ने थाने में आठ के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। झिंगुरापार गांव निवासी पीड़ित अर्जुन यादव ने महुली पुलिस को बताया कि 18 जून 2023 को राजस्व टीम ने खेत का सीमांकन किया था। इस मामले में उपजिलाधिकारी धनघटा कोर्ट द्वारा 14 दिसम्बर 23 को उनके पक्ष में फैसला हुआ था। इसके बाद तहसील प्रशासन द्वारा चिन्हित खेत पर पत्थर नक्श किया गया था। पीड़ित अर्जुन के अनुसार शनिवार को गांव के आठ लोगों ने खेत में धान की नर्सरी डाल दी है। विरोध पर मारने के लिए दौड़ा लिया गया। संवाद

## छह जोड़ों को बिखरने से बचाया

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने टूटते परिवारों को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत सुनवाई के दौरान छह जोड़ों को बिखरने से बचाया। परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना पर रविवार को एसओ पूनम मौर्या एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाहअंसारी के अध्यक्षता में छह मामले प्रस्तुत हुए। इसमें इंद्रजीत और सुषमा, अख्तर जहां और मोहम्मद लतीफ, अंजनी और अजय, मुकेश कुमार और करिश्मा, अंजू और पंकज के मध्य आपसी विवाद की वजह से रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया था। पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। इसके बाद दोनों पक्षों में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। संवाद

## बाइक से गिरकर एक व्यक्ति की मौत

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र स्थित भदांह चौराहे पर रविवार को सुबह नौ बजे बाइक से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। नौ दिन पूर्व बीमारी की वजह से मृतक की पत्नी की मौत हो गई थी। अस्थि विसर्जन करके वापस आने के दौरान हादसे का शिकार बना। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि भदांह चौराहे पर बाइक से गिरकर रामकिशुन (56) निवासी जूरी की मौत हो गई। मृतक की पत्नी राधा देवी की मौत नौ दिन पूर्व बीमारी से हो गई थी। वह अस्थि विसर्जन करने के लिए गया था। एक युवक के साथ बाइक से घर जा रहा था। भदांह चौराहा पर बाइक से गिरकर चोटिल हो गया। आसपास के लोगों के सहयोग से जिला अस्पताल लाया गया। संवाद

b

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

# महिला समेत दो को पीटा, तीन पर केस

परसपुर। थानाक्षेत्र के ग्राम बलमत्थर के गौरी पाण्डेय पुरवा में राह चलते एक व्यक्ति को दस दिन पूर्व अपशब्द कहने के बाद घटना की पुनरावृत्ति हुई। पीड़ित बनारसी ने गांव के ही मोनू व रामावती के खिलाफ थाने में धमकी व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं ग्राम मधईपुर कुर्मी के घुचुआपुर की रहने वाली लखपता ने घरेलू विवाद को लेकर देवर राम छवि पर धमकी सहित पिटाई का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# शांतिभंग की आशंका में दो लोग गिरफ्तार

रुपईडीह। पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के चलते क्षेत्र के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौड़िया अंकुर वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के रामवचन पुत्र नेवल किशोर व लल्लू उर्फ धीरेंद्र कुमार पुत्र नाथूराम शुक्ला निवासीगण मुजेड जेठ पुरवा को शांति भंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। इसमें उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह, सुरेश मणि मिश्र रहे।

# छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार। घर में घुसकर लड़की से छेड़छाड़ के आरोपी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नगर पंचायत निवासी महिला ने शिकायत की थी। सोमवार को एक युवक घर में घुस आया और छेड़छाड़ की। इसका केस दर्ज कराया था। रविवार को पुलिस ने आरोपी शानू उर्फ कलामुद्दीन निवासी पठान टोला कटरा बाजार को गिरफ्तार कर लिया।

# चुनाव ड्यूटी में न जाने पर शिक्षामित्र के खिलाफ केस

रुपईडीह, संवाददाता। चुनावी ड्यूटी पर न जाना महिला शिक्षामित्र को काफी भारी पड़ा है। डीईओ/डीएम नेहा शर्मा के आदेश पर खंड शिक्षाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने शनिवार देर शाम प्राथमिक विद्यालय बलवंत नगर में कार्यरत महिला शिक्षामित्र के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

ब्लॉक रुपईडीह के खंड शिक्षाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने कौड़िया पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि प्राथमिक विद्यालय बलवंत नगर में कार्यरत महिला शिक्षामित्र अनीता शुक्ला लोकसभा चुनाव ड्यूटी में बिना सूचना के गायब रही।

इस पर डीएम ने बीईओ रुपईडीह को संबंधित शिक्षा मित्र के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा कर अवगत कराने का निर्देश दिया। जिस पर खंड शिक्षाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौड़िया अंकुर वर्मा ने बताया कि महिला शिक्षामित्र अनीता शुक्ला के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई की जा रही हैं।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को दबोचा

इटियाथोक। एसपी के विनीत जायसवाल के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित नामजद आरोपी अनिल कुमार दूबे पुत्र शेषनरायन दूबे ग्राम दरियापुर हरदोपट्टी इटियाथोक को पड़री जाने वाली पारासराय नहर पास से गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक की लिखित तहरीर के आधार पर थाना इटियाथोक पर बलराम तिवारी सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें अनिल कुमार दूबे पुत्र शेषनरायन दूबे निवासी ग्राम दरियापुर हरदोपट्टी को रविवार को पारासराय नहर के पास से दबोच लिया।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर मुकदमा दर्ज किया

छपिया, संवाददाता। पुलिस ने विवाहिता के पिता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थानाक्षेत्र के संगवा निवासी गंगाराम यादव ने तहरीर दी है कि उसने अपनी लड़की नीतू यादव की शादी दो माह पहले तरबगंज थाना क्षेत्र के करौड़ी गांव निवासी प्रमोद पुत्र रामधोखे के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल पहुंचने पर उसकी लड़की को सोने की चेन, अंगूठी व दो लाख रुपए की मांग को लेकर आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा।

मांगे न पूरी होने पर ससुराल पक्ष के लोग उसकी लड़की को जान से मार डालने की धमकी देते हैं। ससुराल वाले प्रतिदिन उसे मारते पीटते हैं। एसओ कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि गंगाराम यादव की तहरीर पर पति प्रमोद यादव, पप्पू यादव, राममनोहर यादव, गायत्री पत्नी पप्पू यादव, राजमन यादव के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# आज रात से लागू होगा डायवर्जन

गोंडा। मंडी समिति में मंगलवार को मतगणना के मद्देनजर पुलिस ने सोमवार रात 10 बजे से दूसरे जिलों से आने वाहनों का रूट डायवर्ट किया है। यह डायवर्जन सोमवार को रात 10.00 बजे से मतगणना खत्म होने चलेगा।

यातायात प्रभारी ने बताया कि लखनऊ की ओर से आने वाले समस्त बड़े वाहन जिन्हे अयोध्या, बलरामपुर, बहराइच तथा श्रावस्ती जाना है वे सभी अम्बेडकर चौराहे से पोस्ट आफिस तिराहे के रास्ते कटहाघाट सद्भावना होते हुए जाएंगे और इसी रास्ते से वापस भी आएंगे।

# मतगणना कार्मिकों का रेंडमाइजेशन आज होगा

सत्ता संग्राम

- सात विधानसभा सीटों पर सवा पांच सौ मतगणना कर्मी लगाए गए
- परिसर के डेढ़ सौ मीटर तक नही जा सकेंगे कोई भी अन्य वाहन

गोंडा, संवाददाता। जिले में दो लोकसभा सीटों के अंतर्गत सात विधानसभा क्षेत्र की 2726 पोलिंग बूथों पर 20 मई को वोट डाले गए। वोटों की मतगणना मंगलवार को शहर के बहराइच बाइपास पर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में होगी। डीईओ/डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि मतगणना कार्मिकों का रैंडमाइजेशन सोमवार को होगा। मतगणना के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

मतदान के बाद गल्लामंडी में ईवीएम मशीन के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया। इसकी निगरानी के लिए त्रिस्तरीय समिति गठित की गई। गेट से प्रवेश करते ही पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर अर्धसैनिक बलों का कड़ा पहरा रहा है। वोटों की गिनती के लिए चौबीस घंटे बाकी है। जिले में गोंडा लोकसभा और कैसरगंज के प्रेक्षक रविवार शाम मुख्यालय पहुंचकर मतगणना की तैयारी की जानकारी ली है। मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से शुरू होगी। इसके लिए प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ता के पास बनाए गए हैं। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि दो हजार से अधिक पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात किए जाएंगे।

## कैमरों की निगरानी में होगी मतगणना

नवीन गल्ला मंडी में लोकसभा चुनाव में डाले गए वोटों की मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। इसके लिए विधानसभा वार 14-14 मेजें लगाई जानी है। सुबह से ही ईवीएम कक्ष से लेकर पंडाल तक लाने तक कैमरों से निगरानी की जायेगी। सीडीओ एम अरुणमौली ने बताया कि सवा पांच सौ से अधिक कर्मियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया है।

# शव का अयोध्या में दोबारा पोस्टमार्टम

गोण्डा। शहर के रानीबाजार निवासी व्यापारी के बेटे सूरज गुप्ता की हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को राजफाश किया था। इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उंगली भी उठी है। इसके बाद एसपी विनीत जायसवाल ने लिखा पढ़ी की थी। इस डीएम नेहा शर्मा में अयोध्या जिले में दोबारा पैनल से पोस्टमार्टम कराने के आदेश दिए। इसपर सीओ सिटी विनय कुमार सिंह के साथ नगर कोतवाली पुलिस रविवार को युवक सूरज गुप्ता का शव पोस्टमार्टम कराने के लिए अयोध्या गई है।

# व्यापारी के पुत्र का दोबारा होगा पोस्टमार्टम

गोंडा : नगर के रानी बाजार के गल्ला व्यापारी धर्मप्रकाश गुप्त के बेटे सूरज गुप्त के शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सीओ सदर विनय कुमार सिंह ने बताया कि डीएम के आदेश पर दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिए शव कब्र से निकलवाया जा रहा है। दुल्लापुर खालसा गांव के पास टेढ़ी नदी व सम्मय माता मंदिर से 500 मीटर दूर स्थित गोसाई पुरवा के पास लगी बांस की झाड़ी में 28 मई को चरवाहों ने युवक की लाश पड़ी देखी। पुलिस ने 31 मई को घटना का राजफाश करके रुपये के लेनदेन में हत्या किए जाने की बात कही थी। रानी बाजार निवासी राम नेवटिया व बड़गांव निवासी शिवा कनौजिया को गिरफ्तार किया था। (संसू)

# मां-बेटी की पिटाई में चार पर केस

तरबगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र के धौरहरा घाट दयाल पुरवा निवासी मनोज देवी पत्नी राम गोपाल ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते शुक्रवार को आपसी विवाद को लेकर आरोपियों ने अभद्रता करते हुए उसे लाठी डंडे से मारापीटा। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई बेटी आंचल पांडेय व काजल पांडेय को भी मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिंह ने बताया तहरीर पर जीवननाथ, उसके बेटे श्यामजी, वैभव व बेटी लक्ष्मी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# बाइक चोरी के मामले में दी तहरीर

मुजेहना (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के सिंघवापुर गोपियापुर निवासी सोनू वर्मा ने बताया कि वह शनिवार को बाइक से अपना इलाज कराने गोंडा मेडिकल कॉलेज गए थे। वहां अस्पताल परिसर में बाइक खड़ी करने के बाद लॉक करके इलाज कराने अंदर चले गए। वापस लौटे तो बाइक चोरी हो चुकी थी। सोनू वर्मा ने कोतवाली नगर में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी है। (संवाद)

# भाभी ने देवर पर दर्ज कराई रिपोर्ट

परसपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र के घुचुआपुर मधईपुर कुर्मी निवासी लखपता ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि घरेलू विवाद को लेकर उसके देवर ने शनिवार की देर रात तकरीबन साढ़े नौ बजे उससे अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। शोर करने पर जानमाल की धमकी देते चले गए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि लखपता की तहरीर पर रामछवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# खेत में आग लगाने का आरोप, केस

परसपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र के विजईपुरवा मधईपुर कुर्मी निवासी निर्मला देवी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 21 मई की दोपहर तकरीबन एक बजे गांव के ही चार लोगों ने उनके खेत में आग लगा दी। जिससे खेत में लगा सागौन व आम का पेड़ जल गए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि निर्मला देवी की तहरीर पर कृष्णकुमार, संदीपकुमार, प्रदीप व प्रेमनाथ के खिलाफ रिपोर्ट की गई है। (संवाद)

# आज रात 10 बजे से ट्रैफिक डायवर्जन लागू

गोंडा। मतगणना के दौरान शहर में ट्रैफिक डायवर्जन लागू होगा। सोमवार रात दस बजे से ही मतगणना समाप्त होने तक रूट डायवर्जन प्रभावी रहेगा। एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि लखनऊ की ओर से आने वाले भारी वाहन जिन्हें अयोध्या, बलरामपुर, बहराइच तथा श्रावस्ती जाना है, वे सभी अंबेडकर चौराहे से डाकखाना तिराहे के रास्ते कटहाघाट, सद्भावना चौराहा होते हुए जाएंगे और इसी रास्ते वापस आएंगे। बहराइच से लखनऊ जाने वाले वाहन आर्यनगर से करनैलगंज के रास्ते आएंगे एवं इसी रास्ते वापस जाएंगे। बहराइच से बलरामपुर, श्रावस्ती और अयोध्या जाने वाले वाहन ठड़वरिया जगदीशपुर तिराहा से पंड़री कृपाल चौराहे के रास्ते विश्वागनेश चौराहा होते हुए मनकापुर तिराहा के रास्ते आएंगे और जाएंगे। (संवाद)

## यहां होगी पार्किंग

मतगणना कर्मी व पोलिंग एजेंट जो बड़गाव की ओर से आएंगे उन्हें संस्कृत महाविद्यालय में अपने वाहन पार्क कर पैदल ही मतगणना स्थल जाना होगा। मिश्रौलिया चौराहे की ओर से आने वाले मतगणना कर्मियों के वाहनों और पोलिंग एजेंट के वाहनों को ईरम हॉस्पिटल के सामने खाली पड़े मैदान में पार्क कर पैदल गल्ला मंडी जाना होगा।

# मतगणना स्थल के 150 मीटर के दायरे में वाहन प्रतिबंधित

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। बिना पास के किसी को भी मतगणना केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं मिलेगा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा। पार्किंग से मतगणना स्थल तक 150 मीटर के दायरे में कोई भी वाहन नहीं जा सकेगा। चारों तरफ से बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

एसपी विनीत जायसवाल ने शनिवार रात नवीन गल्ला मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। सुरक्षा प्रबंध का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने सभी ड्यूटी प्वाइंट का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व बैरिकेडिंग में लगे अधिकारियों व कर्मचारीगणों को चेक कर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को परखा। स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। एसपी ने बताया कि मतगणना स्थल पर चार बैरियर बनाए गए हैं। पहला बैरियर महादेव पेट्रस के सामने मुख्य मार्ग व दूसरा बैरियर बड़गांव चौराहा के पास बनाया गया है। प्रत्याशी, एजेंट व चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का पहचान पत्र व जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत पास चेक करने के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। तीसरा बैरियर महादेव धर्मकांटा के आगे वैल्यू इलेक्ट्रानिक्स के पास बनाया गया। यहां मिश्रौलिया ओवरब्रिज की तरफ से आने वाले प्रत्याशी, एजेंट व चुनाव ड्यूटी में लगे हुए कर्मियों को रोककर उनके वाहनों की स्वामीनाथ महादेव मैरिज लॉन व इरम हॉस्पिटल मोड़ के पास मैदान में ही पार्किंग कराई जाएगी।

मतगणना स्थल पर पान, मसाला, सिगरेट, माचिस, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व ज्वलनशील पदार्थ ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित है। कोई भी मतगणना कर्मचारी, प्रत्याशी, एजेंट या अन्य किसी को मोबाइल फोन अंदर ले जाना पूर्णतया मना है।



गल्ला मंडी में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा लेते एसपी। स्रोत पुलिस मीडिया सेल

**■ दो एएसपी व चार सीओ संभालेंगे व्यवस्था :** मतगणना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी के रूप में चार सीओ की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें सीओ करनैलगंज चंद्रपाल शर्मा, सीओ सदर शिल्पा वर्मा, सीओ मनकापुर राजेश सिंह व प्रशिक्षु सीओ नित्या गोस्वामी शामिल हैं। एएसपी (पश्चिमी) राधेश्याम राय इनर कॉर्डन के प्रभारी तथा एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत संपूर्ण मतगणना व आउटर कॉर्डन के प्रभारी होंगे। दमकल की भी व्यवस्था की गई है। एसपी ने बताया कि मतगणना स्थल पर पांच प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष, 25 निरीक्षक, 164 उपनिरीक्षक, सात महिला दरोगा सहित 1250 पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। दो कंपनी पीएसी व एक कंपनी सीएपीएफ के जवानों की भी तैनाती की गई है। एलआईयू के साथ ही तीन क्यूआरटी का गठन किया गया है।

## ड्रोन कैमरे से होगी मतगणना स्थल व आसपास की निगरानी

गोंडा। मतगणना को लेकर पुलिस महकमे ने तैयारी पूरी कर ली है। मतगणना स्थल के आसपास ड्रोन कैमरे से भी निगरानी होगी। मतगणना के दौरान मिश्रौलिया से बड़गांव पुलिस चौकी चौराहा तक ड्रोन कैमरे से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। शहर में बहराइच रोड बाईपास स्थित नवीन गल्ला मंडी परिसर को मतगणना स्थल बनाया गया है। चार जून को यहां मतों की गिनती कराई जाएगी। मतगणना कर्मियों के लिए टेबलवार व्यवस्था की गई है। मतगणना कर्मियों के सामने ही जाली की बैरिकेडिंग बनाई गई है। जहां मतगणना अभिकर्ता मतों की गिनती पर नजर रखेंगे। मतगणना स्थल पर प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ जुटने की संभावना है। इस दौरान किसी तरह के बवाल से निपटने के लिए जहां शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गई है। वहीं, मिश्रौलिया पुलिस चौकी चौराहे व बड़गांव पुलिस चौकी चौराहे पर बैरियर लगाए जाएंगे। बिना पास के किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। भीड़ के दौरान पुलिस ने हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए मतगणना स्थल व आसपास ड्रोन कैमरे से निगरानी की तैयारी की है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि ड्रोन संचालित करने के लिए जिप्सी में सिस्टम लगाया है। इससे भीड़ पर नजर रखी जाएगी। (संवाद)

## चार विद्यालय परिसर अधिग्रहीत

गोंडा। मतगणना में प्रशासनिक कार्यों के मद्देनजर जिले के चार विद्यालय परिसरों को अधिग्रहीत किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-160 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया। इसमें नारायना पब्लिक स्कूल आवास विकास कॉलोनी, सिटी मांटेसरी हायर सेकेंडरी स्कूल बहराइच रोड, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी व जयपुरिया विद्यालय को पीएसी जवानों के ठहरने आदि कार्यों के लिए तीन से छह जून तक के लिए अधिग्रहीत किया गया है। (संवाद)

# गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि उपनिरीक्षक कौशल किशोर सिंह ने गैंगस्टर के आरोपी दरियापुर दोपट्टी गांव निवासी अनिल कुमार दुबे को पारासराय नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि बलराम तिवारी समेत चार लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। (संवाद)

# अरुणाचल की जीत पर भाजपाई गदगद, मनाया जश्न

गोंडा। अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत से जिले के भाजपाई भी गदगद हैं। भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व रायबरेली जिले के प्रभारी पीयूष मिश्र की अगुवाई में रविवार को भाजपाइयों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। उन्होंने कहा कि इस जीत से स्पष्ट हुआ कि पूर्वोत्तर की जनता ने विकास की राजनीति के लिए फिर से जनादेश दिया है। अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार कमल खिलने पर देवीपाटन मंडल के साथ-साथ पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता खुश हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने कहा कि इसी तरह चार जून को पूरे देश में भगवा लहराएगा। जिले की दोनों सीटों सहित पूरे प्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलेगा। इस दौरान महामंत्री आशीष त्रिपाठी, राघवेंद्र ओझा, अनुपम प्रकाश मिश्र, दीपक अग्रवाल, उमेश शुक्ल आदि मौजूद रहे। (संवाद)

संवाद न्यूज एजेंसी

# भाजपा में मंडल अध्यक्षों पर दारोमदार, सपा ने हर सेक्टर से बुलाए 15-15 कार्यकर्ता

गोंडा। लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारी पूरी कर ली है। कई बार मतगणना कराने का अनुभव रखने वाले कार्यकर्ताओं को एजेंट बनाया गया है। प्रत्येक टेबल पर एक-एक एजेंट के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर मुख्य एजेंट बनाया गया है। पार्टी के दिग्गज नेता बाहर से ही मतगणना पर पैनी नजर रखेंगे।

गोंडा और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए मतगणना मंगलवार को शहर के नवीन गल्ला मंडी परिसर में होगी। गोंडा की चार विधानसभा सीटों गोंडा, मेहनौन, मनकापुर और गौरा की मतगणना जिले में होगी, जबकि उतरौला के वोट बलरामपुर में गिने जाएंगे। इसी प्रकार कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के तरबगंज, करनैलगंज व कटराबाजार विधानसभा क्षेत्र की गिनती गल्लामंडी में की जाएगी। साथ ही पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के वोट बहराइच में गिने जाएंगे। मतगणना को लेकर राजनीतिक दलों से अपनी तैयारी पूरी कर ली है।

भाजपा कार्यालय पर रविवार को जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने मतगणना एजेंटों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि किस तरह अपने-अपने टेबल पर नजर गड़ाए रखना है। यदि किसी प्रकार की धांधली की आशंका होती है तो तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

## भाजपा व सपा ने की तैयारी पूरी

भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने बताया मतगणना में मंडल अध्यक्षों के अलावा अन्य जानकार पदाधिकारियों को लगाया गया है। जिलास्तर के पदाधिकारी बाहर से निगरानी करेंगे। भाजपा कार्यालय पर बड़ी एलईडी के माध्यम से कार्यकर्ता लाइव प्रसारण देखेंगे। वहीं इंडी गठबंधन की ओर से मतगणना अभिकर्ता बनाने की जिम्मेदारी कटराबाजार के पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे को सौंपी गई है। पूर्व विधायक ने बताया कि अभिकर्ताओं के अलावा प्रत्येक बूथ से 15-15 कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। एक सेक्टर के 250 कार्यकर्ता मुख्यालय पर आकर बाहर से मतगणना की निगरानी करेंगे।

## प्रत्याशी मतगणना केंद्र पर रहेंगे मौजूद

गोंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह और उनके पिता कुंवर आनंद सिंह कई बार चुनाव लड़ चुके हैं। ऐसे में उनकी टीम में कई मतगणना विशेषज्ञ है। वहीं इंडी गठबंधन से श्रेया वर्मा के पिता राकेश वर्मा और दादा बेनी प्रसाद वर्मा कई बार चुनाव लड़ चुके हैं। उनके पास भी विशेषज्ञ मतगणना अभिकर्ताओं की टीम है। विशेषज्ञों को विधानसभावार मुख्य एजेंट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैसरगंज में बृजभूषण सिंह के पास चुनाव लड़ने का लंबा अनुभव है। भगतराम मिश्र भी लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। जबकि दोनों क्षेत्रों से बसपा प्रत्याशी पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

# सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण होने से पूरा शहर जाम से जूझ रहा

## पार्किंग की व्यवस्था न होने वाहन खड़ी करने में दिक्कतें, लग जाता है भीषण जाम

**समस्या**

बलरामपुर, संवाददाता। सड़क पटरियों पर अतिक्रमण होने से पूरा शहर जाम से जूझ रहा है जिसका जहां मन होता है वहीं पर वाहनों पार्क कर देता है। चौराहों पर वाहनों का जमावड़ा होने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। बैंक व प्रतिष्ठानों के सामने सड़क पर ही वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इसका प्रमुख कारण नगर में पार्किंग की व्यवस्था का न होना है। नगर पालिका और जिला प्रशासन की ओर से पार्किंग के लिए योजनाएं तो बनाई गईं लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं हो सका।

नगर के वीर विनय चौराहा गोंडा रोड पर रोडवेज बसों व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से आए दिन जाम लगा रहता है। रोडवेज बस चालक सड़क पर दो-तीन बसें एक साथ खड़ा कर देते हैं जिससे लंबा जाम लग जाता है। इसी तरह झारखंडी मंदिर से रोडवेज जाने वाले मार्ग पर कई बसों को एक साथ खड़ा कर दिए जाने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बस खड़ा करने का विरोध करने पर राहगीरों के साथ रोडवेज के कर्मचारी गाली-गलौज व मारपीट करने को उतारू हो जाते हैं। बहराइच रोड पर सड़क की पटरियां अतिक्रमण की चपेट में हैं। इसी तरह वीर विनय चौराहा से चौक जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। भगवतीगंज चौराहा हो या आंबेडकर तिराहा या फिर चौक बाजार सभी स्थानों पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमा लिया है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर कुछ पटरी दुकानदारों को हटाकर नगर पालिका प्रशासन अपने कार्यों की इतिश्री कर लेता है। अधिवक्ता रोहित कुमार पांडेय का कहना है कि कुछ दुकानदारों ने तो सड़क पटरी तक अपनी दुकान फैलाकर रखते हैं जिसके कारण आम लोगों को इसका नुकसान उठाना पड़ता है। शकील, राजू व मोहित का कहना है कि सड़क व पटरी पर अवैध कब्जा करने वालों पर कठोर कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाना चाहिए।



वीर विनय चौराहा के गोंडा मार्ग पर सड़क पर खडे वाहन।

**अतिक्रमण से सड़क पटरियों पर चलना मुश्किल, लगता है जाम :** वीर विनय चौराहा से चौक बाजार जाने वाले रास्ते पर दुकानदारों ने सड़क पटरियों पर अतिक्रमण कर रखा है। कुछ माह पहले ई-रिक्शों का प्रवेश मुख्य बाजार में रोक दिया गया था। पुरानी व्यवस्था भंग होने के कारण ई-रिक्शे धड़ल्ले से चौक तक जाते हैं जिसके कारण भारी जाम लगता है। फर्रासखाना मोड़ पर दुकानदारों ने सड़क पटियों पर दुकानें सजा रखी हैं। वाहन खड़ा करने की कोई व्यवस्था नहीं है। बाजार में खरीदारी करने आए ग्राहक अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर खड़ा कर देते हैं। सड़कों पर खड़े वाहनों के चलते मुख्य बाजार में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जानकारों का कहना है कि नगर में जगह-जगह अगर पार्किंग की व्यवस्था कर दी जाए तो जाम से निजात मिल सकती है।

> नगर में अतिक्रमण हटवाने के लिए समय-समय पर एसडीएम के नेतृत्व में अभियान चलाया जाता है। नगर पालिका द्वारा निर्धारित टैक्सी स्टैंड पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है।
>
> -**राजमणि**, ईओ, बलरामपुर

# आयुक्त ने मतगणना की तैयारियों जायजा लिया

**सत्ता संग्राम**

बलरामपुर, संवाददाता। देवीपाटन मंडल के नवनियुक्त आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत शनिवार देर रात मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम एवं मंडी समिति में होने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। मंडी समिति में मतगणना के लिए किए गए प्रबंधों की आयुक्त ने प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह से विधान सभावार मतगणना टेबल, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, मतगणना एजेंट के लिए कुर्सियों की व्यवस्था, बैरिकेडिंग व्यवस्था के साथ प्रवेश एवं निकासी द्वार के बारे में जानकारी ली।



मंडी समिति स्थित मतगणना स्थल का जायजा लेते देवीपाटन आयुक्त, डीएम व अन्य।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि मतगणना कार्मिकों व मतगणना एजेंट के लिए समुचित शीतल पेयजल की व्यवस्था के साथ गर्मी से बचाव को लेकर कूलर के समुचित प्रबंध किए गए हैं। साथ ही आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम की भी तैनात की गई है। इसी के साथ मतगणना के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अतिरिक्त ट्रांसफर की व्यवस्था भी कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंडलायुक्त को बताया कि मतगणना को निष्पक्ष, स्वतंत्र व पारदर्शी तरीके से कराए जाने की सभी तैयारियां युद्धस्तर पर पूर्ण करा ली गई हैं। सुरक्षा के मद्देनजर प्रवेश द्वार सहित मतगणना स्थल पर चप्पे चप्पे पर सुरक्षा एवं पुलिस की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एसपी कर रहे जागरूकता अभियान की मॉनिटरिंग

## मिशन शक्ति

बलरामपुर,संवाददाता। मिशन शक्ति जागरूकता अभियान ज़िले में सफल साबित होता दिख रहा है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार स्वयं जागरूक अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। प्रत्येक टीम से वह स्वयं जुड़कर अभियान के सफलता की जानकारी ले रहे। यह बातें थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने कही।

एसएचओ दुर्गेश कुमार सिंह रविवार को मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए थाना क्षेत्र में लोगों को जागरुक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज किसी घटना को घटित करने पर अपराधी को बक्सा नहीं जाता है। उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने का काम पुलिस कर रही है। इसके लिए सभी को आगे आना होगा। जब शिकायतकर्ता पुलिस को सूचना देगा तभी पुलिस पीड़ित की मदद कर पाएगी। उप निरीक्षक राहुल सिंह ने कहा कि थाना कोतवाली देहात की पुलिस टीम बनाकर गांव -गांव महिलाओं व छात्राओं को जागरुक कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि समाज भय एवं अपराध मुक्त हो सके। उपनिरीक्षक राहुल सिंह ने छात्राओं को शासन के हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस अवसर पर चालक दिलीप सिंह, दीवानी एस डी खान, रोहित शुक्ला, गंगाराम यादव, महेश्वरी, इतवारी लाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# साइबर अपराधियों से सावधान रहने को चलाया अभियान

बलरामपुर : साइबर अपराधियों से सावधान रहें। मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों व महिलाओं को एंटी रोमियो दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल की संयुक्त टीम ने गांवों व सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए हेल्पलाइन नंबरों पर फोन करने की सलाह दी गई। (जासं)

# शांतिभंग में छह आरोपितों को किया गया गिरफ्तार

बलरामपुर : नगर कोतवाली की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार लोगों को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि जोरावरपुर के नन्हे लाल, बाबूलाल यादव, भगवतपुर के संगीत लाल व ननके पासवान के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। वहीं, गौरा चौराहा थाना के प्रभारी निरीक्षक टीएन गुप्त ने बताया कि नौबस्ता मुड़िला के सोनू व आकाश को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। (जासं)

# चोर को चार माह कारावास

वलरामपुर : चोरी के मामले में दोषी पाए गए शुभम सिंह को न्यायालय ने चार माह कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के अमरेंद्र कुमार की पानी पाइप चोरी हो जाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक उपनिरीक्षक आशीष कुमार सिंह ने शुभम सिंह का नाम प्रकाश में आने पर चोरी के सामान की बरामदगी कीथी। आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया। प्रभावी पैरवी पर न्यायालय ने दोषसिद्ध होने पर सजा सुनाई है। (जासं)

# मतगणना को लेकर कल गोंडा मार्ग पर रहेगा डायवर्जन

जासं • बलरामपुर : लोकसभा श्रावस्ती के तीन विधानसभाओं व गोंडा संसदीय क्षेत्र के उतरौला विधानसभा की मतगणना चार जून को भगवतीगंज मंडी समिति परिसर में होगी। मतगणना के दृष्टिगत इस दिन गोंडा मार्ग पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाते हुए रूट डायवर्जन किया गया है। यातायात प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह यादव ने बताया कि चार जून को तुलसीपुर की ओर से आने वाले वाहन वीर विनय चौराहा से मुड़कर झारखंडी से सेखुई कला होते हुए फुलवरिया बाईपास चौराहा से गोंडा व उतरौला जाएंगे। गोंडा की तरफ से आने वाले वाहन फुलवरिया बाईपास से ओवरब्रिज होते हुए सेखुई कला चौराहा से बहराइच मार्ग व यहीं से वीर विनय चौराहा होते हुए तुलसीपुर की तरफ जाएंगे। उतरौला की तरफ से आने वाले वाहन गोंडा, बहराइच व तुलसीपुर जाने के लिए नहर बालागंज तिराहा से फुलवरिया बाईपास की तरफ मुड़ेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि में कोई वाहन खड़ा नहीं किया जाएगा।

# पति-पत्नी साथ रहने को हुए राजी

बलरामपुर। आपसी सुलह-समझौते के आधार पर पति-पत्नी फिर से एक साथ रहने को राजी हो गए हैं। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में परिवार परामर्श केंद्र की बैठक रविवार को हुई। इसमें पति-पत्नी के बीच विवादों का निस्तारण कराने की पत्रावलियां प्रस्तुत की गईं। परामर्शदाता अरुण कुमार, देवतादीन दुबे, वंदना मिश्रा, महिला कांस्टेबिल हेमा व गुलप्सा बानों ने दोनों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी कर लिया। (संवाद)

# स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की मंडलायुक्त ने की प्रशंसा



भगवतीगंज मंडी समिति परिसर में मतगणना स्थल का निरीक्षण करते देवीपाटन मंडल के नवनियुक्त आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील • सौ: सूचना विभाग

जासं • बलरामपुर: देवीपाटन मंडल के नवनियुक्त आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद शनिवार की देर रात मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए चार जून को मंडी समिति में होने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की प्रशंसा की।

उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी से विधान सभावार मतगणना टेबल, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति, मतगणना एजेंट के लिए कुर्सियों की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रवेश व निकास द्वार की विस्तृत जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि मतगणना कार्मिकों व एजेंट के लिए समुचित शीतल पेयजल, कूलर के प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध, मेडिकल टीम तैनात की गई है।

एसपी केशव कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, योगेश सिंह मौजूद रहे।

# मनमानी करने वाले चार चालक और 12 परिचालकों को नोटिस

बलरामपुर। परिवहन निगम ने स्थानीय डिपो में लापरवाह कर्मचारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बिना बताए ड्यूटी से नदारद रहने वाले चार चालक व 12 परिचालकों को नोटिस दी गई है। सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। निर्धारित समय पर स्पष्टीकरण न मिलने की दशा में चालक व परिचालकों को रूट ऑफ करते हुए विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**चालक व परिचालकों के अनुपस्थित रहने से बसों का संचालन प्रभावित**

डिपो की वरिष्ठ प्रभारी तरन्नुम ने बताया कि चार चालक व 12 परिचालक कई दिन से बिना सूचना के अनुपस्थित हैं।

इससे डिपो की बसों का संचालन प्रभावित है। परिवहन निगम को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। इस समय बहराइच दरगाह मेले में डिपो की 16 स्पेशल बसों का संचालन होना है। चालक व परिचालकों के अनुपस्थित रहने से बसों के संचालन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में इन कर्मियों को नोटिस जारी किया है। तीन दिन में यदि यह कर्मचारी उपस्थित न हुए तो कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

## इन्हें मिला नोटिस

डिपो में तैनात चालक बृजेंद्र कुमार, मोहन लाल, नरेंद्र कुमार दूबे, रामसुख चौधरी, सदानंद सिंह, राकेश कुमार वर्मा को नोटिस दी गई है। इसी तरह डिपो के परिचालक चंद्रभूषण, देव प्रकाश पांडेय, अबू सारिया अंसारी, अनुपम पटेल, बृजेश कुमार पासवान, कमलेश कुमार, नरसिंह, राम बहादुर पांडेय, संदीप कुमार सिंह, सत्यदेव यादव, सूरज कुमार भारती व विजय पटेल से स्पष्टीकरण मांगा गया है। (संवाद)

# मतगणना स्थल का आयुक्त ने किया निरीक्षण

बलरामपुर। भगतीगंज स्थित मंडी परिसर में चार जून को मतगणना कराई जाएगी। इसकी तैयारी का जायजा लेने के लिए नवागत मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद शनिवार की रात में मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। मतगणना स्थल पर की जा रही तैयारी को लेकर उन्होंने प्रशंसा की।

मंडलायुक्त कहा कि मतगणना के दौरान भीषण गर्मी में कार्मिकों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल, कूलर व छाया के साथ बचाव की व्यवस्था करें। मतगणना स्थल के बगल स्थित स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम रखी गई हैं, जिनकी सुरक्षा के बारे में भी जांच की। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सुरक्षा की तैयारी को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बताई। कहा कि मतगणना स्थल के आस पास बड़ी संख्या में पुलिस के साथ केंद्रीय फोर्स के सिपाही तैनात रहेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि मतगणना केंद्र के नजदीक कोई अराजक तत्व दिखाई पड़े, तो उसे तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व एक्सईएन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड कुमार शैलेंद्र मौजूद रहे। (संवाद)

# पुलिस कर्मियों को नारियल पानी व मट्ठा पीने की हिदायत

राब्यू, जागरण● लखनऊ: डीजीपी प्रशांत कुमार ने लगातार पड़ रही गर्मी के मद्देनजर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान नारियल पानी व मट्ठा तथा दही का सेवन करने की हिदायत दी है। इस संदर्भ में उन्होंने सभी पुलिस कमिश्नरों व एसएसपी तथा जिला मुख्यालयों को पत्र लिखकर कहा है कि गर्मी से बचाव के लिए पुलिसकर्मियों को साफ व शीतल पेयजल जरूर उपलब्ध करवाया जाए।



प्रशांत कुमार( फाइल)

उन्होंने कहा है कि ड्यूटी पर जाने से पहले पुलिसकर्मी नींबू, इलेक्ट्राल, ओआरएस व नारियल पानी का सेवन जरूर करें। साथ ही अधिक प्रोटीन व वसायुक्त भोजन लेने से बचें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यातायात व्यवस्था को लेकर तैनात पुलिस कर्मियों के लिए शेड की व्यवस्था जरूर करवाई जाए। डीजीपी ने कहा है कि बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, बहुमंजिला इमारतों, शापिंग माल्स तथा अन्य इमारतों में आग से सुरक्षा के इंतजामों की पड़ताल की जाए। आग लगने की छोटी से छोटी घटनाओं के बारे में सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण करने के निर्देश भी दिए हैं।

# महिलाओं ने जिसे दिया आशीर्वाद उसी प्रत्याशी के सिर सजेगा ताज

## लोकसभा चुनाव में 54.116 फीसदी महिलाओं व 51.578 फीसदी पुरुषों ने किया मतदान

मंगल देव गिरि

बलरामपुर। श्रावस्ती सांसद को चुनने में आधी आबादी ने अपना दबदबा दिखाया है। 54.116 फीसदी आधी आबादी ने अपनी भागीदारी निभाई है। वहीं इनके मुकाबले में 51.578 फीसदी पुरुषों ने मतदान किया है। चार जून को नतीजा आएगा। 12 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। इस बार महिलाओं ने जिसे दिया आशीर्वाद दिया है, उसी के सिर जीत का ताज सजेगा।

25 मई को छठवें चरण के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती संसदीय सीट पर वोटरों ने दलीय व निर्दलीय सहित 12 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद कर दी है। उम्मीदवारों के भाग्य के फैसले की घड़ी धीरे-धीरे नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे भाजपा, सपा, बसपा व पीस पार्टी सहित सभी उम्मीदवारों की धड़कनें भी बढ़ती जा रही हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में भीषण गर्मी व धूप की तपिस का साया साफ देखने को मिला। इन सबके बावजूद घर की चौखट से बाहर निकलकर बूथों पर पहुंचकर मतदान कर आधी आबादी ने अपना दबदबा कायम किया है। (संवाद)

### विधानसभावार पड़े वोट

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| सदर | 104926 | 93079 | 00 | 198005 | 47.06 |
| तुलसीपुर | 101328 | 67160 | 05 | 188493 | 49.80 |
| गैसड़ी | 95139 | 90948 | 00 | 186087 | 51.23 |
| भिनगा | 117649 | 107107 | 01 | 224757 | 56.80 |
| श्रावस्ती | 127551 | 121353 | 07 | 248911 | 58.91 |
| योग | 546593 | 479647 | 13 | 1026253 | 52.83 |

### सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

"-भगवतीगंज स्थित मंडी समिति परिसर में चार जून को मतगणना कराने की तैयारी की जा रही है। शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। रूट डायवर्जन के साथ ही पूरे शहर में फोर्स निगरानी करेगी। सभी पार्टियों के कार्यालयों व उम्मीदवारों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

-अरविंद सिंह, डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी

### हम नहीं किसी से कम, आधी आबादी ने दिखाया दम

श्रावस्ती संसदीय सीट पर पांच विधानसभाओं के 19,80,381 वोटरों को मतदान करना था। इसमें 10,58,663 पुरुष, 9,21,664 महिला व 54 थर्ड जेंडर वोटर शामिल थे। इनमें से 10,26,253 वोटरों ने 2104 बूथों पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें 5,46,593 पुरुष, 4,79,647 महिलाओं एवं 15 थर्ड जेंडर वोटरों ने मतदान में हिस्सा लिया। श्रावस्ती जनपद की दो विधानसभा व बलरामपुर की तीन विधानसभा शामिल रही। श्रावस्ती जनपद के भिनगा विधानसभा क्षेत्र में 55.60 फीसदी पुरुष व 58.20 फीसदी महिलाओं और श्रावस्ती विधानसभा में 57.19 फीसदी पुरुष व 60.83 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया। बलरामपुर जनपद की विधानसभा सदर में 46.30 फीसदी पुरुषों व 47.95 फीसदी महिलाओं, तुलसीपुर में 49.71 फीसदी पुरुष व 49.71 फीसदी महिलाओं और गैसड़ी में 49.09 फीसदी पुरुष व 53.69 फीसदी महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### इनके भाग्य का होगा फैसला

श्रावस्ती लोकसभा सीट पर चार जून को काउंटिंग में जिन 12 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है, उसमें भाजपा के साकेत मिश्र, सपा के राम शिरोमणि वर्मा, बसपा के मैनुद्दीन अहमद उर्फ दद्दन खां, पीस पार्टी के अहमद जिया खान, सम्यक पार्टी के कृष्ण कुमार, राष्ट्रीय जनता पार्टी की गीता गौतम, आम जनता पार्टी (इंडिया) के युगल किशोर शुक्ल, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के हनुमान प्रसाद मिश्र, निर्दलीय अखिल कुमार तिवारी, मालिक राम, शांति देवी व सुजीत कुमार शामिल हैं।

# परामर्श केंद्र में पारिवारिक मामला निस्तारित

बलरामपुर : पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी का विवाद आपसी सुलह-समझौते से निस्तारित किया गया। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि नगर कोतवाली की किरण बनाम ज्वाला प्रसाद का मामला निस्तारित किया गया है। परामर्शदाता देवतादीन दुबे, अरुण, वंदना, आरक्षी हेमा व गुलअफ्शा मौजूद रहे। (जासं)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

हिन्दुस्त

# बैनामा की भूमि पर हो रहे निर्माण को ढहाया, केस दर्ज

बलहा, संवाददाता। एक महिला के नाम खरीदी गई भूमि पर एक सप्ताह पूर्व निर्माण की शुरुआत हुई। जिस पर इसी गांव निवासी आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने निर्माणाधीन दीवार ढहा दी। सीमेंट, मोरंग उठाकर इधर- उधर फेंक नष्ट कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार महिलाओं सहित आठ के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

नानपारा कोतवाली के बंजरिया के मजरे अशरफा निवासी अब्दुल वहीद पुत्र अब्दुल लतीफ ने अक्तूबर 2023 में अपनी मां विलकीश बेगम के नाम बंजरिया के मजरे ईशापुरवा निवासी असगर अली पुत्र इद्दू की पुश्तैनी घरुही भूमि का बैनामा कराया था। इसी भूमि पर 27 मई को निर्माण करा रहा था। इसी दौरान मंशब अली पुत्र उस्मान व उसके बेटों, परिवार की महिलाओं ने बनी दीवार ढहा दी। सीमेंट, मोरंग, ईंटा उठाकर इधर- उधर फेंक नष्ट कर दी। जिसके चलते उसे लाखों की क्षति हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बलवा, घर में घुसकर क्षति की धाराओं के तहत चार महिलाओं सहित आठ को नामजद कर केस दर्ज कराया है।

# जिले पर पहुंचे प्रेक्षक

**सत्ता संग्राम**

बहराइच। लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर आयोग की ओर से नामित प्रेक्षकों ने रविवार को जिले पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दिया है। मतगणना शुरू होने से लेकर परिणाम जारी होने तक की प्रक्रिया पूर पैनी नजर रखेंगे। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 284-मटेरा व 286-बहराइच के लिए आईएएस अनिल राज राय को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 9336643866 है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा व 283-नानपारा के लिए आईएएस अमनदीप बंसल को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 9118348171 है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 285-महसी तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 कैसरगंज (आंशिक) अन्तर्गत 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज के लिए एससीएस रूपश्री के को प्रेक्षक नामित किया गया है।

हिन्दुस्तान

# सेंचुरी क्षेत्र में वन चौकियों को जलाने पर एजेंसियां सतर्क

**फॉलोअप**

**बहराइच, संवाददाता।** सीमा पार कर सेंचुरी क्षेत्र में 24 घंटों के अंदर वन चौकियों को आग के हवाले करने के मामले में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। नेपाली इंटेलीजेंस से संपर्क साधा गया है। गोपनीय सूचना के आधार पर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास भी शुरू हो गए हैं। उधर वन चौकियों को जलाने व समय से रिपोर्ट साझा न करने पर डीएफओ भी गंभीर हुए हैं। दो दिनों से कतर्नियां में डटे हुए हैं। जल्द ही कुछ लोगों पर कार्रवाई भी हो सकती है।

कतर्नियाघाट सेंचुरी क्षेत्र के धर्मापुर रेंज बाघ संरक्षित क्षेत्र है। इस रेंज में कई तालाब भी हैं। इन दिनों सीमा से लगे नेपाली गांवों के लोग अवैध शिकार के लिए संरक्षित क्षेत्र में कई दिनों से मिल रहे इनपुट पर वन विभाग ने 28 मई को चार महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

इन पर मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया। इस घटना के तीन दिन बाद सीमा पार कर सेंचुरी क्षेत्र में घुसे हथियारबंद नेपाली शिकारियों ने गुरुवार को तीन व शुक्रवार की रात को दो वनचौकियों को फूंक दिया था। पहले दिन के मामले को रेंज के अधिकारी की ओर से पूरी सूचना नहीं दी गई, लेकिन शुक्रवार को भी चौकियों के जला देने पर अधिकारी हरकत में आए।

सूचना मिलने पर डीएफओ धर्मापुर रेंज पहुंचे। दो दिनों से वहां ही डेरा जमाए हुए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि गश्त व रिपोर्ट साझा न करने के मामले में रेंजर व अन्य अधिकारियों की जवाबदेही तय हो रही है। इन पर कार्रवाई भी हो सकती है।

उधर सीमा पार घुसकर दो दिनों तक सेंचुरी में उत्पात मचाने के मामले में एसएसबी पर भी दवाब बढ़ गया है। अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी हरकत में आई हैं। बताया जा रहा है कि पूरे मामले को नेपाली इंटिलीजेंस से रिपोर्ट साझा किया गया है। पहले पकड़े गए नेपाली शिकारियों से हुई पूछताछ के आधार पर नेपाली पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही इन शिकारियों को गिरफ्तार किया जा सकता है।

### त्रिस्तरीय अधिकारियों की बैठक में भूमिका तय

बहराइच। सेंचुरी क्षेत्र में वन चौकियों के जलाने को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी, एसएसबी, पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को कतर्नियां में गोपनीय मीटिंग हुई है। इसमें हर बिंदु पर चर्चा की गई है। जिसके आधार पर सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ ही वन विभाग को भी सेंचुरी क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाने को कहा गया है। दूसरी ओर सुरक्षा एजेंसियां अपने स्तर से काम करेंगी, ताकि जल्द से जल्द वारदात को अंजाम देने वालों को पकड़ा जा सके।

> "वन चौकियों को जलाने के मामले में जानकारी जुटाई जा रही है। रेंज के जिम्मेदार लोगों को भी निगरानी के लिए लगाया गया है। वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर सभी कदम उठाए जा रहे हैं।
>
> **बी शिव शंकर**, डीएफओ, कतर्नियाघाट

# महाराष्ट्र से लाई युवती का मतांतरण कराने का आरोप

- नाम और धर्म बदलकर प्रेमजाल में फंसाया
- बेटी की तलाश में पहुंची मां को जानमाल की मिली धमकी

संसू, जागरण • मिहींपुरवा(बहराइच) : महाराष्ट्र से बेटी की तलाश में मोतीपुर पहुंची महिला को जानमाल की धमकी दी जा रही है। आरोप है कि मोतीपुर क्षेत्र के एक युवक ने अपना नाम व धर्म छिपाकर युवती को प्रेमजाल में फंसाया और उसे बहराइच ले आया। युवक व उसके परिवार के लोगों ने जबरन युवती का मतांतरण भी करा दिया है।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बाप गांव कल्याण थाना की रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया है कि मोतीपुर के अंडनपुरवा करमोहना गांव का रहने वाला साहिल उसके घर के पास फर्नीचर की दुकान पर काम करता था। साहिल अपना नाम व धर्म छिपाकर उसके घर सामान लेने के बहाने आने-जाने लगा। इसी दौरान उसने हिंदू बनकर बेटी को बहराइच ले आया। पता चलने पर जब वह आरोपित के घर पहुंची तो वहां बेटी मौजूद मिली। महिला को देखकर आरोपित व उसके परिवार के लोग आगबबूला हो गए। महिला को वापस जाने के लिए जानमाल की धमकी देते हुए बेटी का जबरन मतांतरण करा देने की बात कही।

एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि इस प्रकरण में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बाप गांव कल्याण थाने में मुकदमा दर्ज है। मामले में महाराष्ट्र पुलिस को पूरा सहयोग किया जा रहा है।

# चोरों ने ढाई लाख की नकदी समेत 10 लाख का माल उड़ाया



रायपुर राजा मुहल्ले में चोरी के बाद घर में बिखरा सामान • जागरण

जासं • बहराइच : देहात कोतवाली इलाके के मक्कापुवा में चोरों ने घर से लाखों की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण समेत 10 लाख के माल पर हाथ कर दिया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू की है। इससे पहले भी चोरों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। बावजूद इसके पुलिस चोरों के आगे बेबस नजर आ रही है।

मक्कापुरवा निवासी सुनील दत्त शुक्ल का पैतृक आवास श्रावस्ती जिले के सिरसिया इलाके के ग्राम बभनी में है। शुक्रवार को वे अपने पैतृक आवास गए थे। रविवार को पड़ोस के लोगों ने उन्हें सूचना दी कि मक्कापुरवा स्थित आवास का मुख्य गेट बंद है, लेकिन अंदर का दरवाजा खुला है। जानकारी पर जब वे बहराइच पहुंचे तो आवास के आसपास के लोग एकत्र थे। चोरी की आशंका होने पर मुख्य गेट का ताला खोलकर जब घर में दाखिल हुए तो अलमारी का ताला टूटा मिला। घर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे ढाई लाख रुपये, एक किलो चांदी, दो सोने की चेन, आठ पायल, मांग टीका, कमरबंद, नथुनी, कील, सोने का लाकेट, साड़ियां व कई अन्य कीमती सामान गायब थे। कोतवाल बृजेंद्र मिश्र ने बताया कि मौके से साक्ष्य संकलित किए गए हैं। जल्द ही घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

# युवक की पिटाई से मौत मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

संसू, जागरण • मटेरा(बहराइच) : निहालपुरवा गांव निवासी युवक की पिटाई से मौत के मामले में पुलिस ने आरोपित पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

मटेरा के निहालपुरवा गांव निवासी 19 वर्षीय गुरमीत सिंह बीते गुरुवार को बाइक से जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप था कि गौरा स्थित पंचायत भवन के निकट बाइक सियार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। घटना में युवक को भी चोटें आईं। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के स्वजन का आरोप है कि बाइक क्षतिग्रस्त होने से नाराज बाइक स्वामी ने उसकी पिटाई की थी, जिससे उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है। जिलाजीत सिंह की तहरीर पर सत्ती सिंह निवासी निहाल पुरवा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पुलिस कर्मियों को नारियल पानी व मट्ठा पीने की हिदायत

राब्यू, जागरण• लखनऊ : डीजीपी प्रशांत कुमार ने लगातार पड़ रही गर्मी के मद्देनजर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान नारियल पानी व मट्ठा तथा दही का सेवन करने की हिदायत दी है। इस संदर्भ में उन्होंने सभी पुलिस कमिश्नरों व एसएसपी तथा जिला मुख्यालयों को पत्र लिखकर कहा है कि गर्मी से बचाव के लिए पुलिसकर्मियों को साफ व शीतल पेयजल जरूर उपलब्ध करवाया जाए।



प्रशांत कुमार( फाइल)

उन्होंने कहा है कि ड्यूटी पर जाने से पहले पुलिसकर्मी नींबू, इलेक्ट्राल, ओआरएस व नारियल पानी का सेवन जरूर करें। साथ ही अधिक प्रोटीन व वसायुक्त भोजन लेने से बचें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यातायात व्यवस्था को लेकर तैनात पुलिस कर्मियों के लिए शेड की व्यवस्था जरूर करवाई जाए। डीजीपी ने कहा है कि बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, बहुमंजिला इमारतों, शापिंग माल्स तथा अन्य इमारतों में आग से सुरक्षा के इंतजामों की पड़ताल की जाए। आग लगने की छोटी से छोटी घटनाओं के बारे में सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण करने के निर्देश भी दिए हैं।

# थाने में फरियादियों को मिलेगा शुद्ध पानी

**बौंडी (बहराइच)।** बौंडी थाने में आने वाले फरियादियों को अब शुद्ध पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए थाने में वाटर प्यूरीफायर लगवाया गया है। इस मशीन से गर्म, सामान्य व शीतल जल मिल सकेगा। वीजा सत्यापन के लिए 20 किलोमीटर दूर राम बख्शपुरवा गांव से आए अमित कुमार ने बताया कि थाने में ठंडे पानी की व्यवस्था करना विभाग का सराहनीय कदम है। पहिया बौंडी के राम मिलन गौतम, मंझारा तौंकली के पवन कुमार, कोदही के सोनेलाल, पट्टीरामगढ़ी के राजेश कुमार, समाजसेवी रमेश तिवारी ने बताया कि थाने में पहुंचने वाले फरियादियों को स्वच्छ पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से प्यूरीफायर लगवाया गया है। हेडमोहर्रिर योगेंद्र मौर्य स्वयं पैसे से व्यवस्था करेंगे। (संवाद)

# यातायात कर्मियों को वितरित किया ओआरएस व फ्रूटी

**बहराइच।** भीषण गर्मी व उमस के बीच चौक चौराहों पर ड्यूटी निभा रहे यातायात कर्मियां को रविवार को ओआरएस, पेयजल व फ्रूटी आदि का वितरण किया गया। यातायात प्रभारी ने सभी को किट भेंट किया। यातायात प्रभारी अनेन्द्र यादव ने बताया कि एसपी वृंदा शुक्ला की ओर से चिलचिलाती धूप में ड्यूटीरत कर रहे कर्मियां के लिए पेय पदार्थ वितरण का निर्देश मिला था। जिस पर विभिन्न चौराहों पर ड्यूटी कर रहे यातायत कर्मियों को ठंडा पानी, फ्रूटी, ओआरएस आदि वितरित किया गया। साथ ही सभी कर्मियों को गर्मी व लू से बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीने, सिर व शरीर ढकने आदि के लिए जागरुक किया गया। (संवाद)

# मतगणना के लिए सभी सात विधानसभाओं में तैनात हुए प्रेक्षक

बहराइच। लोकसभा चुनाव में जिले की सुरक्षित व कैसरगंज आंशिक लोकसभा के विधानसभाओं में प्रेक्षकों की नियक्ति कर दी गई है। रविवार को भारत निर्वाचन आयोग नामित किए सभी प्रेक्षकों के मोबाइल नंबरों को जारी किया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षकों के नामों व उनके मोबाइल नंबर की सूची जारी करते हुए बहराइच सुरक्षित सीट के अंतर्गत आने वाली विधानसभा मटेरा व सदर में आईएएस अधिकारी अनिलराज राय को प्रेक्षक नामित किया है। इनका मोबाइल नंबर 9336643866 है। वहीं बलहा व नानपारा विधानसभा के लिए आईएएस अधिकारी अमरनदीप बंसल को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नंबर 9118348171 है। महसी विधानसभा और कैसरगंज आशिक लोकसभा के पयागपुर विधानसभा व कैसरगंज विधानसभा में एससीएस अधिकारी रूपश्री को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नंबर 9125336561 है। (संवाद)

# दबंगों ने पिता-पुत्री को पीटा, मुकदमा दर्ज

**विशेश्वरगंज(बहराइच)।** थानाक्षेत्र के झौव्वनपुरवा निवासी लोकनाथ( 50 ) ने आरोप लगाते हुए बताया कि रविवार की सुबह उसकी बेटी मोनी घर के बाहर झाडू लगाकर कूड़ा इकट्ठा कर रही थी। इसी दौरान तीन पड़ोसियों ने उसकी पुत्री व उसको जमीन पर कूड़ा लगाने की बोलते हुए ईंटा व लाठी-डंडो से मारपीट कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटें आई है। घायल की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। (संवाद)

# एक वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच।** कैसरगंज पुलिस ने गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे गोड़हिया नंबर एक निवासी तिलकराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# दो दंपती साथ रहने को हुए राजी

**बहराइच।** परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को दो दंपतियों के बीच चल रहे विवाद में केंद्र सदस्यों ने समझौता करा दिया। समझौता होने के बाद दंपती हंसी खुशी एक साथ रहने की रजामंदी जताते हुए अपने घर चले गए। केंद्र सदस्यों में प्रभारी उपनिरीक्षक रमाशंकर, प्रियंका, मुख्य आरक्षी ओमप्रकाश, काउंसलर फहीम, डीपी, सर्वजीत, अनुराधा, रंजना आदि शामिल रहें। (संवाद)

# युवक के साथ की मारपीट

**बहराइच।** नानपारा कोतावाली पुरानी बाजार निवासी अच्छे ( 25 ) बहराइच किसी काम के लिए आए थे। झींगाघाट के पास पानी पीने के विवाद में स्थानीय लोगों से विवाद होने पर उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-06-2024

# इंतजार खत्म, कल होगी मतगणना

सत्ता संग्राम



कलेक्ट्रेट स्थित मतगणना स्थल का जायजा लेते अधिकारी।

श्रावस्ती। श्रावस्ती लोकसभा सीट पर चुनाव सम्पन्न होने के नौ दिन बाद चार जून को मतगणना होगी। मतगणना के दिन लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। जिसे लेकर प्रत्याशियों की धडंकने बढ़ने लगी है। वहीं लोगों में भी परिणाम को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है।

श्रावस्ती लोकसभा सीट पर छठवें चरण में श्रावस्ती में 25 मई को लोकसभा मतदान सम्पन्न हुआ और चार जून को मतगणना होगी। मतगणना को लेकर जहां प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है वहीं परिणाम को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ रही हैं। कलेक्ट्रेट स्थित तथागत सभागार में मतगणना स्थल बनाया गया है। जिले की दो विधानसभाओं में मतगणना के लिए प्रत्येक में 14-14 टेबल होगी। साथ ही 289 भिनगा विधानसभा की मतगणना 29 व 290 श्रावस्ती विधानसभा की मतगणना 32 चक्रों में सम्पन्न कराई जाएगी। मतगणनास्थल पर सुरक्षा के साथ ही अन्य सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया है। चुनाव परिणाम को लेकर अब महज एक दिन का इंतजार और रहा गया है।

# घायल को लखनऊ रेफर किया गया

श्रावस्ती। सिरसिया थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी दुर्गा प्रसाद मिश्रा पुत्र बंशीधर मिश्रा शनिवार दोपहर में बाइक से भिनगा से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान भिनगा जंगल में तेन्दुवा रावतारा वन चौकी के पास चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दुर्गा प्रसाद घायल हो गया था। जिसे जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया था। परिजनों ने बताया कि हाथ, पैर समेत शरीर की कई हड्डियों में फैक्चर आया है। अभी भी हालत गंभीर बनी हुई है जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है।

# दुकान के नौकर ने किशोरी पर खौलता हुआ पानी डाला

जमुनहा। बिरयानी की दुकान के बगल खड़ी एक मंदबुद्धि किशोरी पर दुकान के नौकर ने खौलता हुआ पानी डाल दिया। इससे किशोरी का पैर झुलस गया। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के जमुनहा बाजार स्थित कम्पोजिट विद्यालय के मुख्य गेट के पास एक व्यक्ति की बिरयानी की दुकान है। रविवार सुबह जमुनहा बाजार निवासी राधा गुप्ता (16) पुत्री जीवन लाल जो कि मंद बुद्धि की है वह विद्यालय परिसर में खेल रही थी। इस दौरान वह आकर दुकान के पास खड़ी हो गई। इस पर बिरयानी दुकान पर काम करने वाले एक युवक किशोरी को भगाने लगा। लेकिन वह वहां से नहीं गई। इस पर नौकर ने चावल का खौलता हुआ पानी एक मग्गे में भरकर किशोरी पर फेंक दिया। इससे किशोरी पैर में गंभीररूप से झुसल गई। रोती हुई किशोरी घर पहुंची और परिजनों को मामले की जानकरी दी। इस पर पिता जीवन लाल ने पुलिस चौकी जमुनहा पहुंचकर तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस चौकी प्रभारी राम सजीवन निषाद ने बताया मामला संज्ञान में आया है टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई की जा रही है।

# सुविधाओं से लैस हुआ पुलिस भोजनालय

**शुभारंभ**

श्रावस्ती। संवाददाता। पुलिस लाइन में बने भोजनालय का सौन्दर्यीकरण कराकर सभी जरूरी सुविधाओं से लैस कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर रविवार को भोजनालय का शुभारम्भ किया। अब यहां पौष्टिक भोजन के साथ ठंडा पानी व मनोरंजन के लिए एलईडी की सुविधा मिलेगी।



फीता काटकर भोजनालय का शुभारम्भ करते एसपी।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की ओर से पुलिस कर्मियों के वेलफेयर के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुलिस लाइन में बने भोजनालय का सौन्दर्यीकरण कराया गया है। जिसमें पुलिस लाइन में निवास करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य कर्मचारीगणों को पौष्टिक भोजन मिलता है। मेस भवन में मनोरंजन के साधन एलईडी टीवी के साथ ही ठण्डा पेय जल के लिए वाटर कूलर, फ्रीज व ताजी हवा के लिए कूलर, पंखे आदि की व्यवस्था की गयी है। भोजनालय में लगभग 70 पुलिस कर्मी एक साथ बैठ कर भोजन कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन पुलिस कर्मियों को निर्धारित मीनू चार्ट के अनुसार पौष्टिक तथा समय पर भोजन प्रदान करने व भोजनालय में बेहतर साफ सफाई रखने के लिए मेस मैनेजर को निर्देश दिया।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने यातायात कार्यालय को चेक किया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने पुलिस लाइन स्थित यातायात कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था से संबंधित उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया तथा उनके रखरखाव के लिए जरूरी निर्देश दिया। ट्रैफिक कमांड सेंटर में पहुंचकर चिल्हरिया मोड़, मल्हीपुर चौराहा, लक्ष्मननगर तिराहा, तिलकपुर मोड़, जगतजीत इण्टर कॉलेज तिराहा, दुबे दुनक्का तिराहा आदि सीसीटीवी कैमरे की लाइव स्ट्रीमिंग देखा।

# नियम उल्लंघन पर वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात अभियान के तहत एसपी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न स्थानों पर स्थित बैरियर व चेक पोस्ट पर चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजात, तीन सवारी, हेलमेट आदि की जांच की गई। इस दौरान 10 वाहनों चालान कर 14 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# महिलाओं को दी गई कानून की जानकारी

श्रावस्ती : शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी अर्जिता यादव, पूजा व सुषमा सिंह ने सिरसिया क्षेत्र के कटुकईया गांव, सिरसिया बाजार व विभूतिनाथ मंदिर में पहुंच कर मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन-1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून की जानकारी देकर सुरक्षा के टिप्स दिए। (वि.)

# एसपी ने यातायात कार्यालय का किया निरीक्षण

श्रावस्ती : एसपी घनश्याम चौरसिया ने पुलिस लाइन स्थित यातायात कार्यालय का निरीक्षण किया। उपकरणों का भौतिक सत्यापन कर उनके रखरखाव के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। ट्रैफिक कमांड सेंटर से चिल्हरिया मोड़, मल्हीपुर, लक्ष्मननगर, तिलकपुर मोड़, जगतजीत इंटर कालेज तिराहा, दुबे दुनक्का तिराहा पर लगे सीसी कैमरों की लाइव देखी। (वि.)

# हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



सोनबरसा में महिलाओं को जागरूक करती पुलिसकर्मी। स्रोत-पुलिस

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए रविवार महिला पुलिसकर्मियों ने सोनबरसा व दिकौली सहित कई अन्य स्थानों पर चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस ने महिलाओं व युवतियों को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। थानों में गठित टीम व शक्ति मोबाइल की ओर से आयोजित चौपाल में महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में बताया। महिला आरक्षी अर्जिता यादव ने बालिकाओं व ग्रामीण महिलाओं व बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून व नियमों के संबंध में जागरूक किया। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से शनिवार रात अलग-अलग स्थानों से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी के विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की गई। वहीं रविवार को पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाकर 10 वाहनों का चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 14500 रुपये शमन भी वसूला। (संवाद)

# भोजनालय का हुआ सौंदर्यीकरण

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन में बने भोजनालय को आधुनिक सुविधाओं से संपन्न कराया गया है। साथ ही उसका सौंदर्यीकरण भी कराया गया। यहां पौष्टिक भोजन के साथ ही मेस भवन में मनोरंजन के साधन एलईडी टीवी, वाटर कूलर, फ्रीज व ताजी हवा के लिए कूलर व पंखे आदि की व्यवस्था की गई है। यहां भोजनालय में 70 पुलिसकर्मी एक साथ बैठकर भोजन कर सकते हैं। रविवार को एसपी घनश्याम चौरसिया ने इसका लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्धारित मेन्यू चार्ट के अनुसार पौष्टिक और समय पर भोजन प्रदान करने व भोजनालय में बेहतर सफाई रखने के लिए मेस मैनेजर को निर्देश दिए। (संवाद)